आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 158 | उज्जैन, मंगलवार 23 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 9 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

# एशियन रिले चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम ने गोल्ड जीता

## 100 मीटर रिले में चीन को हराया, चैंपियनशिप में भारत ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज सहित कुल 3 मेडल अपने नाम किए

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारतीय महिला 4x100 मीटर रिले टीम ने एशियन रिले चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीत लिया। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने चीन को हराते हुए 43.85 सेकंड का सीजन-बेस्ट टाइम निकाला। इस चैंपियनशिप में भारत ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज सहित कुल 3 मेडल अपने नाम किए हैं।

टीम में श्रावणी नंदा, एसएस स्नेहा, सुदेष्णा शिवंकर और तमन्ना शामिल थीं। इस चौकड़ी ने रेस के दौरान सटीक बैटन एक्सचेंज और बेहतरीन फिनिशिंग स्पीड का प्रदर्शन किया।

भारत ने 43.85 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। इस रेस में चीन की टीम 44.09 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही और उसने सिल्वर मेडल जीता। वहीं थाईलैंड ने 44.11 सेकंड का समय निकालकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। रिलायंस फाउंडेशन के कोच मार्टिन ओवेन्स के मार्गदर्शन में टीम ने इस रेस प्लान को सफलता के साथ पूरा किया।



### तमन्ना और स्नेहा ने जीते दो-दो मेडल

इस चैंपियनशिप में भारत के लिए तमन्ना और स्नेहा शानुवल्ली का व्यक्तिगत प्रदर्शन बेहतरीन रहा, जिन्होंने दो-दो मेडल के साथ अपने अभियान को समाप्त किया। महिला 4X100 मीटर में गोल्ड जीतने से पहले, इन दोनों एथलीटों ने मिक्स्ड 4X100 मीटर रिले में भी देश को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। मिक्स्ड टीम में इनके साथ अनिमेष कुजूर और प्रणव गुरव शामिल थे, जिन्होंने 41.27 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस इवेंट में थाईलैंड (41.14 सेकंड) पहले और चीन (41.29 सेकंड) दूसरे स्थान पर रहा।

### मिक्स्ड 4X400 मीटर में भारत को मिला सिल्वर

भारत को टूर्नामेंट का तीसरा पदक मिक्स्ड 4X400 मीटर रिले इवेंट में मिला। इस टीम में थीर्थेश पी शेट्टी, एमआर पूवम्मा, भारत श्रीधर और नीरू पाठक शामिल थे। भारतीय चौकड़ी ने 3:17.06 सेकंड के समय के साथ रेस पूरी की और सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। इस स्पर्धा का गोल्ड मेडल वियतनाम की टीम ने जीता।

### 4X400 मीटर रिले में भारतीय टीमों को मिली निराशा

स्प्रिंट इवेंट्स में सफलता के बाद भारत को 4X400 मीटर रिले इवेंट में पदक से चूकना पड़ा। महिलाओं की 4X400 मीटर रिले में एमआर पूवम्मा, रशदीप कौर, अनसा बाबू और सलोनी नागर की टीम 3:34.88 सेकंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रही।

---

कोचिंग सेंटर में लगी भीषण आग से मची अफरातफरी

# 14 बच्चों की दर्दनाक मौत

**एजेंसी ▸▸ लखनऊ**

लखनऊ में कोचिंग सेंटर में भीषण आग लग गई। कई बच्चे बचने के लिए बिल्डिंग से कूदे तो घायल हो गए। आग पर काबू पा लिया गया है। राहत व बचाव कार्य जारी है। घटना में 14 बच्चों की मौत हो गई।

राजधानी लखनऊ में सोमवार को अलीगंज क्षेत्र के पुरनिया में एक कोचिंग सेंटर में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद बिल्डिंग में धुआं भर गया। इससे अंदर मौजूद छात्रों में भगदड़ मच गई। कई छात्रों ने जान बचाने के लिए ऊंचाई से छलांग लगा दी जिस कारण वह घायल हो गए। वहीं, 14 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई । मौके पर डीजीपी राजीव कृष्ण और प्रमुख सचिव संजय प्रसाद भी पहुंच गए हैं। लखनऊ के जिलाधिकारी और प्रशासनिक टीम के साथ पुलिस बल मौजूद है। राहत बचाव कार्य लगातार जारी है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौके पर पहुंचे हैं। बगल के घर की छत से कोचिंग की दीवार काटकर रेस्क्यू का प्रयास किया गया। अभी तक 10 लोगों को रेस्क्यू कर ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। घटनास्थल पर मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भावुक हो गए और उन्होंने कहा कि मैंने अपनी आंखों से 14 शव देखे हैं।




### सीएम योगी दौरा रद्द कर लखनऊ लौटे

लखनऊ अग्निकांड की सूचना मिलने पर अपना अलीगढ़ दौरा बीच में ही रद्द कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही तत्काल मुख्यमंत्री राजधानी लखनऊ के लिए प्रस्थान कर गए साथ ही डीजीपी व एसीएस (गृह) को मौके पर जाने के दिये निर्देश।

---

## सड़क दुर्घटना में 6 मजदूरों की मौत

**एजेंसी ▸▸ छिंदवाड़ा**

छिंदवाड़ा-बैतूल नेशनल हाईवे पर एक पिकअप वाहन की सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार मजदूर दूर जा गिरे। हादसा सोमवार सुबह करीब 10 बजे टेमनी खुर्द के पास हुआ। मृतकों में 4 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। जिला अस्पताल में अब तक 20 घायल लाए जा चुके हैं। इनमें एक गंभीर रूप से घायल है, जिसे मेडिकल कॉलेज, नागपुर रेफर किया जाएगा। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी अस्पताल में मौजूद हैं। 20 से 25 डॉक्टर घायलों के उपचार में जुटे हैं। सर्जिकल आईसीयू में 3 मरीज भर्ती हैं।

## इंदौर, भोपाल, उज्जैन में बारिश छतरपुर में 2 बहनों पर गिरी बिजली

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश में प्री-मानसून की एक्टिविटी जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, 22 जून को मानसून महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड और बिहार के कुछ इलाकों तक पहुंच गया है। अगले 48 घंटों में मानसून मुंबई समेत इन राज्यों के और अधिक हिस्सों में फैल सकता है।

वहीं सोमवार को भोपाल, धार, रायसेन और उज्जैन में तेज बारिश हुई। अगले कुछ घंटे के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्से में बारिश होने का अनुमान है। साथ ही कई जिलों में 26 जून तक हीटवेव (लू), गर्मी और आंधी-बारिश वाला मौसम रहेगा।

वहीं, छतरपुर के बड़ामलहरा के महाराजगंज में बिजली गिरने से आरती अहिरवार (12) की मौत हो गई, जबकि चचेरी बहन झुलस गई। जिला अस्पताल में भर्ती है। बारिश से बचने के लिए दोनों बहनें खेत के पास स्थित एक आम के पेड़ के नीचे जाकर खड़ी हो गईं। इस दौरान बिजली गिर गई। मौसम विभाग ने धार के मांडू, देवास, इंदौर, सीहोर, शाजापुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, जबलपुर में 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने और बारिश होने का अलर्ट जारी किया है।



---

कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी

## किसानों को भी आंदोलन में शामिल होने की अपील

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

नीट पेपर लीक के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी का जंतर-मंतर पर प्रदर्शन सोमवार को तीसरे दिन भी जारी है। प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके और उनके समर्थक कर रहे हैं।

सीजेपी ने नीट पेपर लीक में सुसाइड करने वाले छात्रों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रदर्शनकारियों से जंतर-मंतर पर मोमबत्तियां लेकर आने की अपील की। उन्होंने वीडियो जारी करते हुए कहा कि हजारों लोग जंतर-मंतर पर आ रहे हैं और यह प्रदर्शन धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है। पुलिस से डरने की कोई जरूरत नहीं है, वे हमारे साथ हैं। इससे पहले दीपके ने रविवार को कहा था कि जब किसान अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे थे, तब छात्रों ने उनका साथ दिया था। अब छात्रों को किसानों की जरूरत है। उन्होंने देशभर के किसानों से जंतर-मंतर पहुंचकर आंदोलन में शामिल होने की अपील की।




## नीतीश पलटी मारने वाले हैं ?

**एजेंसी ▸▸ पटना**

आरजेडी नेता एजिया यादव ने एक्स पर लिखा कि बिहार में मौसम का हाल बाद में पता चलता है लेकिन नीतीश जी का मन डोलने की चर्चा पहले ही शुरू हो जाती है। भरत तिवारी एनकाउंटर पर बीजेपी एमएलसी पवन सिंह की अब प्रतिक्रिया भी सामने आ गई है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर यह जानकारी दी कि वह पीड़ित परिवार से मिलने जाएंगे। उन्होंने कहा कि भरत भूषण तिवारी का सामाजिक योगदान सदैव यादगार रहेगा।

---

प्रदेश सरकार की ट्री ट्रांसलोकेशन पॉलिसी

## एक पेड़ काटने पर लगाने होंगे 20 नए पौधे

### हर प्रोजेक्ट में 80% पेड़ शिफ्ट करना अनिवार्य

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और बुनियादी ढांचे के विकास के बीच संतुलन बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने मंगलवार को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच के समक्ष 'ट्री ट्रांसलोकेशन पॉलिसी-2026' का ड्राफ्ट पेश किया। इस नीति का मुख्य उद्देश्य विकास परियोजनाओं (जैसे रोड, मेट्रो, फ्लाईओवर) के नाम पर होने वाली अंधाधुंध पेड़ों की कटाई को रोकना और वयस्क पेड़ों को वैज्ञानिक तरीके से सुरक्षित दूसरी जगह शिफ्ट करने को प्राथमिकता देना है।



### '20-फॉर-1' का कड़ा और नया नियम

इस प्रस्तावित नीति की सबसे बड़ी खासियत इसका '20-फॉर-1' वृक्षारोपण फॉर्मूला है। अगर किसी बेहद अपरिहार्य स्थिति में एक पेड़ को काटना पड़ता है, तो संबंधित निर्माण एजेंसी को उसके बदले 20 नए पौधे लगाने होंगे। नियमों के मुताबिक, इनमें से 10 पौधे सीधे तौर पर कटे हुए पेड़ के मुआवजे के रूप में होंगे, जबकि शेष 10 पौधे इसलिए लगाए जाएंगे ताकि ट्रांसप्लांटेशन के दौरान जिन वयस्क पेड़ों की जान नहीं बच पाती, उनके नुकसान की भरपाई की जा सके।

---

## राम मंदिर में चढ़ावा गिनने वाले 40 कर्मचारियों को हटाया

**एजेंसी ▸▸ अयोध्या**

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा गिनने वाले 40 कर्मचारियों को सोमवार को हटा दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, उनकी जगह दूसरे कर्मचारियों को ड्यूटी में लगाया गया है। हटाए गए कर्मचारियों को दूसरी जगह ड्यूटी पर लगाया गया है। इसके अलावा, गणनास्थल पर 3 सीसीटीवी बढ़ाए गए हैं। अब सीसीटीवी की संख्या 4 हो गई है। इधर, धर्म सेना के अध्यक्ष संतोष दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा है। उन्होंने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग करने की मांग की है।

## लॉ का छात्र कर रहा था नीट पेपर बेचने का दावा, इंदौर में पकड़ाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

नीट की री परीक्षा में सख्ती के बावजूद इंदौर में ठगों ने छात्रों के साथ फर्जीवाड़ा किया। एक लॉ स्टूडेंट ने छात्रों को पेपर दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी की। इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी लॉ का छात्र है। वह नीट छात्रों को निशाना बनाकर उनसे पैसे ऐंठ रहा था। पुलिस ने शनिवार की रात उसे हिरासत में लिया है। वहीं, इंदौर पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी अक्षय मालवीय लसूड़िया थाना क्षेत्र के आंगन शक्करखेड़ी का रहने वाला है। वह इंदौर के एक लॉ कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र है। उसके खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

---

# उद्धव के 6 सांसद शिंदे की शिवसेना में शामिल

## हमारी लड़ाई बालासाहेब के विचारों को बचाने के लिए, उद्धव गुट में 4 साल में दूसरी टूट

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना के 9 में से 6 सांसद सोमवार को एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हुए। बागी सांसदों ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ उनके नंदनवन बंगले पर बैठक की। इसके बाद बागी सांसदों ने शिंदे के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पार्टी बदलने का ऐलान किया। इस दौरान शिंदे ने कहा- जब हमने विद्रोह किया था, तब 40 विधायक थे और अब चौके नहीं, छक्के लग चुके हैं। 2022 में शिवसेना ने पार्टी और धनुष-बाण बचाने के लिए विद्रोह किया था। अब दूसरा चरण शुरू हो गया है। हमारी लड़ाई बालासाहेब के विचारों को बचाने के लिए है, इसीलिए आज इन 6 सांसदों ने बालासाहेब की असली शिवसेना में शामिल होने का फैसला किया है।

6 सांसदों के शामिल होने के बाद लोकसभा में शिंदे गुट के सांसदों की संख्या 7 से बढ़कर 13 हो गई है। वहीं उद्धव गुट में 9 में से सिर्फ 3 सांसद बचे हैं। 2022 के बाद शिवसेना में दूसरी बार टूट हुई।



### आदित्य ठाकरे बोले- पार्टी बदलने वाले सांसद बिकाऊ

सांसदों के दल-बदल पर उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे ने पर लिखा- पार्टी छोड़ने वाले सांसदों ने साबित कर दिया है कि उनकी वफादारी बिकाऊ है। कम से कम यह मान लीजिए कि लालच की वजह से आपने रातोंरात बिना किसी शर्म के यह सब छोड़ दिया।

---

## देश विदेश

### किसान क्रेडिट कार्ड पर 2 लाख तक बिना गारंटी मिलेगा कर्ज

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए किसानों को बड़ी राहत देने का फैसला किया है। नए दिशा-निर्देशों के तहत अब किसानों को कृषि और उससे जुड़े कार्यों के लिए कर्ज लेने में पहले की तुलना में अधिक सुविधा मिलेगी। रिजर्व बैंक द्वारा जारी नए नियम 1 जनवरी 2027 से लागू होंगे और देशभर के वाणिज्यिक बैंकों, स्मॉल फाइनेंस बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा ग्रामीण सहकारी बैंकों पर समान रूप से लागू होंगे। नए नियमों के तहत सबसे बड़ा बदलाव किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से मिलने वाले बिना गारंटी वाले ऋण को लेकर किया गया है। अब बैंक खेती और उससे संबंधित गतिविधियों के लिए दो लाख रुपये तक के ऋण पर किसी प्रकार की अतिरिक्त गारंटी या संपत्ति गिरवी रखने की मांग नहीं कर सकेंगे।

### यूएई, भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीद सकता है

**नई दिल्ली।** भारत और यूएई के बीच रक्षा क्षेत्र में नई बातचीत शुरू हुई है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यूएई भारत की ब्रह्मोस मिसाइल और आकाशतीर एयर डिफेंस सिस्टम खरीद सकता है। इस संबंध में दोनों देशों के बीच शुरूआती चर्चा चल रही है। ब्रह्मोस दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में शामिल है। इसे भारत और रूस ने मिलकर तैयार किया है। यह मिसाइल जमीन, समुद्र और फाइटर जेट से दागी जा सकती है। हालांकि यह भारत-रूस का जॉइंट प्रोजेक्ट है, इसलिए इसके निर्यात के लिए रूस की मंजूरी जरूरी होती है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में किसी बड़ी रुकावट की संभावना नहीं है। हाल के महीनों में ईरान-इजराइल जंग और मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण सुरक्षा की चुनौतियां बढ़ी हैं।

### ब्रिटिश पीएम स्टार्मर का इस्तीफा 100 से ज्यादा सांसद विरोध में थे

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को प्रधानमंत्री और लेबर पार्टी के नेता पद से इस्तीफा दे दिया है। 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लेबर पार्टी को नहीं लगता कि मैं अगले चुनाव में नेतृत्व करने के लिए सही व्यक्ति हूं। स्टार्मर का इस्तीफा ऐसे समय आया है जब लेबर पार्टी के भीतर उनके नेतृत्व को लेकर लंबे समय से असंतोष बढ़ रहा था। लेबर पार्टी के 400 सांसदों में से 100 से ज्यादा सांसदों ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। सांसदों का कहना था कि या तो स्टार्मर तुरंत प्रधानमंत्री का पद छोड़ें, या फिर यह तारीख तय करें कि वे किस दिन इस्तीफा देंगे। इनके अलावा स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग, रक्षा मंत्री जॉन हीली और एक अन्य मंत्री जेस फिलिप्स ने स्टार्मर के इस्तीफे की मांग को लेकर पद छोड़ दिया था।

### पुष्पा-2 भगदड़ मामले में अल्लू अर्जुन पर सुनवाई स्थगित



**हैदराबाद।** हैदराबाद के संध्या थिएटर हादसे के मामले में नामपल्ली कोर्ट ने एक्टर अल्लू अर्जुन पर सुनवाई स्थगित कर दी गई। एक्टर सोमवार को कोर्ट में वर्चुअली पेश हुए। हालांकि कोर्ट ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए समन जारी किया था। लेकिन अल्लू अर्जुन की लीगल टीम ने मुंबई में फिल्म की शूटिंग चलने के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ने की अनुमति मांगी थी। पुलिस ने इस मामले की चार्जशीट में अल्लू अर्जुन को आरोपी नंबर 11 बनाया है। दिसंबर 2024 में 'पुष्पा 2' के प्रीमियर के दौरान हुई भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी। कोर्ट ने भीड़ प्रबंधन में लापरवाही और सुरक्षा फेल होने के इस मामले की सुनवाई के लिए अभिनेता समेत अन्य आरोपियों को 22 जून को खुद हाजिर होने का आदेश दिया था। चार्जशीट में आरोपी नंबर 11 बने अल्लू अर्जुन पुलिस ने इस हादसे को लेकर कोर्ट में एक विस्तृत चार्जशीट दाखिल की है।

### बंगाल में बीजेपी के पहले बजट में 1 लाख नौकरियां

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की बीजेपी सरकार ने सोमवार को अपना पहला बजट पेश किया। वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती का ऐलान किया। इनमें 20 हजार पुलिस और 50 हजार शिक्षक और गैर-शिक्षकीय पद शामिल हैं। इनमें 33% नौकरियां महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। अग्निवीरों को 10% आरक्षण मिलेगा। सरकार ने कहा कि 1 अक्टूबर से सरकारी कर्मचारियों का डीए 18% से बढ़ाकर 38% किया जाएगा। महिलाओं के अन्नपूर्णा योजना पर 36 हजार करोड़ खर्च किए जाएंगे। सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण और मदरसा विभाग के लिए फंड 5,713 करोड़ से घटाकर 2,165.42 करोड़ कर दिया है। सरकार ने कहा कि उसे पिछली टीएमसी सरकार से 8.15 लाख करोड़ का कर्ज मिला है।

### 'डीके-डीके' के नारे लगे तो मल्लिकार्जुन खड़गे भड़के

**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रविवार को बेंगलुरु में एक कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं पर नाराज हो गए। कार्यक्रम के दौरान कुछ कार्यकर्ता कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थन में 'डीके-डीके' के नारे लगाने लगे। इसके बाद खड़गे ने मंच से ही उन्हें फटकार लगा दी। खड़गे ने कहा- चुप बैठिए। यह मत समझिए कि पूरा देश आपके हाथ में आ गया है। यह किसी एक व्यक्ति का नहीं, कांग्रेस का कार्यक्रम है। यहां किसी नेता की पूजा नहीं होती। हम पार्टी को मजबूत करने के लिए इकट्ठा हुए हैं। तुम लोग बेकार हो। यह घटना कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष बीके हरिप्रसाद के पदभार ग्रहण समारोह में हुई। नारेबाजी के दौरान डीके शिवकुमार भी समर्थकों को शांत कराने की कोशिश करते नजर आए। उन्होंने खड़े होकर कार्यकर्ताओं से बैठने का इशारा किया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## जिम्मेदार सकारात्मक पहल

हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की एक परीक्षा के दौरान मंदिर की और से बहुत ही बेहतर सामाजिक जिम्मेदार का निर्वहन किया गया है। एक बेहतर माहौल में भविष्य के उन लोगों को सकारात्मकता के लिए प्रेरित किया गया है जो कहीं न कहीं पूरी व्यवस्था को लेकर सवाल उठाने लगे थे या नकारात्मकता की स्थिति में उनका मन होने लगा था। भगवान के घर से आए अन्न को प्रसाद के रूप में ही देखा जाता है और इन सब अधिकांश बच्चों ने इस प्रसाद का सेवन किया। खास यह रहा कि केंद्रों पर लगाए काउंटर ऐसे स्थानों पर तय किए गए थे जहां से सभी को दिखाई दे रहे थे और नियमों का पालन भी हो रहा था। बच्चों में प्रसाद रूपी अन्न एवं जल के ग्रहण करने से सकारात्मकता की स्थिति भी गहरी देखी गई है। जांच के नाम पर होने वाले टकराव की स्थिति भी किसी केंद्र से सामने नहीं आई है और न ही कोई अन्य घटनाक्रम ही 8 में से किसी भी केंद्र पर सामने आया है। खास यह देखा गया कि इन काउंटरों पर सकारात्मकता की स्थिति रही है। परीक्षा देने वालों में सभी धर्म के बच्चे शामिल रहे और सभी ने ही वहां अन्न क्षेत्र से आया प्रसाद रूपी अन्न एवं जल पूरी सकारात्मक स्थिति में ही ग्रहण किया। न तो किसी केंद्र पर उसे अलग नजरिये से देखा गया और न हीं कोई नकारात्मक चर्चा ही हुई। न ही ऐसी कोई चर्चा सुनने मे ही आई, जबकि मध्याह्न भोजन के मामले में पूर्व में इसके कड़वे अनुभव जिले में रहे हैं। मंदिर की और से सामाजिक जिम्मेदारी एवं सकारात्मकता के लिए पहल करने का यह क्रम बहुत ही बेहतर ही नहीं समाज में एक संगठनात्मकता को जन्म देने की पहल है। इस पहल को सीधे तौर पर जारी रखा जाना चाहिए। खुसूर-फुसूर है कि जैसा खाए अन्न वैसा हो मन। वर्तमान समय में जब बच्चे आगे बढ़ने और भविष्य बनाने के मामले में अपना जीवन तक दांव पर लगा रहे है ऐसे बच्चों को सकारात्मकता की और ले जाकर ही आप उन्हें सही मार्गदर्शन कर सकते हैं। उनकी तर्क क्षमता एआई के युग जैसी है और आप बीती बात जैसे ऐसे में पालकों की क्षमता से बच्चे कहीं आगे हैं। बच्चों को लगातार सकारात्मक रखना सभी की जिम्मेदारी है ऐसे में धर्मस्थलों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है।

## न्यूज कॉलम

### महापौर ने नगर निगम कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण



**उज्जैन।** महापौर मुकेश टटवाल ने सोमवार को नगर निगम कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं उनके निराकरण की व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वर्तमान में वर्षा ऋतु प्रारंभ हो चुकी है, इसलिए कंट्रोल रूम पर प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर टटवाल ने कंट्रोल रूम में कार्यरत कर्मचारियों से चर्चा कर उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। कर्मचारियों ने बताया कि नगर निगम का कंट्रोल रूम सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे संचालित रहता है। शिफ्टवार कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जो प्राप्त शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज कर संबंधित विभागों को तत्काल प्रेषित करते हैं तथा निर्धारित समय-सीमा में उनके निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं।

### सीईओ जिला पंचायत कूमट ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की

**उज्जैन।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट ने सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि शिकायतों के निराकरण में इस बार उज्जैन जिला छठवें स्थान पर है। बैठक में ऊर्जा विभाग, लोक स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अधिक लंबित शिकायतें प्राप्त होने पर इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। अतिक्रमण से संबंधित शिकायतों का निराकरण शीघ्र करने के निर्देश दिए गए। जन आकांक्षा, सुशासन की पहल के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का निराकरण समय सीमा में किया जाए। पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत तराना और खाचरौद में लंबित प्रकरण पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के विरुद्ध संयंत्र स्थापित करने की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग के अंतर्गत महिदपुर में केसीसी बढ़ाने के निर्देश दिए गए।इसके अलावा क्षीर धारा योजना, पशुधन संजीवनी योजना, जिला शिक्षा केंद्र, स्कूल चले हम अभियान की समीक्षा की गई। नए शैक्षणिक सत्र में बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश और सभी जगह निःशुल्क पुस्तक वितरण सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए।

---

सिंहस्थ पूर्व चौ तरफा शहर का स्वास्थ्य सुधारने की तैयारी की कवायद तेज

# अस्पताल में एनक्यूएएस टीम, संयुक्त सचिव ने देखा निगम का 3 आर सेंटर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

### स्वास्थ्य विभाग के कामों को नियमों के तराजू में रखा टीम ने, इधर पर्यावरण सुधार एवं संरक्षण की पहल देखी



सिंहस्थ 2028 से पूर्व शहर का मानव स्वास्थ्य के लिए चिकित्सा व्यवस्था को जांचने के लिए सोमवार सुबह जिला अस्पताल चरक भवन में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणन का 3 सदस्यीय दल पहुंचा है। दल तीन दिनों तक यहां मापदंड के तहत गुणवत्ता को जांचेगा और इसके उपरांत अपनी रिपोर्ट केंद्र को देगा। इधर नगर निगम में शहर के पर्यावरण का स्वास्थ्य सुधार एवं संरक्षण को लेकर 3 आर को जांचने के लिए संयुक्त सचिव का आगमन भी हुआ है। उन्होंने भी पर्याव्रण सुधार के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य एवं केंद्र को देखा है।

**मानक आधार मूल्यांकन होगा–** जिला अस्पताल चरक भवन में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन 2017 के लिए तीन सदस्यीय दल ने डेरा डाला है। तीन दिनों के अपने निरीक्षण में टीम मानक आधारित मूल्यांकन कर अपनी रिपोर्ट से केंद्र को अवगत करवाएगी। उसके उपरांत मुल्यांकन के आधार पर ही प्रमाणन मिल सकेगा। टीम अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर गुणवत्ता मानकों के आधार पर मूल्यांकन करेगी। टीम में डॉ. रूपिंदर कौर (चंडीगढ़, पंजाब), डॉ. सुवर्णा श्रीराम बेंद्रे (औरंगाबाद, महाराष्ट्र) तथा डॉ. विजयचंद्र झा (सीतामणि, बिहार) शामिल हैं। टीम अस्पताल की सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, रिकॉर्ड संधारण, दवा वितरण, वार्डों की स्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करेगी। साथ ही चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेगी। टीम मरीजों एवं उनके परिजनों से भी बातचीत कर अस्पताल की सेवाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त करेगी। टीम के सदस्यों के स्वागत एवं निरीक्षण के दौरान अस्पताल की ओर से सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया, आरएमओ डॉ. चिन्मय चिंचोलीकर, अस्पताल प्रबंधक हिमानी चौहान तथा डॉ. निधि जैन उपस्थित रहीं। निरीक्षण पूर्ण होने के बाद टीम द्वारा अस्पताल को विभिन्न मानकों के आधार पर अंक प्रदान किए जाएंगे। प्राप्त अंकों के अनुसार अस्पताल को गुणवता संबंधी मान्यता एवं प्रोत्साहन राशि (इनाम) प्रदान की जाएगी। टीम आगमन के पूर्व अस्पताल को चमकाया गया है। प्रबंधन व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा रहा। अस्पताल परिसर में सफाई कर्मियों द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

### शॉपिंग मॉल की तर्ज पर विकसित होगा 3आर सेंटर

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर निगम उज्जैन द्वारा वार्ड क्रमांक 51 नानाखेड़ा क्षेत्र में महाकाल वाणिज्य केंद्र कॉसमॉस मॉल के सामने 4आर उद्यान में नव-निर्मित 3आर (रिड्यूस, रीयूज एवं रिसायकल) सेंटर का अवलोकन भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव एवं स्वच्छ भारत मिशन की निदेशक रूपा मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने इसकी कार्यप्रणाली एवं संचालन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की।अधिकारियों ने बताया कि यह 3आर सेंटर नागरिकों द्वारा उपयोग में नहीं लाई जा रही, लेकिन पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं के संग्रहण, पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने का एक प्रभावी मंच है, सेंटर के माध्यम से घरेलू स्तर पर अनुपयोगी पड़ी वस्तुओं को पुनः उपयोग की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा, जिससे कचरे की मात्रा में कमी आएगी, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होगा तथा परिपत्र अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकोनॉमी) को प्रोत्साहन मिलेगा। यह पहल स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्यों को भी मजबूती प्रदान करेगी, साथ ही इस 3आर केंद्र को शॉपिंग मॉल की तर्ज पर विकसित किया जाएगा जिसमें सभी आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध रहेगी। इसमें सहयोग देकर नागरिक सीधे इससे जुड सकते हैं। 3आर सेंटर का संचालन फीडबैक फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा। इस दौरान फीडबैक फाउंडेशन से प्रमोद कुमार पाठक उपस्थित रहे।

### 2017 से लागू हुआ प्रमाणन

भारत सरकार ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) लागू किया है। यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) द्वारा स्थापित एक व्यापक संरचना है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा केन्द्रों पर प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और उसे बढ़ाना है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणन-2017. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस) कार्यक्रम की शुरूआत की गई, ताकि बेहतर प्रदर्शन करने वाली सुविधाओं को पहचानने के साथ-साथ समुदाय के सार्वजनिक अस्पतालों की विश्वसनीयता में सुधार हो सके। इसके तहत 5र (सॉर्ट, सेट, शाइन, स्टैंडर्डाइज और सस्टेन) का उद्देश्य कार्य वातावरण में सुधार के माध्यम से कर्मचारियों के साथ-साथ रोगियों की संतुष्टि सुनिश्चित करना है।

---

भगवान श्री महाकालेश्वर की भस्म आरती के लिए नई व्यवस्था लागू

# प्रोटोकॉल से आने वाले श्रद्धालुओं को एक मोबाइल नंबर से तीन माह में एक बार मिलेगी अनुमति

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

भगवान महाकाल की भस्म आरती की अनुमति के लिए अब श्रद्धालु तीन माह में केवल एक बार अपने मोबाइल नंबर का उपयोग कर सकेंगे। यह व्यवस्था प्रोटोकॉल से आने वाले ऐसे मोबाइल नंबरों पर भी लागू होगी, जिनसे हर माह भस्म आरती की अनुमति ली जा रही है। हालांकि, मंदिर समिति का कहना है कि यह व्यवस्था पहले से लागू है, जिसे अब और प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

करीब दो वर्ष पहले तक श्रद्धालु भस्म आरती की बुकिंग 15 दिन पहले ऑनलाइन करवा सकते थे। इसके लिए मोबाइल नंबर से जुड़ा कोई विशेष नियम नहीं था। वर्ष 2024 में भस्म आरती की अनुमति को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के चलते तत्कालीन कलेक्टर नीरज सिंह ने ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक आधार कार्ड और एक मोबाइल नंबर से तीन माह बाद ही दोबारा अनुमति देने का निर्णय लिया था। यह व्यवस्था कुछ समय तक लागू रही, लेकिन बाद में बंद कर दी गई थी।



### तीन माह बाद ही दोबारा अनुमति मिल सकेगी

अब एक बार फिर भस्म आरती की अनुमति को लेकर मिल रही शिकायतों के चलते मंदिर समिति ने निर्णय लिया है कि एक मोबाइल नंबर का उपयोग तीन माह बाद ही दोबारा किया जा सकेगा। इस व्यवस्था को लागू भी कर दिया गया है। अब जो श्रद्धालु प्रोटोकॉल या अन्य माध्यमों से हर माह भस्म आरती की अनुमति लेकर दर्शन करने आते थे, उन्हें तीन माह बाद ही दोबारा अनुमति मिल सकेगी। महाकाल मंदिर के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि यह व्यवस्था पहले से लागू है। इसे अब और प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है। अब एक ही मोबाइल नंबर का बार-बार उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

---

# महाराजा महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

स्थानीय, महाराजा महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष योग शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बेहद उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शांतिलाल जैन ने जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा को एक सूत्र में पिरोने का विज्ञान है। आधुनिक जीवनशैली और तनाव भरे माहौल में युवाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग बेहद आवश्यक है।

---

# चौड़ीकरण मार्गों पर जलभराव की स्थिति में निगम अमला अलर्ट रहे



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सोमवार को बारिश के दौरान हनुमान नाका से हरिफाटक ब्रिज मार्ग तक चल रहे चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। 400 मीटर लंबाई एवं 18 मीटर चौड़ाई वाले इस मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मार्ग के दोनों ओर नाली निर्माण, विद्युत पोल स्थानांतरण तथा पेयजल पाइपलाइन का कार्य किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने हनुमान नाका चौराहे की मार्किंग एवं शेष नाली निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वषार्काल को देखते हुए सभी जोनल अधिकारियों, उपयंत्रियों एवं सहायक यंत्रियों को अलर्ट मोड में रहने तथा जलभराव, मलबा हटाने एवं नालियों की सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपयंत्री गायत्री प्रसाद देहरिया, आर्किटेक्ट आकाशजी एवं संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

प्रमुख सचिव सेलवेंद्रन के साथ संभागायुक्त सिंह और कलेक्टर सिंह ने की बैठक

# डीपटेक रिचर्स एंड डिस्कवरी सेंटर खुलने की प्रक्रिया हुई तेज

### आईआईटी इंदौर के साथ सेंटर प्रारंभ होगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश को विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए उज्जैन में डीपटेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर खोलने के लिए प्रक्रिया तेज हो गई है। सेंटर को जल्दी प्रारंभ करने के लिए स्थान चिन्हित किया गया है। मध्यप्रदेश विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव एम. सेलवेंद्रन के साथ संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की बैठक हुई । बैठक में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी के साथ ही आईआईटी की टीम के सदस्य भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश को विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रमुख निवेश (लीड इन्वेस्टमेंट) आकर्षित करने के लिए विशेष कार्य योजना के साथ उज्जैन में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए नई कार्य योजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत डीपटेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर आईआईटी इंदौर के साथ मिलकर उज्जैन में खोला जाना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के बाद सोमवार को प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव एम. सेलवेंद्रन, मध्यप्रदेश विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी के साथ आईआईटी की टीम के सदस्यों के साथ उज्जैन पहुंचकर संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के साथ तारामंडल पर सेंटर की स्थापना को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में तय किया गया कि सेंटर को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए स्थान का चयन किया जाए। इस दौरान तारामंडल के प्रभारी डॉ. मनोज राठौर भी मौजूद रहे। बैठक के बाद प्रमुख सचिव सेलवेंद्रन, संभागायुक्त सिंह, कलेक्टर सिंह, परिषद के महानिदेशक डॉ. कोठारी, डॉ.राठौर के साथ ही आईआईटी की टीम ने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का निरीक्षण किया। इंजीनियरिंग कॉलेज में स्थान का चयन करने के बाद सेंटर की स्थापना के साथ सांईस सिटी निर्माण में जो आवश्यक कार्यवाही की जाना है उसके संदर्भ में निर्देश दिए गए। आईआईटी इंदौर के साथ मिलकर जल्दी ही डीपटेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर की स्थापित किया जाएगा।

---

उज्जैन में महाकाल लोक के बाद अब श्रीकाल भैरव लोक बनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ

# कालभैरव लोक के लिए 10 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन की जरूरत, किसानों से चर्चा कर रहे अधिकारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में महाकाल लोक के बाद अब श्रीकाल भैरव लोक बनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। उज्जैन में महाकाल मंदिर के बाद सबसे ज्यादा भक्तों की भीड़ काल भैरव मंदिर में ही होती है। ऐसे में भक्तों को सुगम दर्शन के लिए मंदिर का विस्तार किया जाएगा। उज्जैन के प्रशासनिक अधिकारियों ने आस-पास के किसानों से चर्चा और उन्हें इसके लिए जमीन देने के लिए समझाया।

श्रीकालभैरव लोक बनाने के लिए मंदिर के आस-पास 10 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन की आवश्यक्ता होगी। प्रशासन मंदिर के आस-पास की खेती की जमीन को इसके लिए लेना चाहता है, जिसके लिए किसानों से चर्चा की जा रही है। किसानों को इस पूरी प्रोजेक्ट की जानकारी दी गई है। कुछ किसानों ने प्रशासन को कहा है कि वे जमीन देने के लिए अपने परिवार के अन्य सदस्यों से पूछने के बाद ही निर्णय ले पाएंगे।

**30 से ज्यादा किसानों से प्रशासन ने जमीन के लिए की चर्चा–** प्रशासनिक अधिकारियों ने मंदिर के आस-पास के 30 से अधिक किसानों के साथ बैठक भी की और उन्हें इस प्रोजेक्ट के लिए जमीन देने के लिए समझाने की कोशिश। ऐसे में जमीन अधिग्रहण में समय लग सकता है, जिससे प्रोजेक्ट शुरू होने में देरी होगी।




### सिंहस्थ को लेकर चल रहे हैं विकास कार्य

सिंहस्थ 2028 को लेकर उज्जैन और आस-पास के इलाकों में विकास कार्य चल रहे हैं। सिंहस्थ के दौरान महाकाल मंदिर के साथ काल भैरव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी। इसके लिए प्रशासन अभी से तैयारियों में जुट गया है। श्रीकाल भैरव लोक का निर्माण के लिए 120 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य प्रस्तावित है। इसे बनाने के लिए 9 हेक्टेयर सरकारी जमीन के साथ 10 हेक्टेयर से ज्यादा निजी जमीन की भी जरूरत है।

### श्रीकालभैरव लोक में भक्तों को मिलेगी यह सुविधा

- भक्तों को श्रीकालभैरव के आसानी से दर्शन हो सकें, इसके लिए सुगम रास्ता बनाया जाएगा।
- मंदिर के आस-पास ट्रैफिक को रोकने के लिए पार्किंग व्यवस्था भी की जाएगी।
- श्रीकालभैरव लोक के निर्माण में प्राचीन मंदिर में कोई बदलाव नहीं होगा।
- आम श्रद्धालुओं और वीआईपी दर्शन व्यवस्था के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनेंगे।
- श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी सहित अन्य व्यवस्थाएं भी की जाएंगी।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 23 जून, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर जिले में नीट की परीक्षा सुव्यवस्थित रूप से संपन्न

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने रविवार को नीट (ठएएळ) परीक्षा के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की सुविधा, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री वर्मा ने एसजीएसआईटीएस तथा होलकर साइंस कॉलेज सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा कर परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार भी उपस्थित रहे।

### पर्यटन मंत्रालय एवं माय युवा भारत ने किया आयोजन

**इंदौर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय, इंदौर कार्यालय, माय युवा भारत तथा युवा एवं खेल विभाग इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में पिछड़ा वर्ग विभाग के गर्ल्स हॉस्टल में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक चेनू सिंह चौहान ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन कराए तथा योग के महत्व, स्वास्थ्य लाभ एवं विभिन्न आसनों के प्रभावों की जानकारी दी। सभी प्रतिभागियों को पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार एवं माय युवा भारत की ओर से टी-शर्ट एवं कैप वितरित किए गए। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के सहायक निदेशक ए.गोपाल, माय युवा भारत के डिप्टी डायरेक्टर पंकज गोस्वामी तथा युवा एवं खेल विभाग इंदौर की ब्लॉक समन्वयक लीना श्रीवास विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

### भवनों के निरीक्षण और कार्रवाई तेज करने के दिए गए निर्देश

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा पत्रों (टीएल) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति, लंबित प्रकरणों और शासन की प्राथमिकताओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रिंकेश वैश्य तथा अपर आयुक्त नगर निगम आकाश सिंह, श्री प्रखर सिंह तथा एन.एन. पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शासन की प्राथमिकताओं को केंद्र में रखकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में जिले की रैंकिंग लगातार सुधर रही है और सभी विभागों द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है।

### स्काडा को साइबर सुरक्षा सुविधाओं से किया अपग्रेड



**इंदौर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने अपने इंदौर स्थित सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्विजिशन (स्काडा ) सेंटर में अत्याधुनिक स्काडा प्रणाली का सफलतापूर्वक उन्नयन एवं कमीशनिंग कर दी है। इस उन्नत प्रणाली के माध्यम से प्रदेश के एक्स्ट्रा हाई टेंशन (ई.एच.टी.) ट्रांसमिशन नेटवर्क की रीयल-टाइम निगरानी, डेटा विश्लेषण तथा साइबर सुरक्षा क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। नई स्काडा प्रणाली का विकास केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सी.ई.ए.) द्वारा जारी नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया है। इसमें अत्याधुनिक तकनीकों, आधुनिक सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर तथा उन्नत साइबर सुरक्षा सुविधाओं को शामिल किया गया है। यह प्रणाली प्रदेशभर के ई.एच.टी सब स्टेशनों से प्राप्त परिचालन संबंधी आंकड़ों के रीयल-टाइम संग्रहण, प्रोसेसिंग, भंडारण और विश्लेषण को सक्षम बनाएगी। एमपी ट्रांसको के अधिकारियों के अनुसार, उन्नत स्काडा प्रणाली ट्रांसमिशन नेटवर्क के महत्वपूर्ण मापदंडों की मिनट-दर-मिनट निगरानी सुनिश्चित कर ग्रिड की दृश्यता, परिचालन विश्वसनीयता और निर्णय लेने की क्षमता को और मजबूत करेगी।

### उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**इंदौर।** उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर परिसर में माननीय न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला, प्रशासनिक न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश निरीक्षण, इंदौर श्री राजीव कुमार अयाची द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला, न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर, माननीय न्यायमूर्ति गजेन्द्र सिंह एवं न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रिंसिपल रजिस्ट्रार अनूप कुमार त्रिपाठी, ओ.एस.डी. नीरज मालवीय, एवं उनकी टीम ने सहभागिता की।

### योग दिवस पर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

**इंदौर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न ग्रामों में ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर सहभागिता निभाई। इस दौरान समूह की सदस्यों ने सामूहिक रूप से योग कर स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन का संदेश दिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया तथा योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। समूह की सदस्यों ने ग्रामीणों को भी योग के महत्व से अवगत कराया और सभी से स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के लिए योग अपनाने की अपील की। इस अवसर पर ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उपस्थित रहकर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।

---

4500 अतिरिक्त जवानों के साथ ड्रोन व 700 सीसीटीवी कैमरों की मांग

## सिंहस्थ में भीड़ नियंत्रण के लिए आरपीएफ का मेगा सुरक्षा प्लान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन सिंहस्थ 2028 में 30 करोड़ श्रद्धालुओं की भीड़ को संभालने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने मेगा प्लान तैयार कर लिया है। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए 4500 अतिरिक्त जवान, डॉग स्क्वॉड, ड्रोन और 700 हाईटेक सीसीटीवी कैमरों की मांग का प्रस्ताव भेजा गया है। उज्जैन रेलवे स्टेशन से लेकर सभी फ्लैग स्टेशनों तक चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जाएगी।



आरपीएफ थाना प्रभारी नरेंद्र यादव के मुताबिक, सिंहस्थ के दौरान उज्जैन मुख्य रेलवे स्टेशन पर दो डॉग स्क्वॉड तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा नईखेड़ी, पिंगलेश्वर, मोहनपुरा, पंवासा, चिंतामन और विक्रमनगर में बन रहे फ्लैग स्टेशनों पर एक-एक डॉग स्क्वॉड की तैनाती रहेगी। बताया जा रहा है कि प्रत्येक स्टेशन पर एक-एक ड्रोन भी तैनात किया जाएगा, जो आसमान से पूरे क्षेत्र की निगरानी करेगा।

इसके साथ ही 700 अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरों की मांग की गई है, जिन्हें सभी स्टेशनों पर लगाया जाएगा, ताकि कोई भी संदिग्ध गतिविधि कैमरों की नजर से बच न सके। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ 2028 की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 4500 अतिरिक्त जवानों की मांग का प्रस्ताव तैयार कर संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है।

### अतिरिक्त पुलिसकर्मियों का प्रस्ताव भेजा

सिंहस्थ 2028 में अनुमानित 30 करोड़ श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल ने सुरक्षा का व्यापक खाका तैयार किया है। 4500 अतिरिक्त जवानों, डॉग स्क्वॉड, ड्रोन और 700 हाईटेक सीसीटीवी कैमरों की मांग की गई है, जबकि GRP ने भी 6000 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों का प्रस्ताव भेजा है

### इसीलिए पड़ी जरूरत

सिंहस्थ 2028 में करीब 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इनमें से अधिकांश श्रद्धालु ट्रेनों के माध्यम से उज्जैन पहुंचेंगे। रेलवे इस दौरान 7800 विशेष ट्रेनों के संचालन की योजना बना रहा है। इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए फ्छ्रऋऔर जीआरएपी दोनों ने अतिरिक्त बल की मांग की है।

### जीआरपी भी है तैयार

उज्जैन जीआरएपी ने भी 6000 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की मांग का प्रस्ताव भेजा है। फ्लैग स्टेशन परिसरों में अस्थायी थाने स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक थाने में 100 पुलिसकर्मी 24 घंटे, सातों दिन (24x7) शिफ्ट के आधार पर तैनात रहेंगे।

#### सिंहस्थ 2028 सुरक्षा प्लान

- अतिरिक्त आरपीएफ बल 4500 जवान
- डॉग स्क्वॉड उज्जैन स्टेशन पर 2, बाकी फ्लैग स्टेशनों पर 1-1
- ड्रोन - हर स्टेशन पर 1
- सीसीटीवी - 700 अत्याधुनिक कैमरे
- जीआरपी बल - 6000 अतिरिक्त जवान
- स्पेशल ट्रेनें 7800 प्लान



---

ग्रामीणों ने कुछ समय के लिए देवास रोड पर प्रदर्शन और नारेबाजी की

## डम्फर ने बाइक सवार तीन मजदूरों को कुचला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन के नरवर क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन मजदूर डम्फर की चपेट में आ गए। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

नरवर पुलिस के अनुसार धर्मेंद्र शेरवाल (39), कालू नागवंशी (35) और रोशन (36) निवासी नरवर मजदूरी करने के लिए उज्जैन जा रहे थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। तीनों युवक सेमलिया फंटे के पास फोरलेन सड़क क्रॉस कर रहे थे। इसी दौरान देवास की ओर से तेज गति से आ रहे डम्फर क्रमांक एमपी-04- झेडके-3751 ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक डम्फर की चपेट में आ गए। हादसे में धर्मेंद्र शेरवाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कालू नागवंशी और रोशन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल कालू नागवंशी की हालत गंभीर होने पर उसे देवास के अमलतास अस्पताल रेफर किया गया है। जबकि रोशन का इलाज उज्जैन के चरक अस्पताल में चल रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने कुछ समय के लिए देवास रोड पर प्रदर्शन और नारेबाजी की। ग्रामीणों ने डम्फर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### पुलिस ने कराया मामला शांत

सूचना मिलते ही नरवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइश देकर प्रदर्शन खत्म कराया और आरोपी डम्फर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने डम्फर को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। चालक की तलाश की जा रही है।

---

मैंने तो 18 जून को ही पत्र लिख दिया पत्र

## सांसद ने उज्जैन के बजाय इंदौर को प्राथमिकता देने की बात कही

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन के मुख्यालय को लेकर जहां राजनेता अधिकारी एवं नागरिकों के बीच यह चर्चा आम हो गई है की इसका मुख्यालय उज्जैन रहेगा या इंदौर इस बीच इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को 18 जून को लिखे गए अपने पत्र के अनुसार उन्होंने मुख्यालय इंदौर में स्थापित करने की मांग पहले ही सरकार के समक्ष रख दी थी। सांसद लालवानी का यह पत्र सोशल मीडिया पर पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें उन्होंने यह लिखा है की इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन का मुख्यालय इंदौर में ही रखा जाए।

उनके इस कदम को राजनीतिक हलकों में इंदौर के पक्ष को मजबूती से रखने और बढ़ते विवाद के बीच अपनी सक्रिय भूमिका सामने लाने के रूप में देखा जा रहा है। दो पृष्ठों के पत्र में सांसद ने तर्क दिया है कि प्रस्तावित महानगर क्षेत्र की लगभग 75 प्रतिशत आबादी इंदौर से 30 मिनट की दूरी के भीतर रहती है, जबकि अधिकांश औद्योगिक, व्यापारिक, सेवा और निवेश गतिविधियां भी इंदौर केंद्रित हैं। ऐसे में प्रशासनिक मुख्यालय इंदौर में स्थापित करना अधिक व्यावहारिक और जनहित में होगा।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि इंदौर प्रदेश का सबसे बड़ा औद्योगिक, व्यावसायिक और परिवहन केंद्र है। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, बेहतर रेल एवं सड़क संपर्क, आईटी और औद्योगिक कॉरिडोर जैसी सुविधाओं के कारण मुख्यालय के संचालन के लिए इंदौर सबसे उपयुक्त स्थान है।

### राजनीतिक बयानबाजी तेज

गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से मेट्रोपॉलिटन रीजन के मुख्यालय को लेकर इंदौर और उज्जैन के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। ऐसे समय में सांसद शंकर लालवानी द्वारा 18 जून का पत्र सार्वजनिक किए जाने को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि उन्होंने इस मुदे पर शुरूआत से ही इंदौर के हित में पहल की थी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार मुख्यालय के स्थान को लेकर अंतिम निर्णय क्या लेती है ।

---

## यूसीसी की बैठक में चार पार्टियां नहीं पहुंचीं, सीपीएम ने किया विरोध

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

राजधानी भोपाल के प्रशासन अकादमी में समान नागरिक संहिता की राज्य स्तरीय समिति की अंतिम दौर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में समिति की अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज रंजना प्रकाश देसाई दिल्ली में एक अन्य आवश्यक मीटिंग होने के कारण व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हो सकीं। उनकी अनुपस्थिति में समिति के अन्य सदस्य–शत्रुघ्न सिंह (रिटायर्ड कअर और पूर्व मुख्य सचिव), बुद्ध सिंह, गोपाल शर्मा, अनूप नायर, और शोभा पैठणकर ने समिति के सदस्य सचिव अजय कटेसरिया के साथ मिलकर अलग-अलग चार सत्रों में विभिन्न पक्षों से महत्वपूर्ण सुझाव लिए। बैठक के पहले सत्र में मध्य प्रदेश के विभिन्न आयोगों, जिनमें महिला आयोग, मानव अधिकार आयोग, बाल संरक्षण अधिकार आयोग और पिछड़ा वर्ग आयोग शामिल हैं, के अध्यक्षों, सदस्यों और सचिवों से विस्तार से सुझाव लिए गए।

### केवल भाजपा और सीपीएम पहुंचे

समान नागरिक संहिता की इस राज्य स्तरीय बैठक में देश की 6 राष्ट्रीय पार्टियों- भाजपा, कांग्रेस, बसपा, आम आदमी पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) के नेताओं को आमंत्रित किया गया था। हालांकि, इस महत्वपूर्ण चर्चा में केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सीपीएम के नेता ही शामिल होने पहुंचे, जबकि कांग्रेस सहित अन्य दल बैठक से नदारद रहे। बैठक के दौरान कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के राज्य प्रतिनिधि सदस्य पीवी रामचंद्रन ने मध्य प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू किए जाने के फैसले का पुरजोर विरोध किया।

---

## 4 लाख 39 हजार रुपये की अवैध मदिरा ‵सहित चार पहिया वाहन जप्त

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में वृत्त महू ब प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री पवन टीकेकर एवं टीम के द्वारा अवैध शराब जप्ती की कार्यवाही की गई। विश्वासनीय मुखबीर की सूचना के आधार पर गत दिवस भेंसलाय पीथमपुर मार्ग के ग्राम भैंसलाय के पास वाहन क्रमांक एमपी 09-सीजे-9152 सफेद रंग मारूती सुजुकी डिजार कार को रोकने की कोशिश करने पर ड्राईवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। उक्त गाड़ी की तलाशी लेने पर गत्ते के कुल 12 कार्टून्स में देशी प्लेन मदिरा पायी गई। प्रत्येक कार्टून में 50-50 नग देशी प्लेन रखे पाये थे। इस प्रकार कुल 180 बल्क लीटर देशी प्लेन मदिरा अवैध रूप से परिवहन कर ले जाई जा रही थी।

---

## योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर योग शिविर का आयोजन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर के अंतर्गत उपक्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन द्वारा रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विषय-वस्तु स्वस्थ शरीर, शांत मन, खुशहाल जीवन पर हाथी पार्क, रवींद्र नगर में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ किरण, सहायक निदेशक द्वारा किया गया। उन्होंने दैनिक जीवन में योग के अभ्यास के अनेक लाभों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित किया। योग प्रशिक्षिका तृप्ति यादव ने योग के महत्त्व को विस्तारपूर्वक बताया तथा सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया।

---

## जनसेवाओं पर फोकस रखने के लिए कलेक्टर के निर्देश

### सीएम हेल्पलाइन के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले चार अधिकारियों को जारी किए गए शोकाज नोटिस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा पत्रों (टीएल) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति, लंबित प्रकरणों और शासन की प्राथमिकताओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रिंकेश वैश्य तथा अपर आयुक्त नगर निगम आकाश सिंह, प्रखर सिंह तथा एन.एन. पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शासन की प्राथमिकताओं को केंद्र में रखकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में जिले की रैंकिंग लगातार सुधर रही है और सभी विभागों द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही बरतने वाले चार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं तथा भविष्य में भी उदासीनता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिन अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं उनमें लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक और सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग शामिल है।

बैठक में शिवम वर्मा ने जिले में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को भवनों के निरीक्षण और आवश्यक कार्रवाई की गति तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जन सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जिले में अब तक 70 से अधिक भवनों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने पर सील किया जा चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य भवनों को सील करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक भवन में पर्याप्त फायर सेफ्टी उपकरण उपलब्ध हों।


---

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने चीता मित्रों के प्रयासों को सराहा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने अपने दो दिवसीय कूनो नेशनल पार्क के प्रवास के दौरान सोमवार को चीता मित्रों से संवाद कर चीता संरक्षण के प्रयासों की जानकारी ली। राष्ट्रपति ने चीता मित्रों से चर्चा करते हुए उनके द्वारा चीतों की सुरक्षा और आमजन के बीच चीतों के व्यवहार को लेकर किये जा रहे जन-जागरूकता के प्रयासों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने सभी चीता मित्रों से वन-टू-वन चर्चा कर परियोजना के लिए उनके द्वारा मानसेवी रूप से किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को चीता मित्रों ने अवगत कराया कि कूनो नेशनल पार्क से लगे सभी ग्रामों में चीता मित्र मौजूद है, जिनके द्वारा चीतो की सुरक्षा के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। चीतो के आबादी क्षेत्र में आवागमन की स्थिति पर किये जाने वाले कार्यों के संबंध में सभी को अवगत कराया गया है। ग्रामीणों को यह जानकारी भी दी जा रही है कि स्वभाविक रूप से चीते किसी को नुकसान नहीं पहुंचाते है। चीता जब आबादी क्षेत्र अथवा खेतों में दिखाई दे तो तत्काल वन विभाग को अवगत कराया जाये, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार से नुकसान न पहुँचे। भारत में चीतों की पुनर्बसाहट के लिए यह परियोजना अति महत्वपूर्ण है। इस दौरान चीता मित्र कुलदीप आदिवासी सिलोरी, संग्राम आदिवासी एवं कु. राजनदंनी आदिवासी हथेडी, मल्हा आदिवासी सेसईपुरा, शिवम आदिवासी पालपुर, विनोद आदिवासी पैरा, रामलखन आदिवासी कराहल, लालाराम आदिवासी सेसईपुरा, दौलतराम आदिवासी सेसईपुरा और सतीश आदिवासी मोरावन मौजूद रहें।



- 52 चीतों की संख्या देश में
- 49 चीते कूनो नेशनल पार्क में
- 03 चीते मंदसौर स्थित गांधी सागर अभ्यारण में मौजूद
- 32 चीतें भारत में जन्मे

### भारत में जन्मे चीतो की संख्या 32

उल्लेखनीय है कि कूनो नेशनल पार्क में चीतों की पुनर्स्थापन योजना को लगभग साढ़े तीन वर्ष से अधिक का समय हो गया है। नेशनल पार्क में नामीबिया, दक्षिण अफ्रीका एवं बोत्सवाना से चीतों को लाया गया है, वर्तमान में देश में चीतों की संख्या 52 है, जिनमें से 49 चीते कूनो नेशनल पार्क में तथा 03 चीते मंदसौर स्थित गांधी सागर अभ्यारण में मौजूद है। भारत में जन्मे चीतो की संख्या 32 है, चीता प्रोजेक्ट निरंतर सफलता की ओर आगे बढ रहा है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु चीता मित्रों से संवाद के उपरांत हेलीकॉप्टर से ग्वालियर के लिये रवाना हुई। हेलीपेड पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मीनिस्टर इन वेटिंग एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने आदरपूर्वक विदाई दी।

---

## शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करता है योग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि हम भारत की उस महान योग परंपरा का उत्सव मना रहे हैं, जिसने मानवता के लिये स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग प्रदान किया है। योग विश्व को हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक अनमोल उपहार है। यह हमारे ऋषियों-मुनियों की हजारों वर्षों की साधना का परिणाम है। भारतभूमि से स्वास्थ्य, संतुलन, शांति और आत्मकल्याण का संदेश विश्व में प्रसारित किया जा रहा है। योग स्वस्थ आयु के लिए थीम पर राष्ट्रीय कार्यक्रम कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। प्रदेश में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड में राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कोलकाता से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना।

## न्यूज कालम



### नशा मुक्त भारत सप्ताह के अंतर्गत बुरहानपुर में कार्यशाला का आयोजन

**बुरहानपुर।** अभियान और अवधिः मध्य प्रदेश भोपाल के आदेशानुसार और कलेक्टर हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में 17 जून से 26 जून तक 'नशा मुक्त भारत अभियान' चलाया जा रहा है। आयोजकः यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (बुरहानपुर) और अग्रणी संस्था 'जनजाग्रति संस्था' के संयुक्त तत्वाधान में मूक बधिर अंध विद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। प्रमुख अतिथिः कार्यक्रम में जायंट्स चेरिटेबल ट्रस्ट और जनजाग्रति संस्था के प्रमुख पदाधिकारी–कैलाश अग्रवाल, महेंद्र जैन और डॉ. किरण सिंह सहित गणमान्य नागरिक और विद्यालय का स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। वरिष्ठ समाज सेवी महेंद्र जैन का मुख्य संदेश "नशा इंसान को हैवान बना देता है। नशा करने वाला व्यक्ति न सिर्फ खुद को और अपने परिवार को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे समाज को कलंकित करता है।हमारा एक छोटा सा प्रयास समाज, प्रांत और देश को तरक्की की राह पर ले जा सकता है।कार्यशाला का कुशल संचालन डॉ. किरण सिंह द्वारा किया गया तथा उपस्थित सभी जनों का आभार कैलाश अग्रवाल ने व्यक्त किया।

### कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु एनआरसी वार्ड की मांग

**बड़वाह।** क्षेत्रवासी कुपोषित बच्चों की चिकित्सा एवं देखरेख के लिए स्थानीय सिविल अस्पताल में 20 बिस्तरीय एनआरसी वार्ड की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। वर्तमान में क्षेत्र के कुपोषित बच्चों को चिकित्सा हेतु सनावद ले जाना पड़ता है। इस तारतम्य में विधायक सचिन बिरला ने जिला कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिख कर बड़वाह के सिविल चिकित्सालय में 20 बिस्तरों के एनआरसी वार्ड (पोषण पुनर्वास केंद्र) की स्थापना की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि बड़वाह में एनआरसी वार्ड नहीं होने के कारण बड़वाह नगर एवं सुदूरवर्ती ग्रामीण तथा आदिवासी ग्रामों के कुपोषित एवं बीमार बच्चों को लंबा सफर तय कर सनावद स्थित एनआरसी केंद्र में लाना पड़ता है।इस कारण कुपोषित बच्चों के पालकों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। बड़वाह क्षेत्र की जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए सिविल अस्पताल बड़वाह में 20 बिस्तरीय एनआरसी वार्ड की अत्यंत आवश्यकता है। सिविल अस्पताल में एनआरसी वार्ड की स्थापना से बड़वाह क्षेत्र के कुपोषित व बीमार बच्चों को उपचार मिल सकेगा।

### आज मंडी में नही होगी नीलामी, शुल्क वृद्धि पर व्यापारी दर्ज कराएंगे विरोध

**खरगोन।** कृषि उपज मंडी समिति ने किसानों को सूचित किया है कि मध्य प्रदेश व्यापारी महासंघ के आह्वान पर 23 जून को मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। यह निर्णय मंडी शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि के विरोध में किया गया है, जिसका सीधा असर मंडी में होने वाले व्यापार पर पड़ेगा। मंडी समिति द्वारा जारी प्रेसनोट के अनुसार, व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष ने एक आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि राज्य सरकार द्वारा मंडी शुल्क को 1 रुपये प्रति सैकड़ा से बढ़ाकर 1.50 रुपये प्रति सैकड़ा करने का प्रस्ताव है। इस वृद्धि के विरोध में मध्य प्रदेश व्यापारी महासंघ ने राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया है। इसी क्रम में खरगोन के समस्त अनाज और डालर चना व्यापारी 23 जून को मंडी नीलामी कार्य में भाग नहीं लेंगे।इस बहिष्कार के कारण, खरगोन मंडी समिति में 23 जून को अनाज, दलहन, तिलहन और डालर चना सहित सभी कृषि उपज की नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह से बाधित रहेगी। मंडी समिति ने सभी किसानों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए अपनी उपज विक्रय के लिए मंडी प्रांगण में न लाएं।

### सांसद पाटिल ने दिल्ली में वस्त्र मंत्रालय की सचिव से की मुलाकात



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर की ऐतिहासिक ताप्ती मिल (नेशनल टेक्सटाइल्स कॉर्पोरेशन-एनटीसी) के सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों के पिछले 11 महीनों से लंबित वेतन के मुद्दे पर स्थानीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने दिल्ली के सियासी गलियारों में एक बड़ी और निर्णायक पहल की है। कर्मचारियों के हक की इस लड़ाई को दिल्ली दरबार तक पहुंचाते हुए सांसद पाटील ने सोमवार को नई दिल्ली में वस्त्र मंत्रालय की सचिव श्रीमती नीलम शमी राव से एक बेहद महत्वपूर्ण और उच्च स्तरीय मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने मिल कर्मचारियों की बदहाली और उनके परिवारों के सामने खड़े आजीविका के संकट को प्रमुखता से टेबल पर रखा।

### जिला दिव?यांग पुनर्वास केद्र में रोजगार मेले का आयोजन किया गया

**उज्जैन।** संचालनालय, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, भोपाल के निर्देशानुसार अहमदाबाद के सहयोग से दिव्यांगजनों को उनकी योग्यता के अनुरूप निजी संस्थानों में रोजगार उपलब्ध कराने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आज जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, जिला चिकित्सालय परिसर, उज्जैन में रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। इसमें जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, उज्जैन में आयोजित रोजगार मेले में 56 दिव्यांगजनों ने पंजीयन कर सहभागिता की।रोजगार मेले में अहमदाबाद से श्रीमती प्रतीक्षा दुबे के द्वारा 17, बेस्ट लाइफस्टाइल अपैरल प्राइवेट लिमिटेड, उज्जैन से श्री राजकुमार पटेल के द्वारा 26, नेशनल करियर सेंटर (व्यावसायिक पुनर्वास केन्द्र), जबलपुर से श्री चंद्रकांत पाटिल के द्वारा 24 तथा डॉ. रेड्डीज फाउंडेशन, इंदौर से श्री रविन्द्र प्रजापति के द्वारा 18 तथा स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से श्रीमती शिल्पा निगम द्वारा 12 दिव्यांगजनों का रोजगार हेतु चिन्हांकन कर उनकी शैक्षणिक योग्यता एवं कौशल के आधार पर संक्षिप्त सूची में नाम दर्ज कराया गया एवं रोजगार संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।इस अवसर पर संयुक्त संचालक श्री सतीश सोलंकी, प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# 19 लाख की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ अलीराजपुर



पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश कुमारसिंह के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति ज्योती उमठ बघेल, जिला अलीराजपुर के मार्ग दर्शन में एवं एसडीओपी जोबट श्री रविन्द्र राठी के नेतृत्व में चोरी, लुट जैसे अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 18 जून को अनाज व्यापारी प्रदीप जैन की दुकान से 19 लाख रूपए से भरा बैग चोरी करने वाले आरोपीयों को गिरफ्तार कर चोरी का मश्रुका एवं घटना मे प्रयुक्त वाहन को जप्त करने मे बड़ी सफलता मिली है।

घटना 18 जून को सुबह करीबन 10.35 बजे से 11 बजे के बीच फरियादी प्रदीप जैन अनाज व्यापारी अपनी दुकान दालमील परिसर मे अनाज खरीदी बिक्री का व्यापार कर रहे थे जिन्होने अनाज खरीदने के लिए 19 लाख रूपए नगदी से भरा एक बैग अपने काउण्टर पर रखा हुवा था जो फरियादी काउण्टर से उठकर अपने मजदुरो को काम बताकर थोड़ी देर मे वापस काउण्टर पर आए तो देखा रूपयों से भरा बैग काउण्टर पर नही था। जिसके बाद फरियादी द्वारा अपनी दुकान के सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए जिसमे पाया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनका 19 लाख रूपए नगदी से भरा हुवा बैग चोरी करके ले जाता दिखा। जिसके बाद फरियादी द्वारा थाना उपस्थित होकर सूचना की गई जिसकी सूचना पर से थाना जोबट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही जोबट पुलिस टीम घटनास्थल पर पंहुचे तथा वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौके पर उपस्थित हुवे जिनके द्वारा थाना प्रभारी जोबट को आरोपीयों को पकड़ने एवं माल बरामद करने के संबंध मे निर्देश दिए गए। बाद वरिष्ठ अधिकारीयों से प्राप्त निर्देशों के आधार पर थाना जोबट की पुलिस टीम के द्वारा मौके का मुआयना कर सीसीटीवी फुटेज खगांले गए जिसमे पाया गया कि एक अज्ञात व्यक्ति दुकान से नगदी से भरा बैग चोरी कर अपने अन्य साथीयों के साथ पैदल-पैदल बाजार मे होते हुवे पुराना बसस्टेण्ड से अपनी नई बलेनो कार मे बैठकर झाबुआ तरफ भागे है जो बाद थाना जोबट की पुलिस टीम सायबर सेल की टीम को साथ लेकर सीसीटीवी फुटेज, संदेहीयो के तकनीकी साक्ष्यों एवं सुत्रो के आधार पर अज्ञात बदमाशो की तलाश झाबुआ, राजगढ, धार, बेटमा, पुणे महाराष्ट्र करते हुवे बुरहानपुर पंहुचे जंहा से एक संदेही रमाकांत पिता महिपाल सोलंकी जाति पारदी, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम रावत जुनागांव, बेटमा, थाना बेटमा, जिला इंदौर को पकड़ा गया तथा उससे की गई पुछताछ के आधार पर उसके दो और अन्य साथी काजुसिंह पिता भारत राठोड़ जाति पारदी, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम कालासुरा, थाना बेटमा, जिला इंदौर एवं रजत पिता रूपधारक सोलंकी जाति पारदी, उम्र 25 वर्ष, निवासी पिरजलार, थाना बड़नगर, जिला उज्जैन को उन्हेल से पकड़कर पुछताछ हेतु थाना लेकर आए तथा आरोपी से पुछताछ पर से उपरोक्त तीनों आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपीयों से की गई पुछताछ के आधार पर से आरोपी काजुसिंह के घर से चोरी का 19 लाख रूपए नगदी बरामद किए गए तथा साथ ही घटना मे प्रयुक्त एक बलेनो कार क्र एमपी 09 जेड बी 4246 को भी जप्त किया गया है। प्रकरण मे उपरोक्त तीनों आरोपीयों का एक और साथी साईन पिता भारत राठौड़ जाति पादरी निवासी कालासुरा, थाना बेटमा, जिला इंदौर का वक्त घटना से फरार चल रहा है जिसकी तलाश की जा रही है। प्रकरण मे गिरफ्तारशुदा आरोपीयों से पुछताछ की जा रही है।

## लायंस क्लब सनावद सिटी की नई टीम बनी, हेमलता राका संभालेंगी अध्यक्ष पद

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद



विश्वव्यापी सेवा संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब सनावद सिटी की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी की घोषणा वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति से की गई। क्लब संचालक डॉ. सुरेश राका और शांतिलाल जैन ने नई टीम की घोषणा करते हुए कहा कि 40 वर्ष पुराना यह क्लब लायंस डिस्ट्रिक्ट की गौरवशाली पहचान रहा है।

नई कार्यकारिणी में हेमलता राका को अध्यक्ष, मनीषा महाजन को सचिव तथा अंगूरबाला जैन को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, नशामुक्ति अभियान तथा जरूरतमंदों की सहायता जैसे सेवा कार्यों को गति देने का संकल्प लिया।

निवर्तमान अध्यक्ष कमल पटेल ने अपने कार्यकाल के दौरान सहयोग करने वाले सभी लायन सदस्यों का आभार जताया। वर्तमान सचिव जयश्री महेश बिरले ने वर्षभर की सेवा गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र चौकड़े ने आय-व्यय का ब्यौरा रखा।पूर्व अध्यक्ष ममता चौधरी, रंजना पटेल और हीरामणि गीते सहित सदस्यों ने नई कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए वर्षभर सहयोग का भरोसा दिलाया। क्लब संचालक अनिल चौधरी ने कहा कि लायंस क्लब सेवा के साथ-साथ मित्रता और व्यक्तित्व विकास का भी सशक्त मंच है।कार्यक्रम में रमाकांत गीते, आशीष चौधरी, ताराचंद चाचरिया, भावना चौकड़े और श्रेया चौधरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संचालन डॉ. कमलेश चौधरी ने किया तथा आभार श्याम महाजन ने माना।

## विधायक एवं महापौर ने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यो का किया लोकार्पण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस और महापौर माधुरी अतुल पटेल ने वार्ड क्रमांक 39 राजीव वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को सौगात दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनका संकल्प है। नगर के प्रत्येक वार्ड में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन को अधिक सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना है। बुरहानपुर को स्वच्छ, सुंदर, सुव्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शहर के पुराने क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है, वहीं नए क्षेत्रों में योजनाबद्ध विकास कार्यों को गति दी जा रही है। प्रत्येक वार्ड तक विकास की रोशनी पहुंचे, कोई क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे और हर नागरिक को बेहतर जीवन स्तर प्राप्त हो, इसी लक्ष्य के साथ कार्य किए जा रहे हैं। जनता के विश्वास और सहयोग से बुरहानपुर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और आने वाले समय में भी नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप अनेक विकास कार्य कराए जाएंगे।

### स्नेहा का ओमान एशियन हॉकी चैंपियनशिप हेतु भारतीय टीम के कोचिंग कैंप में चयन

**बड़वानी।** हॉकी इंडिया द्वारा ओमान मे 20 से 25 जुलाई तक आयोजित होने वाली एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप 5 एस के लिए यू-18 महिला हॉकी टीम की घोषणा की गई ।जिसमे बड़वानी शहर की बेटी स्नेहा दावदे को पुनः भारतीय टीम में सम्मिलित किया गया ।स्नेहा द्वारा रांची में आयोजित राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप ऑस्ट्रेलिया लीग एवं जापान में मे किएगये उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय कैंप में जगह बनाई ।स्नेहा मिडफील्डर ( सेंटरहाफ )की भूमिका में खेलती है स्नेहा अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर भोपाल में 5 से 18 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले कैंप में भारतीय टीम के साथ सम्मिलित होगी ।हॉकी कोच श्री मुकेश राठौर ने बताया कि स्नेहा पूर्व मे कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है ।स्नेहा की यह उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत जुनून और अनुशासन की जीत है ।स्नेहा का सपना ओलंपिक में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना है ।वर्तमान में स्नेहा ग्वालियर राष्ट्रीय महिला हॉकी अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है, स्नेहा की उपलब्धि पर जिला प्रशासन, जिला हॉकी संघ एवं समस्त खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया ।

## प्रतिदिन योग करे व निरोग रहे -सांसद श्री पटेल

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी



योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम है, बल्कि यह मानसिक संतुलन और आत्मबल को भी मजबूत करता है योग तनाव से राहत, मानसिक स्पष्टता और बेहतर शारीरिक लचीलापन प्रदान करता हैं।

योगाभ्यास के माध्यम से सहनशक्ति, मनोबल और एकाग्रता में वृद्धि होती है इसलिए करें योग, रहे निरोग प्रति दिन योगाभ्यास करें और बीमारियों से बचे। उक्त बातें लोकसभा सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल ने १२ वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय योग स्वस्थ आयु के लिए योग अभ्यास कार्यक्रम के दौरान कहीं।इस दौरान कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला, जिला आयुष अधिकारी डॉ. निलेश मोरे, आयुष विभाग के डॉ. तोमर, डॉ. टीएस मेहता सहित अन्य अधिकारीगण एवं शहरवासी योगाभ्यास में सम्मिलित हुए। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग से जुड़ाव और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल माध्यम से उद्बोधन के प्रसारण से हुई। इसके पश्चात सामूहिक प्रार्थना, खड़े एवं बैठ कर किए जाने वाले योग आसन किये गये। योग आसन जैसे ग्रीवा चालन, स्कन्ध चालन, कटि चालन, घुटना चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भदासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांक आसन, उत्तान मण्डूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, उत्तानपाद आसन, अर्द्ध हलासन, पवन मुक्तासन, सेतुबंधासन, शवासन, कपालभाति, भ्रामरी किए गए।

### तराना के ग्राम कावलीखेड़ा में जन भागीदारी से तालाब का गहरीकरण किया

**उज्जैन।** जनपद पंचायत तराना अंतर्गत ग्राम पंचायत कावलीखेड़ा में जनभागीदारी के माध्यम से तालाब गहरीकरण का कार्य पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण एवं कृषि विकास की एक उत्कृष्ट सफलता की कहानी लिखी गई है। यह कार्य बिना किसी सरकारी खर्च के पूर्ण रूप से जन सहयोग से संपन्न हुआ है, जो सामुदायिक प्रयासों की शक्ति को दशार्ता है।ग्राम पंचायत कावलीखेड़ा के पुराने तालाब में वर्षों से उपयोग के दौरान मिट्टी जमा हो गई थी, जिससे जलधारण क्षमता में भारी कमी आ गई थी। ग्रीष्मकाल में जल संकट गहराने लगा था और किसानों को पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। इस समस्या को देखते हुए सरपंच एवं सचिव ने मिलकर जनभागीदारी के माध्यम से तालाब गहरीकरण करने का निर्णय लिया। ग्राम पंचायत कावलीखेड़ा के तालाब में जनभागीदारी से लगभग 600 घन मीटर मिट्टी निकाली गई। इससे तालाब की जलधारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे वर्षा जल का बेहतर संरक्षण संभव हो सकेगा और किसानों के खेतों में सिंचाई की सुविधा बढ़ गई है।इस कार्य से जल संरक्षण और कृषि विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। इससे भूजल स्तर में सुधार की संभावना भी प्रबल हुई है।

### योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करे

बड़वानी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री महेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर बड़वानी में २१ जून २०२६ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि योग दिवस पर सबके स्वस्थ्य रहने की कामना करता है, योग भारत वर्ष की अमूल्य धरोवर का सम्मान करने के लिए एकत्रित हुवे है ।जिसका लोहा पूरा विश्व मानता है आज की व्यस्ततम जिन्दगी में तनाव भाग-दौड़ इसमें निश्चित रूप मानसिक व शारीरिक परेशानी उत्पन्न हो रही है। हम योग करने करके एक सकारात्मक उर्जा ग्रहण कर सकते है।

## स्थानीय निकाय मतदाता सूची पुनरीक्षण की अंतिम तिथि 25 जून

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के तहत उज्जैन जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोग के कमिश्नर श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं सचिव के मार्गदर्शन में आयोग की ब्रांड एंबेसडर सारिका घारू ने अभियान की कमान संभाली। कलेक्टर श्री रोशन कुमार सिंह के निर्देशन में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।इस अवसर पर सारिका घारू ने नागरिकों का एक बड़ा भ्रम दूर करते हुए स्पष्ट किया कि लोकसभा या विधानसभा की मतदाता सूची और स्थानीय निकाय की मतदाता सूची दोनों अलग-अलग होती हैं। जिन नागरिकों का नाम विधानसभा की मतदाता सूची में दर्ज है, उन्हें भी पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों के लिए स्थानीय निकाय की मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचना चाहिए।सारिका घारू ने कहा कि जो युवा 1 जनवरी 2026 को अथवा उससे पूर्व 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वे तत्काल अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि मतदाता सूची में नाम, पता अथवा अन्य विवरण संबंधी त्रुटियों के सुधार के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा बढ़ाई गई 25 जून की अंतिम तिथि का लाभ अवश्य उठाएं।उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों की मतदाता सूची में नाम दर्ज होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता के लिए आवश्यक है। इसलिए सभी पात्र मतदाता अपने नाम की जांच कर सकेंगे।

## सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए 'भीड़ प्रबंधन' सर्वोच्च प्राथमिकता -एसपी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी




वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाले वैश्विक आस्था के केंद्र 'सिंहस्थ महापर्व' को सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार बड़वानी पुलिस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में आज, दिनांक 22 जून को जिला मुख्यालय पर 6 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर के चतुर्थ सत्र का विधिवत शुभारंभ किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम **पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल** के कुशल निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। इस चतुर्थ सत्र में जिले के कुल ४८ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल ने कहाः सिंहस्थ एक अत्यंत विशाल और ऐतिहासिक सांस्कृतिक पर्व है, जिसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु और संत-महात्मा शामिल होते हैं। भौगोलिक दृष्टि से महाराष्ट्र और दक्षिण भारत से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़वानी जिला एक महत्वपूर्ण प्रवेश मार्ग (गेटवे) होगा। इसलिए यहाँ से गुजरने वाले यात्रियों की सहायता, सुगम यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के लिए हमारा बल पूरी तरह हाई-टेक और तैयार होना चाहिए। हमारी पुलिस को चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए 'विनम्र पर सख्त' होना होगा।"

इन प्रमुख बिंदुओं पर दिया जा रहा है विशेष प्रशिक्षणः

शिविर के दौरान पुलिस बल को आगामी सिंहस्थ की संवेदनशीलता को देखते हुए निम्नलिखित विषयों पर उन्नत प्रशिक्षण दिया जा रहा हैः

भीड़ नियंत्रण एवं वीआईपी प्रबंधनःअत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की तकनीक। यातायात एवं आपदा प्रबंधनः सुगम यातायात सुनिश्चित करना और किसी भी आपातकालीन स्थिति से त्वरित निपटना।

सुरक्षा एवं महिला सुरक्षाः महिला श्रद्धालुओं, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए विशेष रणनीतियां। सॉफ्ट स्किल्स (प्रभावी संवाद): देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ शालीनता, सेवाभाव और सहानुभूतिपूर्वक संवाद स्थापित करना।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता इसका **टीओटी (ञ्हञ्ह) मॉडल** है। इसके तहत वर्तमान सत्र में प्रशिक्षित हो रहे 51 अधिकारी-कर्मचारी आगामी समय में मास्टर ट्रेनर' की भूमिका निभाएंगे। ये मास्टर ट्रेनर्स विभाग द्वारा तैयार विस्तृत प्रशिक्षण कैलेंडर के अनुसार जिले के शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत) पुलिस बल को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षित करेंगे।

न्यूज -कॉलम

## तकनीकी साक्ष्यों से खोज निकाले गुम हुये 13 मोबाइल



**उज्जैन।** मोबाइल गुम होने की लिखित शिकायत पुलिस के पास पहुंचने पर तकनीकी साक्ष्यों (सीईआईआर) के माध्यम से खोज निकालने का अभियान पुलिस द्वारा लगातार चलाया जा रहा है। अभियान में भाटपचलाना थाना पुलिस ने 4 लाख कीमत के 13 मोबाइल और एक लेपटॉप खोज निकाला। भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि खोजे गये मोबाइल और लेपटॉप सोमवार को संबंधित शिकायत करने वालों को वापस लौटाये गये है। मोबाइल मिलने पर उनके चेहरों पर मुस्कान आ गई थी। लोगों का कहना था कि उन्हे यकीन नहीं था कि पुलिस गुम मोबाइल वापस लौटा पायेगी। लेपटॉप धारक का कहना था कि वह रूनिजा स्टेशन पर जल्दबाजी में ट्रेन पकड़ने का प्रयास करते समय लेपटॉप भूल गया था। जिसमें काफी डाटा सेव था। पुलिस ने कुछ दिनों में खोज निकाला। थाना प्रभारी के अनुसार मोबाइल-लेपटॉप की तलाश करने में प्रधान आरक्षक शैलेन्द्रसिंह सिसौदिया, आरक्षक विजय जाट, मुकेश नागर, हितेश निम्बोला, सुनील चोधरी, उदय यादव का सहयोग रहा। विदित हो कि पिछले पांच माह में जिला पुलिस द्वारा सैकडों की संख्या में लाखों रूपये कीमत के मोबाइल खोज लोगों को लौटा दिये है।

## मकान विवाद को लेकर युवक पर चाकू से हमला

**उज्जैन।** राजीव रत्न मल्टी कालोनी में रविवार रात विजय पिता ओमप्रकाश 32 साल को पडोस में रहने वाले जीवन और उसके पुत्र अजय ने मिलकर चाकू मार दिये। मल्टी के लोगों की मदद से विजय का अस्पताल पहुंचाया गया। घायल विजय ने बताया कि वह सब्जी का ठेला लगाकर जीवन यापन कर रहा है। माता-पिता का निधन हो चुका है। जीवन और उसका पुत्र काफी दिनों से मकान खाली करने का दबाव बना रहे है। वह मकान पर कब्जा करने की फिराक में है। रात में भी इसी बात पर विवाद हुआ था। मामले में नीलगंगा थाना पुलिस का कहना था कि अस्पताल की ओर से घायल के साथ मारपीट होने की सूचना प्राप्त हुई है। बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की जायेगी।

## भाई बोला फैक्ट्री मालिक की लापरवाही से गई जान

**उज्जैन।** मक्सीरोड नीमनवासा क्षेत्र में वेल्डिंग मशीन बनाने वाली आई आटोस् फैक्ट्री में शनिवार को काम करते समय पहली मंजिल की सीडियों से सुनील पिता राधेश्याम सोलंकी 24 साल निवासी अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी गिरकर घायल हो गया था। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। रविवार देर शाम उसकी मौत हो गई। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान भाई मनोज ने फैक्ट्री मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि घटना के चार घंटे तक परिजनों को सूचना नहीं दी गई थी। सुनील को 3 से 4 अस्पताल ले जाया गया था। जिसके चलते उसकी हालत काफी बिगड गई थी। यह हादसा नहीं लापरवाही से हुई हत्या है। मामले में पंवासा थाना पुलिस का कहना था कि मर्ग कायम पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। लापरवाही सामने आने पर संबंधित के खिलाफ मामला दर्ज किया जायेगा।

## गाली देने के विवाद में चली तलवार-लाठी, 3 घायल

**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम हरनिया डेम पर रविवार रात गाली देने की बात पर हुए विवाद में तलवार-लाठी चल गई। एक परिवार के 3 लोग घायल हुये है। दो को गंभीर चोंट लगने पर चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायल शंकरलाल पिता कालू गुजराती ने बताया कि वह डेम पर निवास करते है। ग्राम हिरनिया का रहने वाला गोपाल शराब पीकर आता है और घर के सामने गाली-गलौच करता है। रात में भी गाली दे रहा था। पत्नी पिंकी ने मना किया तो विवाद करने लगा। उसने अपने पुत्र श्रवण, कन्हैया और रिश्तेदार गोवर्धन, राकेश को बुला लिया। सभी ने तलवार-लाठी से हमला किया। जिसमें उसे तलवार से चोंट लगी है। मां सीताबाई लाठियों से घायल हुई है। पत्नी को घसीटकर मारा है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 479-0 | 260-8 |
| मेन बाजार | 445-3 | 379-9 |
| कल्याण नाइट | 189-8 | 239-4 |
| मिलन डे | 789-4 | 116-8 |
| मिलन नाइट | 880-6 | 579-1 |
| मधुर डे | 233-7 | 600-6 |
| मधुर नाइट | 278-7 | 590-4 |
| शुभांक | 3 9 | 5 |

# ताला-चाबी बनाने वालों ने उड़ाया था 40 लाख का माल

### रैकी के बाद रात को दिया था अंजाम, एक हिरासत में, 2 की तलाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सूने मकान में हुई 40 लाख की चोरी को ताला-चाबी बनाने वाले सिकलीगरों ने अंजाम दिया था। सात दिनों की तलाश के बाद एक को हिरासत में लिया गया है। 2 साथी फरार है, जिनकी तलाश जारी है। तीनों ने दिन में रैकी करने के बाद रात को ताला तोड़कर अंजाम दिया था।



नागदा थाना क्षेत्र के सुनील नगर में रहने वाले प्रापर्टी करोबारी मोहम्मद आजाद मंसूरी के मकान में 14-15 जून की रात बड़ी चोरी की वारदात हो गई थी। मामले में पुलिस ने पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एसआईटी गठित की गई और थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी को कमान सौंपी गई। एसआईटी में शामिल एसआई विरेन्द्र चौहान, योगिता उपाध्यास, एएसआई अरविंद गनावा, प्रधान आरक्षक विनोद माली सुशील मिश्रा, रोहित मालवीय, आरक्षक कृष्णा बैरागी, मिथुन प्रजापत, रोहित, शेरसिंह, पंकज गर्ग, संदीप ने नागदा कस्बे के साथ उज्जैन, खाचरौद, इंदौर, महिदपुर हाइवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों को 6 दिनों तक खंगाला और सातवे दिन चोरी में शामिल एक आरोपी रतलामसिंह उर्फ रत्तु निवासी ग्राम सिगनुर जिला खरगोन को सनावद से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपने दो साथी दिपक सिकलीगर और शिवराज पिता हरपाल निवासी गंधवानी धार के साथ मिलकर चोरी करना कबूल कर लिया। थाना प्रभारी गवरी के अनुसार आरोपी से पूछताछ के बाद सनावद के ग्राम इनपुन पुनर्वास में छुपाकर रखे 6 लाख कीमत के आभूषण और 70 हजार रूपये नगद बरामद किये गये है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर 7 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। वहीं दोनों फरार साथियों की तलाश की जा रही है।

**बाइक से आये थे, आपास में किया बंटवारा-** 40 लाख की चोरी में रिमांड पर चल रहे आरोपी रतलामसिंह ने पूछताछ में बताया कि तीनों बाइक से नागदा पहुंचे थे। वह ताला-चाबी बनाने का काम करते है। दिन में सूने मकानों की रैकी करते है और रात में वारदात को अंजाम देते है। ताला तोड़ना और खोलना उन्हे आता है। रैकी के दौरान मकान सूना दिखाई दिया था। रात 3 बजे वारदात करने पहुंचे और कुछ मिनटों में ही वारदात कर भाग निकले थे। उसके बाद सनावद पहुंचकर चोरी के माल का आपस में बंटवारा कर लिया था। चोरी का शेष माल दोनों फरार साथियों के पास है।

**शहर से बाहर गया था कारोबारी का परिवार-**थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि वारदात के बाद सामने आया कि प्रापर्टी कारोबारी की पत्नी और बच्चे ईद मनाने के लिये कुछ दिनों से ननिहाल गये थे। मोहम्मद आजाद घर पर अकेला था। वह भी काम के सिलसिले में एक दिन के बाहर चला गया था। 15 जून को सुबह वापस लौटने पर चोरी का मामला सामने आया था। वारदात सामने आने के बाद पुलिस टीम के साथ फिंगर प्रिंट प्रभारी आशा सोलंकी के साथ डॉग स्क्वाड़ टीम मौके पर पहुंची थी।

## दबिश में मिला कच्ची शराब बनाने का महुआ लहान

### आबकारी की 3 गांवों में दबिश, देशी शराब भी बरामद



**उज्जैन।** ग्रामीण क्षेत्रों में हाथ भट्टी से बनने वाली कच्ची शराब के साथ अवैध शराब व्यवसाय पर अंकुश लगाने के लिये आबकारी विभाग का अमला लगातार कार्रवाई कर रहा है। सोमवार को 3 गांवों में दबिश देकर कच्ची शराब बनाने में उपयोग होने 210 किलो महुआ लहान बरामद कर नष्ट किया गया।

आबकारी नियंत्रण कक्ष अधिकारी मुकेश रंधा ने बताया कि उपनिरीक्षक कैलाशचंद्र रोईवाल को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम सिंकदरखेडा, बमनापाती और कलमोडा में अवैध तरीके से देशी शराब बेचने का काम किया जा रहा है। गांव में जंगल की ओर जाने वाले रास्ते पर हाथ भट्टी पर कच्ची शराब भी तैयार की जा रही है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुदर्शन काले और संजय कुमार जैन, आरक्षक प्रेमचंद जटिया, जगदीश रेशमिया, सरफराज खान, महेश कछवाय, मनीष कामदार, मानव जारवाल, आदित्यराज नागर, सुनील अमरतिया, ज्योति, माया पवार, आरती देवडा के साथ तीनों गांवों में दबिश मारी गई। ग्राम सिकंदर खेडा से गुंजाबाई, ग्राम बमनापाती से इंदरसिंह और कलमोडा से सौदानसिंह को हिरासत में लिया गया। जिनके पास से देशी शराब के क्वार्टर और बीयर की केन बरामद की गई। तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। दबिश में गांवों से 210 किलो महुआ लहान जप्त किया गया, जिसे हाथ भट्टी पर तैयार होने वाली कच्ची शराब बनाने के लिये गलाकर रखा गया था। टीम द्वारा लहान को मौके पर नष्ट कर मामले दर्ज किये गये है। नियंत्रण कक्ष अधिकारी रंधा के अनुसार आबकारी की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। नगर निगम सीमा में शराब प्रतिबंधित होने पर टीम रात के समय होटल, ढाबों के साथ अवैध परिवहन को लेकर भी सर्चिंग कर रही है।

# यादव ट्रेवल्स की बस ने बाइक सवारों को कुचला

### गोरनी के कार्यक्रम में जा रहे एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बड़नगर मार्ग पर सोमवार दोपहर यादव ट्रेवल्स की बस ने बाइक सवार 2 ग्रामीणों को कुचल दिया। दुर्घटना में एक की मौके पर मौत हो गई। दूसरा गंभीर घायल हुआ है। बाइकों के पीछे ही रिश्तेदार आ रहे थे, उन्होने दुर्घटना देखी और दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे।

इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि दोपहर में उज्जैन-बड़नगर के बीच चलने वाली बीके यादव ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 13 पी 4333 ने बाइक सवार 2 ग्रामीणों को कुचल दिया। दुर्घटना में एक की मौके पर मौत हो गई। दूसरे का उपचार के लिये रिश्तेदार अस्पताल लेकर पहुंचे। दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल मौके पर पहुंच गई थी। मृतक का नाम देवराज पिता रामलाल चौधरी 45 साल निवासी ग्राम मतागंना चिकली सामने आया। घायल मृतक की बुआ का लडका आत्माराम पिता भागीरथ 65 साल है। परिजनों ने बताया कि दोनों एक बाइक पर सवार होकर ग्राम अजनोटी यशवंत सागर के पास इंदौर गोरनी के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। देवराज का छोटा भाई मुकेश रिश्तेदारों के साथ पीछे बाइक से आ रहा था। थाना प्रभारी व्यास के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। दुर्घटना के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला था। बस जप्त कर चालक की तलाश की जा रही है।

**2 दिन में 4 लोगों ने गवांई जान**

सड़क दुर्घटना के मामले लगातार सामने आ रहे है। 2 दिन में 4 लोग अपनी जान गवां चुके है। रविवार को मोहनपुरा ब्रिज के पास तूफान ने मुरलीपुरा के रहने वाले 2 दोस्तों विक्रम बैरागी और किशन बोरासी को कुचल दिया था। दोनों की मौके पर मौत हुई थी। वहीं सोमवार सुबह नरवर में डंपर चालक ने बाइक सवार 3 युवकों को कुचल दिया था। एक युवक के दोनों पैर पूरी तरह से कटकर अलग हो गये थे। जिसका नाम धर्मेन्द्र पिता शंकालाल सामने आया था, उसने मौके पर दम तोड़ दिया था। उसके 2 साथी रोशन पिता देवीलाल और कालू पिता रामप्रसाद गंभीर घायल हुए है। तीनों नरवर के रहने वाले थे ओर सेटिंग का काम करते थे। वहीं सोमवार दोपहर बड़नगर-उज्जैन मार्ग पर दुर्घटना में एक की मौत हुई है और दूसरा जिंदगी की जंग लड़ रहा है।

## रानी लक्ष्मीबाई मार्ग पर 2 दुकानों में चोरों का धावा

**उज्जैन।** मालीपुरा से लाल मजिस्द की ओर जाने वाले रानी लक्ष्मीबाई मार्ग पर रविवार-सोमवार रात 2 दुकानों में चोरों ने धावा बोला। सुबह वारदात का पता चलाने पर पुलिस जांच के लिये पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे है। चोरों ने दुकानों से हजारों रूपये नगद चोरी किये है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के रानी लक्ष्मीबाई मार्ग पर गोथरवाल टेलर्स और राजेश इलेक्ट्रिक शोरूम संचालक सोमवार सुबह दुकान पहुंचे और शटर खोला तो काउंटर पर सामान अस्त-व्यस्त दिखाई दिया। गल्ले खुले थे, जिसमें रखी नगद राशि गायब थी। दुकान में देखने पर पता चला कि चोरों ने छत के रास्ते धावा बोला था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, पुलिस जांच के लिये मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि इलेक्ट्रिक दुकान से करीब 50 हजार रूपये नगद और टेलर्स के यहां से 20 से 25 हजार रूपये नगद चोरी हुए है। कुछ कीमती सामान भी चोर ले गये थे। पुलिस ने चोरों का पता लगाने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये है। फिलहाल सोमवार शाम तक दोनों दुकानदारों द्वारा मामले की शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। पुलिस जांच पूरी होते ही मामला दर्ज किया जायेगा। बताया जा रहा है कि चोरों की संख्या 2 से अधिक हो सकती है, रात में वह पास के मकान से चढ़कर दुकानों तक पहुंचे थे।

## फसल बोनी को लेकर विवाद

**उज्जैन।** चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम तालोद में रितेश पिता गोपाल पटेल निवासी राजेन्द्र नगर इंदौर और विजय पिता मोहन राठौर निवासी ग्राम तालोद के बीच खेत में फसल बोनी को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच काफी समय से खेत की जमीन को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है। बारिश होने पर इंदौर का परिवार बोनी के लिये पहुंचा था। इस दौरान दोनों पक्ष में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

## मामा ने दरिंदगी की तो भांजी ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** 14 साल की भांजी के साथ मामा ने दरिंदगी करते हुये 2 दिनों तक गलत काम किया। नाबालिग भांजी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे तो मामला सामने आते ही पुलिस ने मामा को गिरफ्तार कर लिया।

नीलगंगा थाना क्षेत्र में नानी के यहां रहने वाली 14 साल की बालिका के साथ उम्र में 16 साल बडे मामा ने दरिंदगी की और भांजी को डराया-धमकाया, यहीं नहीं दूसरे दिन फिर से मामा ने नाबालिग भांजी के साथ गलत काम किया। मामा की हरकतों से परेशान रविवार शाम बालिका ने जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की जानकारी मिलने पर देवासगेट थाना की सीमा में रहने वाली मां पहुंची और अस्पताल लेकर आई। इस दौरान मामा भी अस्पताल पहुंच गया। नीलगंगा थाना पुलिस को बालिका के जहरीला पदार्थ खाने की खबर मिलते ही बयान दर्ज करने पहुंची। जहां पूछताछ में पता चला कि मामा की दरिंदगी से परेशान होकर उसने जान देने का प्रयास किया है।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले में पास्को एक्ट और दुष्कर्म की धारा में प्रकरण दर्ज किया और रात में ही आरोपी मामा को गिरफ्तार कर लिया। जिसे सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया। बताया जा रहा है कि मामा अपराधिक प्रवृति का है। उसके खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज है। अस्पताल में भर्ती बालिका की डॉक्टरों द्वारा जान बचा ली गई है, लेकिन डॉक्टरों की निगरानी में उपचार जारी है।

## साडी बेचने आये लोगों पर जताया बांगलादेशी होने का शक

**उज्जैन।** हिन्दूवादी संगठन ने साड़ी बेचने आये कुछ लोगों पर बांगलादेशी होने का शक जताया और पांच को पकड लिया। जिन्हे महाकाल थाना लाया गया। जहां उनके वेस्ट बंगाल के होने की पुष्टि हुई है। फिलहाल पुलिस पांचों की गतिविधियों का पता लगा रही है।

महाकाल मंदिर क्षेत्र में पांच लोग फेरी लगाकर साडी बेचने का काम कर रहे थे। हिन्दूवादी संगठन को खबर मिली कि साडी बेचने आये लोग बांगलादेशी हो सकते है। उन्होने पांचों को पकडा और महाकाल थाने ले आये। जहां पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो पता चला कि वेस्ट बंगाल के रहने वाले है। उनके आधार कार्ड देखे गये और अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। पूछताछ में पता चला कि 2 दिनों से खाराकुआ थाना क्षेत्र की एक लॉज में ठहरे है। पुलिस ने लॉज संचालक से संपर्क किया तो सामने आया कि वेस्ट बंगाल के दस्तावेज दिये है। पांचों के ठहरने की सूचना खाराकुआ थाना पुलिस को दी गई। मामले में महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि पूछताछ में बांगलादेशी होने की जानकारी सामने नहीं आई है। बावजूद उनकी गतिविधियों का पता लगाया जा रहा है, देर रात तक उनकी कोई संदिग्ध गतिविधियां सामने नहीं आई थी।


## जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री अब्दुल मजीद पिता स्वर्गीय श्री अब्दुल रजाक, निवासी-मकान नंबर 53, मुस्लिम होटल गली, उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 384/1 रकबा 0.8360 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक 384/3 रकबा 0.8360 हेक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 1.6720 हेक्टर, ग्राम कमेड तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नंबर 0090 में अन्दर की ओर स्थित है। उक्त भूमि के विकास कार्य हेतु मेरे पक्षकार ने एक रजिस्टर्ड अनुबंध दिनांक 01-07-2024 को श्री विजय चंदनानी पिता श्री लक्ष्मणदास जी चंदनानी, निवासी-मकान नंबर 605, निर्वाणा लक्जरी, माणिक बाग रोड, इंदौर म.प्र. श्री हरमीत सिंह टुटेजा पिता श्री गोविन्द सिंह टुटेजा, निवासी-66/2, राज मोहल्ला कॉलोनी, एक्स-6, बंगले के पीछे, इंदौर, म.प्र. से किया था और उक्त अनुबंध अनुसार इनको मेरे पक्षकार की भूमि पर संपूर्ण विकास कार्य जून 2025 तक पूर्ण करना था। अनुबंध दिनांक 01-07-2024 अनुसार इन लोगों ने अनुबंध की किसी भी शर्त का पालन नहीं किया है इस कारण मेरे पक्षकार को बहुत अधिक आर्थिक हानि हुई है। इस कारण मेरे पक्षकार अब्दुल मजीद उक्त अनुबंध दिनांक 01-07-2024 को निरस्त करते है और इस संबंध में उपरोक्त उल्लेखित व्यक्तिगणो को उनके दिये पते पर लिखित मे रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से सूचना पत्र भी प्रेषित कर दिया है। मेरे पक्षकार अब उक्त भूमि के संबंध में किसी भी अन्य से अनुबंध करने हेतु स्वतंत्र हो गये है।

अत: सूचित हो । इति दिनांक 18-06-2026

**योगेश सक्सेना एडवोकेट**
**83 श्रीपाल मार्ग भागसीपुरा उज्जैन एमपी**
**मो. 9926093979**

## जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार पदमसिंह पिता श्री बाबूलाल जाति कलोता निवासी 168/1, ग्राम देवराखेडी जिला इन्दौर (म.प्र.) ने श्रीमती प्रीया पति श्री दिग्विजय सिंह जाति राजपूत निवासी 2, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 35/1 रकबा 0-400 हेक्टर स्थित ग्राम ऐरवास तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है, को उसमें वैष्ठित समस्त सुखाधिकारों सहित क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदाकर दी है तथा विधिवत् अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया होकर अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विधिवत विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगाव कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक 22/06/2026 उज्जैन

कार्यालयीन समय सुबह 11-00 से 6-00 बजे तक

**रितिक बंसल (सेवा प्रदाता)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**बंसल टाइपिंग सर्विस कंठाल चौराहा उज्जैन**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**

## जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार लक्ष्मीकांत पिता कृष्णचन्द्रजी जाति कुलम्बी निवासी ग्राम मौलाना तहसील बडनगर जिला उज्जैन द्वारा हेमलताबाई पति कृष्णचन्द्रजी जाति कुलम्बी निवासी ग्राम मौलाना तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से दिनांक 20/11/2012 को एक भुखण्ड सर्वे नम्बर 148/3 रकबा 0.05 हे. मेसे 157.05 वर्गमीटर है जिसका विधिवत विक्रय पत्र संपादित हुआ था जिसकी संख्या क्रं-1779 है। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व मे रतनलाल पिता प्रतापजी की भूमि पश्चिम मे बडनगर उज्जैन मार्ग व विक्रेता का शेष भाग उत्तर मे वासुदेव जी का प्लाट तथा दक्षिण मे विक्रेता का भवन उक्त असल दस्तावेज त्रुटीवश भुलवश कही गुम हो गया है जिसकी काफी खोजबीन करी परन्तु उक्त दस्तावेज नही मिला है। जिसकी सुचनार्थ पुलिस थाना बडनगर में की गई है उक्त दस्तावेज के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक तथा शासकिय अर्द्धशासकीय संस्था का ऋण भार बकाया हो या किसी भी व्यक्ति को आपत्ती हो तो वह इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे आपत्ती प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी। दिनांक 22/06/2026

**पन्नालाल त्रिवेदी (एडव्होकेट) विकास त्रिवेदी (से.प्र.) कोर्ट परिसर बड़नगर मो. 8871902775**


**कार्यालय रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी,**
**उज्जैन नगर, जिला उज्जैन**

क्रमांक/रीडर-1/2026/1005
प्रकरण क्रमांक 0015/बी-113/26-27
लोक न्यास का नाम- श्री धाकड समाज धर्मशाला भवन ट्रस्ट
पंजीयन क्रमांक-88

उज्जैन दिनांक: 22/06/2026

श्री धाकड समाज धर्मशाला भवन ट्रस्ट कार्यालय-
73, अनन्त पेठ, दानीगेट, उज्जैन ................आवेदक

विरुद्ध
मध्यप्रदेश शासन

**// विज्ञप्ति //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री धाकड समाज धर्मशाला भवन ट्रस्ट, कार्यालय- 73, अनन्त पेठ, दानीगेट, उज्जैन म.प्र. द्वारा अध्यक्ष, श्री हीरालाल मेहता के द्वारा म.प्र. लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-9 (1) के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर श्री धाकड समाज धर्मशाला भवन ट्रस्ट उज्जैन के अंतर्गत ट्रस्टीयो की मृत्यु/त्याग पत्र देने से एवं नवीन चयनित ट्रस्टीयों का ट्रस्ट पंजीयन रजिस्टर में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

पुराने न्यासीगण

| क. | पुराने ट्रस्टी बोर्ड सदस्य | पद | कारण |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री सालगरामजी, निवासी- मोरिया, जिला- रतलाम | सदस्य | मृत्यु हो जाने से |
| 02 | श्री पवनकुमार जी बग्गड़, निवासी- नगरी, जिला- मंदसौर | सदस्य | मृत्यु हो जाने से |
| 03 | श्री सिद्धनाथ जी सरा, निवासी- उन्हेल, जिला- उज्जैन | सदस्य | मृत्यु हो जाने से |
| 04 | श्री गिरधारीलाल जी निवासी- लेकोडा, जिला- उज्जैन | सदस्य | मृत्यु हो जाने से |
| 05 | श्री मोहनलाल जी ठन्ना, निवासी- खाचरोद, जिला- उज्जैन | सदस्य | मृत्यु हो जाने से |
| 06 | श्री मोहनलाल जी मेहता, निवासी- धुंधडका, जिला- मंदसौर | सदस्य | मृत्यु हो जाने से |
| 07 | श्री रामरतन जी पटेल, गोंदीखेडा, जिला- धार | सदस्य | मृत्यु हो जाने से |
| 08 | श्री बापूलालजी बामता, निवासी- रियावन, जिला- रतलाम | सदस्य | मृत्यु हो जाने से |

नवीन न्यासीगण

| क. | नवीन ट्रस्टी बोर्ड सदस्य | पद |
|---|---|---|
| 01 | श्री मदनलाल पिता रामरतन जी पटेल, निवासी- गोंदीखेडा जिला-धार | न्यासी |
| 02 | श्री दिनेश पिता मोहनलाल जी ठन्ना, निवासी- खाचरोद, जिला- उज्जैन | न्यासी |
| 03 | श्री नटवरलाल पिता तुलसीरामजी धाकड, निवासी- जावद, जिला- नीमच | न्यासी |
| 04 | श्री विष्णुप्रताप पिता गुलाबचंद जी पटेल, निवासी- बेडावन, जिला- उज्जैन | न्यासी |
| 05 | श्री रामविलास पिता बद्रीलाल जी धाकड, निवासी- निमन, जिला- रतलाम | न्यासी |
| 06 | श्री मुकेश पिता घनश्याम जी बग्गड़, निवासी- मोरिया, जिला- रतलाम | न्यासी |
| 07 | श्री दिनेश पिता मोहनलाल जी धाकड, निवासी- धुंधडका, जिला- मंदसौर | न्यासी |
| 08 | श्री ईश्वरलाल पिता निर्भयराम जी धाकड, निवासी- केरवासा, जिला- रतलाम | न्यासी |

अतः मै रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट, जिला उज्जैन का लोक न्यासों का पंजीयन/परिवर्तन अपने न्यायालय में दिनांक 23/07/26 को मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 09 (1) के द्वारा यथा अपेक्षित पंजीयन/परिवर्तन करना प्रस्तावित करता हूँ।

अतः एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि न्यास संपत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात दिनांक 23/07/26 के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन मेरे समक्ष प्रस्तुत करना और मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक अथवा अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए।

अनुविभागीय अधिकारी
रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट एवं
अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग उज्जैन नगर, जिला- उज्जैन

# टालने की बुरी आदत



हम सब अपनी जिंदगी में कितनी ही बातें स्थगित करते रहते हैं। हम बदलाव लाना तो चाहते हैं, लेकिन अभी नहीं, फिर कभी। हमारी टु डु लिस्ट लंबी होती जाती है। यह एक बहुत चालाक तरीका है बचने का। कोई कहता है, मैं अभी थोड़ा आक्रामक हूं, लेकिन अहिंसा में विश्वास रखता हूं। धीरे-धीरे अहिंसक बन जाऊंगा। कल से हिंसा करना बिल्कुल छोड़ दूंगा या परसों से, इसी जन्म में या फिर अगले जन्म में। वह इसे टालता रहता है और हिंसक ही बना रहता है। इस तरह, वह अपने भीतर की हिंसकता को देखने से बचता है। अहिंसक बनने की उम्मीद उसकी वर्तमान पीड़ा को कम कर देती है और यह टालना एक दिलासा बन जाता है कि आज नहीं तो कल, हो ही जाएगा।

इससे बचने के लिए ओशो ने एक कारगर सुझाव दिया है। थोड़ा अजीब लगेगा, लेकिन मन के स्वभाव को जानते हुए यही उपाय सफल होगा। उपाय है, स्वयं का साक्षात। यह बहुत कठिन है, क्योंकि कोई भी खुद को बुरा नहीं मानता। अगर आपके अंदर चुराने का भाव और आदत है, तो उसे पूरी तरह से स्वीकार करें। चोरी न करने के बारे में जितने भी धर्मग्रंथ मौजूद हैं, उन सबको भूल जाएं। अपने घर की दीवारों पर लिख दें कि चोरी ही सबसे बड़ा धर्म है। अपने दिल से यह जान लें कि चोरी करना ही आपका सबसे बड़ा कर्तव्य है और जो चोरी नहीं करता, वह गलती कर रहा है। अगर आप चोरी के बारे में इस तरह से सोचते हैं और आपका व्यवहार भी चोर जैसा ही है, तो आप खुद के साथ नहीं रह पाएंगे, क्योंकि कोई भी अपने अंदर छिपे चोर के साथ नहीं रहता। आपकी पूरी शख्सियत, आपका समूचा व्यवहार, आपके विचार, आपकी पूरी पहचान एक चोर जैसी हो जाएगी। आपके अस्तित्व के लिए उस चोर के साथ जीना मुश्किल हो जाएगा, आप उसे तुरंत छोड़ना चाहेंगे। आपकी यह तरकीब कि मैं कल से सब ठीक कर लूंगा। कम से कम मेरे विचार तो अच्छे हैं। मेरा व्यवहार बुरा है, लेकिन वह तो दूसरों की वजह से बुरा है। इस तरह की सोच से बुराई को सहारा भी मिल जाता है। कल के लिए हम इसलिए टालते हैं, क्योंकि हमारे मन में कहीं झिझक है, डर है कि गलत निर्णय ले लिया, तब क्या होगा? जिम्मेदारी से सभी डरते हैं। क्या आपको आज से ज्यादा भरोसा कल पर है? आज से ज्यादा आने वाला कल महत्वपूर्ण है, क्योंकि सारी अच्छी बातें तो कल होंगी, फिर आज का दिन तो खाली गया। यह नियम के विपरीत है। जीना है, तो आज और अभी में ही जी सकते हैं। कल सिर्फ सपनों में जिया जा सकता है, हकीकत में नहीं, क्योंकि कल जब भी आता है, तो वह आज बनकर ही आता है।



सम्पादकीय

## वार्ता पर निगाहें

अमेरिका-ईरान युद्ध की समाप्ति के लिए रविवार को स्विट्जरलैंड में शुरू हुई बातचीत पर स्वाभाविक ही पूरी दुनिया की निगाहें लगी हैं, क्योंकि इस जंग ने तमाम मुल्कों की माली हालत पर बुरा असर डाला है। ऐसे में, वार्ता शुरू होने से ठीक पहले इजरायल द्वारा लेबनान पर किए गए हमलों को निहायत गैर-जिम्मेदाराना रवैया माना गया, क्योंकि ये हमले अमेरिका-ईरान के बीच बनी सहमति के बिल्कुल खिलाफ थे। जिस सहमति-पत्र पर दोनों देशों के राष्ट्रपतियों ने बुधवार को दस्तखत किए थे, उसमें साफ-साफ दर्ज है कि लेबनान समेत सभी मोर्चों पर सैन्य अभियानों को तत्काल और हमेशा के लिए रोका जाएगा। जाहिर है, तेहरान की तरफ से इस पर त्वरित प्रतिक्रिया आई और एक बार फिर उसने होर्मुज जलमार्ग को बाधित करने का दावा किया। कहने की जरूरत नहीं कि इजरायल ने यह कार्रवाई बातचीत में अड़चन डालने के इरादे से की थी। ऐसे में, अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस का भड़कना लाजिमी था। उन्होंने इजरायली निजाम को लगभग चेतावनी देते हुए कहा कि उसे अपने सबसे भरोसेमंद साथी के साथ खेल नहीं खेलना चाहिए। वेंस ने इजरायल को यह तक याद दिला दिया कि पिछले तीन महीने से जिन हथियारों के बूते वह अपनी जमीन की हिफाजत कर रहा, उनमें से दो-तिहाई हथियार अमेरिकियों ने बनाए हैं।

इजरायल की कुछ चिंताएं अपनी जगह वाजिब हो सकती हैं और समझौता-वार्ता की पूरी प्रक्रिया से उसे बाहर रखे जाने से देश के भीतर बेंजामिन नेतन्याहू की जो किरकिरी हो रही है, इससे उपजी उनकी बेचैनी भी समझी जा सकती है, मगर अमेरिकी उप-राष्ट्रपति के बयानों से साफ पता चलता है कि वाशिंगटन की लगातार नेतन्याहू से इस समझौते को लेकर बातचीत होती रही है। इसके बाद भी इजरायल इस बातचीत को नाकाम करने की मंशा से हमले कर रहा, तो खुद को ही दुनिया में और अलग-थलग कर रहा है। यह कोई छिपी हुई बात नहीं है कि इस पूरे खित्ते में उसकी मजबूत स्थिति का बहुत बड़ा आधार अमेरिका और यूरोपीय देश रहे हैं, मगर अपने अड़ियल रवैये के कारण उसने यूरोप को लगभग अपना विरोधी बना डाला है। अब अमेरिका को नाराज करने की कोई भी चेष्टा उसकी हिमाकत ही होगी। इसलिए बेहतर होगा कि वह पिछले दरवाजे से अपने हितों की सौदेबाजी करे और यह काम उसके लिए अमेरिका के सिवा कोई दूसरा देश नहीं कर सकता।

यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी की दूरदर्शिता तथा

# कर्मठ मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में आगे बढ़ता मध्यप्रदेश

भारत की राजनीति में विकास अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि सुशासन की कसौटी बन चुका है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी केन्द्रीय योजनाओं और मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन ने प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित कर दिया है। आज मध्यप्रदेश विकास, सुशासन, नवाचार और जनभागीदारी का ऐसा मॉडल बनकर उभरा है, जिसकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है।



सुरेश पचौरी
(दैनिक अवन्तिका)

मध्यप्रदेश की उपलब्धियां केवल सरकारी रिपोर्टों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यहां के करोड़ों नागरिकों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की सशक्त कहानी भी हैं। यही कारण है कि आज मध्यप्रदेश अनेक केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में देश में अग्रणी है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 9 लाख से अधिक आवासों का निर्माण कर मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत 82 लाख से अधिक घरों तक नल से जल पहुंचना ग्रामीण जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन का उदाहरण है। वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत 4 करोड़ 46 लाख से अधिक कार्ड वितरित कर और 71 लाख से अधिक नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराकर प्रदेश ने स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पीएम स्वनिधि और पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं, कारीगरों और छोटे व्यापारियों को आर्थिक आत्मनिर्भरता का नया आधार प्रदान किया है। किसान क्रेडिट कार्ड 6 लाख 50 हजार पशुपालकों को उपलब्ध हो चुके हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 52 लाख महिलाओं को लाभ मिला जो देश में अग्रणी है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भी मध्यप्रदेश देश में अग्रणी है।

### कृषि क्षेत्र में नई ऊँचाइयों की ओर

मध्यप्रदेश की पहचान कृषि प्रधान राज्य के रूप में रही है, लेकिन आज यह कृषि नवाचार और उत्पादन क्षमता के कारण राष्ट्रीय नेतृत्व की भूमिका में दिखाई देता है। प्रदेश खाद्यान्न उत्पादन व गेंहू उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है, जबकि दलहन एवं तिलहन उत्पादन में प्रथम स्थान पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। मक्का उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य होने के साथ-साथ गेहूं, चना, उड़द और मसूर उत्पादन में भी मध्यप्रदेश शीर्ष राज्यों में शामिल है। एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड योजना के तहत 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रकरण स्वीकृत कर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एग्री स्टैक परियोजना के तहत एक करोड़ से अधिक यूनिक फार्मर आईडी बनाकर मध्यप्रदेश भारत सरकार से शत-प्रतिशत प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाला देश का एकमात्र राज्य बना है। यह उपलब्धि डिजिटल कृषि क्रांति की दिशा में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की गंभीरता को दशार्ती है। इसके साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया आधार मिला है। जैसे मत्स्य पालन और पशुपालन के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश लगातार नई उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। यह आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को जमीनी स्तर पर साकार करने का प्रभावी प्रयास है।

### डिजिटल गवर्नेंस और सुशासन का मॉडल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने प्रशासनिक सुधारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। देश का पहला साइबर पंजीयन कार्यालय और सभी 55 जिलों में साइबर तहसील व्यवस्था लागू करना सुशासन की दिशा में क्रांतिकारी पहल मानी जा रही है। भारत नेट योजना के अंतर्गत 20,422 ग्राम पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क बिछाकर प्रदेश ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी का नया अध्याय लिखा है। यही कारण है कि मध्यप्रदेश आज डिजिटल प्रशासन और तकनीक आधारित सेवा वितरण में अग्रणी राज्यों में गिना जाता है।

### निवेश, उद्योग और रोजगार का नया केंद्र

मध्यप्रदेश तेजी से निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। एक वर्ष में सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव आकर्षित करने वाला देश का तीसरा राज्य बनना इसकी बढ़ती आर्थिक शक्ति का प्रमाण है। धार में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र का विकास तथा खनिज ब्लॉकों की सफल नीलामी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना इस बात का संकेत है कि प्रदेश उद्योग और रोजगार सृजन के नए युग में प्रवेश कर चुका है। इसके साथ ही पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को बेस्ट टूरिज्म स्टेट ऑफ द ईयर सम्मान प्राप्त होना उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं की स्वीकृति है। पर्यटकों के लिए अंतरराज्यीय हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने वाला यह देश का पहला राज्य है। स्वच्छता के क्षेत्र में भी प्रदेश ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। इंदौर ने लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीतकर नया इतिहास रचा है, जबकि भोपाल देश की सबसे स्वच्छ राजधानी के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है।

सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के चलते नशामुक्ति अभियान के प्रभावी संचालन और अब नक्सलवाद से पूर्ण मुक्ति प्राप्त करना प्रदेश की कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है। यह उपलब्धि न केवल सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि विकास के नए अवसरों का मार्ग भी प्रशस्त करती है।

विकसित भारत के निर्माण में मध्यप्रदेश की निर्णायक भूमिका के तहत आज का मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी नीतियों और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सक्रिय नेतृत्व का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। जनकल्याण, सुशासन, कृषि, उद्योग, डिजिटल नवाचार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियां यह प्रमाणित करती हैं कि मध्यप्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। डबल इंजन की सरकार में यह केवल योजनाओं का सफल क्रियान्वयन नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, सरकार की प्रतिबद्धता और विकास की राजनीति का जीवंत उदाहरण है। मध्यप्रदेश आज उस विकसित भारत का प्रतिनिधि बनकर उभर रहा है, जो आत्मनिर्भर, समृद्ध, सुरक्षित और उज्जवल भविष्य की ओर आत्मविश्वास के साथ अग्रसर है।

**(लेखक भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री हैं)**

## व्हिस्की के गिलास में रामराज्य

धुंधली बत्ती और मच्छर भगाने वाली कॉइल के धुएं के बीच वह बैठ कर फाइलें देख रहा था। सरकारी दफ्तर की घिसी हुई कुर्सी पर बैठे-बैठे उसकी पीठ अकड़ चुकी थी। नाम था उसका अविनाश। पद था सीनियर क्लर्क, लेकिन काम था एक अदद रीढ़ विहीन बंधुआ मजदूर का। बाहर तेज बारिश हो रही थी। पूरा शहर पानी में डूब रहा था। झुग्गियों में पानी घुस चुका था। लोग छतों पर भूखे-प्यासे बैठे थे। कंट्रोल रूम के फोन लगातार बज रहे थे और अविनाश हर फोन पर एक ही रटा-रटाया वाक्य बोल रहा था, राहत सामग्री भेजी जा रही है, धैर्य रखें।

तभी उसकी जेब में रखा पुराना फोन थरथराया। स्क्रीन पर चमका, विधायक जी।

अविनाश ने हड़बड़ाकर फोन उठाया। दूसरी तरफ से भारी और रोबीली आवाज आई, सुनो अविनाश, जरा कोठी पर आओ। कुछ जरूरी कागज साइन करने हैं। और हां, वो बाढ़ राहत वाली फाइल भी लेते आना।

अविनाश ने बाहर देखा। घुटनों तक पानी था। कोई साधन नहीं था। लेकिन हुक्म तो हुक्म था। उसने प्लास्टिक की थैली में फाइल को लपेटा, अपनी फटी हुई चप्पल संभाली और पैदल ही निकल पड़ा। भूख से उसके पेट में मरोड़ उठ रही थी। उसकी अपनी बस्ती भी डूबने की कगार पर थी। उसकी बूढ़ी मां और छोटी बहन घर में अकेली थीं। उसने मां को फोन करने की कोशिश की, लेकिन नेटवर्क गायब था। एक अजीब सी घबराहट उसके सीने में बैठ गई थी।

आधे घंटे की मशक्कत के बाद वह विधायक निवास के विशाल लोहे के गेट के सामने था। बाहर पुलिस का पहरा था। अंदर का नजारा बाहर की दुनिया से बिल्कुल अलग था। आलीशान लॉन, चमचमाती गाड़ियां और झूमर की रोशनी।

अविनाश को सीधे अंदर बड़े हॉल में बुला लिया गया।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 23 जून 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 05:47 सूर्यास्त 19:12
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - नवमी 16:39 उपरांत दसमी
नक्षत्र - हस्त 11:54 उपरांत चित्रा
योग - वरियान 10:13 परिघ
करण - कौलव
चन्द्रमा - कन्या में है। 24:53 पर तुला में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 07 तारिख

**मेष-** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। यात्रा होगी।

**वृषभ-** व्यावसायिक अथवा निजी काम से सुखद यात्रा हो सकती है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। दूसरों से न उलझें।

**मिथुन-** रुका हुआ धन मिल सकता है। निवेश शुभ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**कर्क-** रोमांस में सफलता मिलेगी, प्रसन्नता रहेगी। रुका काम समय पर पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सिंह-** तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। बाहरी सहायता से काम होंगे। ईश्वर में रुचि बढ़ेगी।

**कन्या-** कामकाज की अनुकूलता रहेगी। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। रोमांस में सफलता मिलेगी।

**तुला-** आज घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। भाई को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक-** धनलाभ होगा। नौकरीपेशा का जीवन अच्छा चलेगा, पदोन्नति होगी। बाहरी कार्यों में विलंब से चिंता होगी।

**धनु-** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। व्यापार अच्छा चलेगा।

**मकर-** रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। लाभदायक समाचार मिलेंगे। प्रेम-संबंधों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ-** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। कार्य पूर्ण होंगे। आय बढ़ेगी। मनोरंजक यात्रा होगी। प्रसन्नता रहेगी। सहयोगी मदद नहीं करेंगे।

**मीन-** व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

हास-परिहास

## खबरों पर व्यंग्यकार की चुटकी

अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण की जाँच के लिए प्रदेश सरकार ने एसआइटी गठित कर 7 दिन में प्रारंभिक व 15 दिन में विस्तृत रिपोर्ट सौंपने को कहा।

जाँच करें, मालूम हो, किसका है यह काम।
फिर बुलडोजर से करें, उनका काम तमाम॥



ओम वर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

टीएमसी के 20 बागी सांसदों ने त्रिपुरा की पंजीकृत लेकिन गैर मान्यता प्राप्त पार्टी एनसीपीआई (नेशनलिस्ट सिटीजंस पार्टी ऑव इंडिया) में विलय किया। लोकसभा में एनसीपीआई के पाँचवे बड़े ब्लॉक बनने की संभावना।

जिस दल का कल तक न था, कोई नाम-निशान।
मिली उसे तृणमूल से, एक नई पहचान॥

अमेरिका-ईरान युद्ध के समझौते के प्रारूप पर डिजिटल हस्ताक्षर हुए। जिनेवा में 19 जून को औपचारिक कार्यक्रम होगा। ईरान को 28 लाख करोड़ देंगे ट्रंप। शांति डील का बाजार, तेल और रुपए पर तत्काल सकारात्मक असर देखा गया। डील से नेतन्याहु असहमत।

आखिर क्या हासिल किया, लड़कर लंबा युद्ध।
पूछ रहे हैं विश्व के, सारे आज प्रबुद्ध॥

फ्रांस के एवियन में जी-7 समिट में मोदी-ट्रंप की भेंट हुई। ट्रंप ने मोदी को शांत, संयमित और शानदार नेता बताया और वादा किया कि जब तक वे राष्ट्रपति हैं, भारत का दोस्त मौजूद रहेगा।

पहले भी वे कर चुके, मोदी के गुणगान।
फिर क्यों टैरिफ टैक्स की, दी थी चादर तान ॥

स्पीकर बिड़ला से मिले उद्धव के बागी सांसद, शिवसेना (शिंदे) में विलय का सौंपा पत्र। उद्धव पर विचारधारा से भटकने और कांग्रेस में विलय की दिशा में बढ़ने का लगाया आरोप।

अब होगी कुछ इस तरह, राजनीति में रेस।
या तो होगी भाजपा, या होगी कांग्रेस॥

## महेश नवमी
### (वंशोत्पत्ति दिवस )

तुम्ही हमारे माता-पिता और जीवन रक्षक हो,
तुम्ही हमारे बंधु सखा और पापों के भक्षक हो,
क्षमादान दिया नया जीवन दे नाथ औघड़दानी,
हमारी करूण प्रार्थनाएं माँ-महादेव तुमने मानी ।
अपराध बोध पर हमनें की तेरी जो शरणागति,
ऋषि-मुनियों के भयंकर श्राप से पाई फिर मुक्ति,
महेश्वर तुमने हम अज्ञानियों को सहर्ष अपनाया,
छाप माहेश्वरी तुमसे तब वरदान स्वरुप में पाया ।
ज्येष्ठ शुक्ल तिथि नवमी को ये विशेष कृपा हुई,
माहेश्वरी जाति की उत्पत्ति शिव-शक्ति से ही हुई,
लोहार्गल माहेश्वरी वंशोत्पत्ति तीर्थ है कहलाया,
वाणिज्य कर्म को स्वीकार उद्देशय नवल पाया ।
सभी माहेश्वरी आनंद से उत्पत्ति पर्व मनाते,
महेश्वर-महेश्वरी के भजन-कीर्तन श्रद्धा से गाते,
पूर्वजों को धन्यवाद कर प्रभु का करते गुणगान,
श्रेष्ठ संस्कारी कर्मों से रखते कुल का मान-सम्मान ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

# पेट संबंधी रोगों से छुटकारा चाहते हैं तो नियमित करें यह आसन

एक स्वस्थ शरीर के लिए योग करना बेहद जरूरी है, क्योंकि शरीर को फिट रखने के लिए योग और आसनों का अपना ही अलग महत्व होता है। कई ऐसे योगसन हैं, जिनका नियमित अभ्यास करने से शरीर फिट और स्वस्थ बना रहता है। गोरक्षासन भी ऐसे ही एक आसनों में से एक है। अगर आप इस आसन का नियमित अभ्यास करेंगे तो बवासीर और पेट के रोगों में लाभ मिलेगा। ये पुरुष और महिला दोनों के लिए खास माना जाता है।

### सेहत के लिए कैसे खास है गोरक्षासन

गोरक्षासन से शरीर की स्थूलता समाप्त होती है। शरीर की कमजोरी से होने वाले बवासीर, धातुक्षय आदि जैसे रोग दूर होते हैं। मांसपेशियों को मजबूती मिलती है, पाचन क्रिया सही होती है। नीचे जानिए इसके बारे में

### आसन को करने का सही तरीका

- सबसे पहले सांस लेते हुए दोनों घुटनों को मोड़ें और तलवों को आपस में सटा लें।
- अब सांस छोड़ते हुए दोनों हाथ जमीन पर टिकाकर शरीर ऊपर उठाएं।
- अब दोनों पैरों के पंजों पर इस प्रकार से बैठें कि शरीर का वजन एड़ी के ठीक बीच में पड़े।



- अब पुनः श्वास भरते हुए दोनों हथेलियों को घुटनों पर रखें।
- अंत में सांस रोककर ठोढ़ी को छाती से सटाएं।
- कुछ पल बाद सहज श्वास के साथ सामान्य स्थिति में लौट आएं।
- घुटने, एड़ी का दर्द या चोट होने पर न करें।

### गोरक्षासन से मिलने वाले फायदे

- इस आसन के अभ्यास से शुक्र ग्रन्थियों का विशेष व्यायाम होता है।
- इस आसन से पुरुषों के शुक्राणुओं की क्षमता बढ़ती है।
- यह आसन स्वप्नदोष और शीघ्रपतन के दोष से मुक्त करता है।
- इस आसन के अभ्यास से भोजन का अच्छी तरह से पाचन हो जाता है।
- इसके नियमित अभ्यास से स्त्रियों के गर्भाशय से संबंधित रोगों को दूर करने में मदद मिलती है।
- यह योगाभ्यास आपको पेट से सम्बंधित गैस को कम करने में मदद देता है।
- यह योगाभ्यास शरीर के संतुलन बनाए रखने में मददगार है।

### किन लोगों को नहीं करना चाहिए गोरक्षासन

- जिन लोगों के घुटनों में दर्द की समस्या है उन्हें गोरक्षासन नहीं करना चाहिए।
- अगर आपकी एड़ी में दर्द की समस्या है, तो इसके अभ्यास से बचें
- आंतों के रोगों और थायरॉइड के कारण मोटापा है, तो ये योगासन न करें।

धर्म-आस्था

# जब सब कुछ होते हुए भी मन बेचैन रहे, तो प्रेमानंद महाराज की यह बात जानें

अक्सर लोग सोचते हैं कि भौतिक सुख ही असली सुख है लेकिन यह भी देखा गया है कि किसी के पास सबकुछ होने के बावजूद वो खुश नहीं है। वो चाहकर भी उन चीजों का सुख नहीं ले पा रहा क्योंकि उसके मन में एक खालीपन है। यह एक ऐसा भाव है जिसे लोग समझ नहीं पाते और ना ही इससे निकलने की राह ढूंढ पाते हैं, बल्कि वो एक चीज को पाने से लेकर दूसरी चीज कमाने के पीछे लग जाते हैं। उन्हें लगता है कि शायद अगर वो ये चीज पा लें, तो उन्हें खुशी का एहसास होगा, लेकिन तब भी उन्हें वो आनंद नहीं मिलता। ऐसा क्यों होता है और इससे उबरने के लिए या सच्ची खुशी पाने के लिए क्या करना चाहिए, चलिए जानते हैं...जीवन के खालीपन के बारे में प्रेमानंद महाराज के विचार



प्रेमानंद महाराज का कहना है कि भौतिक सुख क्षणिक होता है। इसलिए, धन, पद, परिवार और आराम सब मिल जाएँ, फिर भी मन खाली रह सकता है। असली खुशी बाहर नहीं, भीतर है। जब तक मन भगवान के नाम से जुड़ा नहीं होता, तब तक सबकुछ होते हुए भी खालीपन रहता है। भक्ति, नामजप और सेवा ही उस खालीपन को भरते हैं। आत्मा की तृप्ति केवल भक्ति और नामजप से होती है। प्रेमानंद महाराज अपने प्रवचनों में बताते हैं कि सुख वस्तुओं में नहीं, बल्कि मन की अवस्था में होता है। यदि मन अशांत है, तो बाहरी उपलब्धियां भी व्यक्ति को स्थायी आनंद नहीं दे सकतीं। जीवन में सबकुछ होने पर भी खुशी न मिलना इस बात का संकेत है कि असली आनंद भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि आत्मा और भगवान के नाम में है।

प्रेमानंद महाराज के अनुसार, मनुष्य की इच्छाएं कभी समाप्त नहीं होतीं। एक इच्छा पूरी होती है तो दूसरी जन्म ले लेती है। व्यक्ति सोचता है कि अमुक चीज मिल जाएगी तो वह खुश हो जाएगा, लेकिन उसे प्राप्त करने के बाद भी मन नया लक्ष्य खोजने लगता है। इसी कारण बाहरी उपलब्धियों से मिलने वाला सुख कुछ समय बाद सामान्य लगने लगता है और व्यक्ति फिर से असंतुष्ट महसूस करने लगता है। महाराज जी कहते हैं कि मनुष्य का वास्तविक स्वरूप आत्मा है और आत्मा का संबंध परमात्मा से है। जब व्यक्ति केवल भौतिक सुखों में आनंद खोजता है और आध्यात्मिक जीवन से दूर हो जाता है, तब भीतर एक खालीपन बना रहता है। उनके अनुसार भगवान का स्मरण, भक्ति, नाम-जप और सत्संग मन को वह शांति प्रदान करते हैं जो सांसारिक वस्तुएं नहीं दे सकतीं।

महाराज के अनुसार, जो व्यक्ति भगवान द्वारा दिए गए जीवन, परिवार, स्वास्थ्य और अवसरों के लिए आभार व्यक्त करता है, उसका मन अधिक शांत और प्रसन्न रहता है। भौतिक वस्तुएँ केवल शरीर को सुख देती हैं, लेकिन सेवा आत्मा को आनंद देती है। प्रेमानंद महाराज के अनुसार, यदि जीवन में सबकुछ होने के बाद भी खुशी नहीं मिल रही, तो समस्या बाहरी वस्तुओं की कमी नहीं, बल्कि मन की अशांति और आध्यात्मिक खालीपन हो सकती है। संतोष, भक्ति, कृतज्ञता और भगवान का स्मरण ही स्थायी आनंद की ओर ले जाते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,48,000 रवा- 1,47,800 चांदी-टंच- 2,40,500 पाट- 2,39,000।

## उज्जैन किराना
### अशोक कुमार भगवानदास
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## नियमित योग व्यक्ति को स्वस्थ रखता है

**महिदपुर।** शासकीय उत्कृष्ट उमावि महिदपुर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रीमती कृष्णाबाई, शिवनारायण सूर्यवंशी, जनपद अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया।इन्होंने अपने उद्बोधन में योग के महत्व और योग से व्यक्ति हमेशा गंभीर बीमारी से भी निजात पा सकता है। नियमित योग ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है। इसके बारे में विस्तार से उपस्थित छात्रों और शिक्षकों को बताया। कार्यक्रम में योग नोडल अधिकारी उज्जवला मैडम, डॉ. अमित, प्रोफेसर प्रभाकर मिश्र, समाजसेवी गिरधारी लाल उथरा, योग शिक्षक राधेश्याम कुमावत, शैलेंद्र सिंह चौहान, ईश्वर चौधरी, पत्रकार विजय चौधरी आदि उपस्थित थे। योग कार्यक्रम पल/ प्रतिपल प्रातः 6 बजे से 7.50 तक शासन के निर्देश अनुसार संपन्न हुआ। उसके पश्चात समस्त जनप्रतिनिधि, शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राओं को दूध बिस्किट का वितरण किया गया। अंत में आभार प्राचार्य किशोर कुमार परमार द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश कमलकर शिक्षक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ,संकुल के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं और छात्र/छात्राएं उपस्थित थी।

## रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण- मंत्री टेटवाल



**सारंगपुर।** केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुलावता में रात्रिकालीन चौपाल जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री गौतम टेटवाल ने मुख्य रूप से भाग लेकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं के मौके पर ही त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस जन कल्याण शिविर में ग्राम गुलावता, तुकोगंज, शेरपुर, बाबडल्या, ईचवाडा, पिपलियापाल, कमलसरा सहित आसपास के गांवों से बडी संख्या में ग्रामीण, किसान, महिलाएं और युवा मौजूद रहे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में गरीब, किसान, महिला और युवा कल्याण को केंद्र में रखकर योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। गौतम टेटवाल ने आगे कहा कि रात्रि चौपाल का उद्देश्य शासन और जनता के बीच की दूरी को पूरी तरह समाप्त करना है, ताकि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पडें। शासन स्वयं गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहा है और मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कर रहा है। यही सुशासन का वास्तविक स्वरूप है।

## बिजली के खंभे में उतरे करंट से दो सांडों की मौत

**सारंगपुर।** आदर्श नगर कालोनी स्थित मंडी प्रांगण में लगे ट्रांसफार्मर से एक दर्दनाक घटना में बिजली के खंभे में उतरे



करंट की चपेट में आने से दो सांडों की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार दोनों सांड सडक किनारे स्थित बिजली के खंभे के संपर्क में आ गए, जहां करंट प्रवाहित हो रहा था। करंट लगने से दोनों पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि खंभों में करंट उतरने की शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन समय पर सुधार कार्य नहीं किया गया। ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। सूचना मिलने पर संबंधित विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

## हज यात्रा से लौटे हाजी मुमताज भाई और नजमा बी का इंदौर एयरपोर्ट पर स्वागत

**सारंगपुर।** सारंगपुर क्षेत्र के ग्राम पाडल्या के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं आशा मेडिकल स्टोर्स हाजी मुमताज भाई और उनकी अहलिया (पत्नी) नजमा बी पाक मक्का-मदीना से अपनी मुकद्दस हज यात्रा मुकम्मल कर सकुशल अपने वतन वापस लौट आए हैं। उनके वतन वापसी पर समाजसेवियों, मित्रों और परिजनों द्वारा उनका बेहद गर्मजोशी और अदब के साथ स्वागत किया गया। हाजियों के इंदौर स्थित देवी अहिल्या बाई होलकर हवाई अड्डे (एयरपोर्ट) पर पहुंचते ही वहां मौजूद शुभचिंतकों ने फूलों के हार पहनाकर और गुलदस्ते भेंट कर उनका इस्तकबाल किया।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

अंचल में उत्साह से मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, विभिन्न स्थानों पर हुए योग शिविर

# योग से निरोगी जीवन का संदेश, विद्यालयों से लेकर पहाड़ियों तक गूंजा योग का महत्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर







12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुसनेर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न संस्थाओं, विद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा उत्साहपूर्वक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से ही नगर एवं गांवों में लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए नियमित योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। कई स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। योग दिवस के अवसर पर करें योग, रहें निरोग का संदेश देते हुए लोगों ने प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया।

जेल रोड स्थित सांदीपनी विद्यालय में खंड स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी रहे। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, जिला मंत्री डॉ. गजेन्द्र चन्द्रावत, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा एवं युगल किशोर परमार उपस्थित रहे। योग मंडल के मांगीलाल शर्मा ने उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसे सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राजेश श्रीमाल, नगर परिषद सीएमओ हरिओम शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र लाहौर सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। सभी ने योग को स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

इधर, ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला आगर मालवा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर मैना में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहन, आचार्य परिवार, अभिभावक एवं संयोजक मंडल के सदस्य शामिल हुए। प्रधानाचार्य रोशन सिंह सिसोदिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और अनुशासित जीवन का माध्यम भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन योग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का समापन करें योग, रहें निरोग के संदेश के साथ हुआ। कार्यक्रम की जानकारी वरिष्ठ आचार्य मानसिंह कटारिया ने दी।

वहीं हाई स्कूल खेराना में भी योग दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक धर्मवीर आर्य ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, बड़ी संख्या में विद्यार्थी, गांव के समाजसेवी हते सिंह तंवर (जेएमडी ग्रुप) एवं पूर्व सरपंच राधेश्याम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन अपनाने का संकल्प लिया।

इसी क्रम में कालवा बालाजी की प्राकृतिक एवं मनोरम पहाड़ियों के बीच चिकित्सक डॉ. जितेंद्र श्रोत्रिय ने योगाभ्यास कर पर्यावरण के बीच योग करने का संदेश दिया। पहाड़ियों के बीच किए गए योग की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुईं, जिन्हें लोगों ने खूब सराहा। कई लोगों ने इसे प्रकृति के सानिध्य में योग करने की प्रेरणादायक पहल बताया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित इन कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने की जीवनशैली है। बच्चों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं शिक्षकों की सहभागिता ने कार्यक्रमों को सफल बनाया और पूरे क्षेत्र में योग के प्रति जागरूकता एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

### मक्सी

21 जून 2026 रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पीएम श्री शासकीय तिलक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मक्सी में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामूहिक योग कार्यक्रमभारत सरकार द्वारा निर्धारित, कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार संपूर्ण देश में एक ही समय पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रवि पांडे जिला अध्यक्ष भाजपा शाजापुर ने की। महेंद्र सिंह खाटु पटेल मक्सी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश गुप्ता मक्सी मंडल मीडिया प्रभारी कृष्णा भावसार मंडल कार्यक्रम सह प्रभारी राम प्रसाद पाटीदार पार्षद राहुल जैन जगदीश गुप्ता शासकीय तिलक उच्चतर विद्यालय मक्सी के स्टाफ श्रीमती शैलेश टीना कुजूर प्राचार्य दयाराम बंसल कैलाशचंद कटारिया एलएन राठौर राकेश धाकड़ कैलाशचंद परमार सतीश चंद्र श्रीमती सविता रमेश चंद जोशी रतनलाल फुलेरिया मानसिंह लोधी अरविंद असोडिया संगीतापाटीदार सहित मक्सी के अनेक नागरिकों ने योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया कार्यक्रम का संचालन ओंकार सिंह कराड़ा द्वारा किया गया अंत में आभार दयाराम अंसल द्वारा माना गया

### सारंगपुर।

हम भारत की उस महान योग परंपरा का उत्सव मना रहे हैं, जिसने मानवता के लिये स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग प्रदान किया है। योग विश्व को हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक अनमोल उपहार है। यह हमारे ऋषियों-मुनियों की हजारों वर्षों की साधना का परिणाम है। आज भारतभूमि से स्वास्थ्य, संतुलन, शांति और आत्मकल्याण का संदेश विश्व में प्रसारित किया जा रहा है। उक्त उद्गार रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सारंगपुर उत्कृष्ट मैदान में आयोजित ब्लॉक स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को जीवन की सफलता का आधार माना गया है। योग उसी संतुलन को स्थापित करने का मार्ग है।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन ने कहा कि संपूर्ण विश्व में लोकप्रिय योग हो रहा है। योग शब्द का अर्थ है जोडना है। व्यक्ति को स्वयं से, समाज को प्रकृति से और सम्पूर्ण मानवता को व्यापक विश्व चेतना से जोडना। योग एक सशक्त माध्यम है, जो हमें आंतरिक शांति, संतुलन और सामूहिक कल्याण की दिशा में आगे बढाता है। आज जब विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब योग मानवता को शांति, संतुलन, समरसता और सामूहिक कल्याण का मार्ग दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसवामाता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप नागर एवं पंचायत सचिव पंकज नागर द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रमेश चंद्र नागर व योग प्रभारी उमेश चन्द्र सोनी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों, पालकों एवं समस्त स्टाफ ने सामूहिक रूप से विभिन्ना योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया।

बड़ौद में मोहर्रम शांति समिति बैठक सम्पन्न

# आवारा सांडों पर कार्रवाई का नगर परिषद ने दिया आश्वासन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़ौद



बड़ौद में मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए रविवार दोपहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी रूप सिंह बेस ने की। इसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में मोहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूस, ताजिया मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने सभी उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।इस दौरान नागरिकों ने नगर में घूम रहे आवारा सांडों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। लोगों ने बताया कि सड़कों पर विचरण कर रहे इन आवारा सांडों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और कई लोग इनके हमलों में घायल हो चुके हैं।नागरिकों की शिकायत पर प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि नगर परिषद के माध्यम से जल्द ही आवारा पशुओं को पकड़कर उचित स्थान पर भेजने की कार्रवाई की जाएगी।बैठक में नायब तहसीलदार चंद्रशेखर परमार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन लववंशी, थाना प्रभारी रूप सिंह बेस, अंजुमन सदर रशीद खान, पत्रकारगण और विद्युत विभाग के कर्मचारियों सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने मोहर्रम पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प लिया।

## 10 साल पुराने जमीन विवाद में झड़प, घायल भोपाल रेफर

**सीहोर।** ग्राम सेवनिया में गत रात जमीन और उससे निकलने वाले रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें लाठी-डंडे और रॉड का इस्तेमाल हुआ। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है। घायल युवक ने बताया कि वह अपनी दुकान बंद करके घर लौट रहा था, तभी उसके घर के ठीक सामने आरोपियों ने उसे रोक लिया। पीड़ित के अनुसार, हमलावरों की संख्या लगभग छह थी, जिनमें लखन, जितेन्द्र, नवीन, राहुल और अभिषेक शामिल थे। इन सभी ने मिलकर उसे रोका और लाठी व लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। पीड़ित युवक ने यह भी बताया कि दोनों परिवारों के बीच जमीन को लेकर लगभग 10 साल पुराना विवाद चल रहा है। इसी पुराने विवाद के चलते और रास्ते से निकलने की बात को लेकर आरोपी पक्ष लगातार हस्तक्षेप कर रहा था, जिसके परिणामस्वरूप यह घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया। पुलिस टीम तत्काल अस्पताल पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक के बयान दर्ज किए। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## टोल राशि विवाद में चाकू से हमला, दो कर्मचारी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**सुसनेर।** जीरापुर मार्ग स्थित माणा टोल प्लाजा पर



टोल राशि को लेकर हुए विवाद में टोल कर्मचारियों ने एक यात्री पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।फरियादी धर्मराज पिता बनेसिंह, निवासी गोवर्धनपुरा, जीरापुर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि टोल राशि को लेकर कहासुनी के बाद टोल कर्मचारी जितेन्द्र उर्फ सोनू पिता घनश्याम भीलाला और मुकेश पिता मांगीलाल भीलाला निवासी माणा ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टोल प्लाजा पर आए दिन विवाद की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे यात्रियों में दहशत का माहौल है।

## आकाशीय बिजली गिरने से काका-भतीजे के असामयिक निधन पर राज्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**सारंगपुर।** पिछले दिनों ग्राम गुलखेडी में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के दो सदस्यों, स्वर्गीय विष्णुप्रसाद भिलाला (काका) एवं उनके भतीजे स्वर्गीय रामदयाल भिलाला के असामयिक निधन के बाद राज्यमंत्री गौतम टेटवाल उनके निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पहुंचे। ग्राम गुलखेडी सरपंच मुकेश मालवीय ने बताया कि इस हृदयविदारक घटना के बाद शोकाकुल परिवार को ढाँढस बँधाने और संवेदना व्यक्त करने के लिए उनके निवास पर सोमवार को मप्र शासन के



राज्यमंत्री गौतम टेटवाल पहुंचे थे। उन्होंने पीडित परिवार के निवास स्थान पर पहुँचकर दोनों दिवंगत पुण्यात्माओं के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभी ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्हें ढाँढस बँधाया और कहा कि इस अपार दुःख की घडी में पूरा समाज और हम सभी परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खडे हैं। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय और अपार कष्ट को सहन करने की शक्ति दें। इस मौके पर विकास दीक्षित, भगवान सिंह गुर्जर, अरुण खत्री, सुनील नागर, गिरवर नागर, पटेल गजराज सिंह रुहेला, विक्रम सिंह रुहेला मौजूद रहे।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार का श्री श्याम ठक्कर पिता श्री ब्रजमोहन ठक्कर, निवासी-30, भागसीपुरा, रणछोड़ गली, उज्जैन, (म.प्र.) के साथ एक भूमि के टुकड़े जिसका कुल क्षेत्रफल 0.3100 हेक्टेयर उसमे से 0.100 हेक्टर (10 आरे) आधा बीघा का होकर जिसका सर्वे क्रमांक (खसरा न.) 587 (S) भूमि के भाग की यूनिक आई.डी. क्रमांक 377614632116Y5D8Q14VHO है जो की ग्राम पंथपिपलई, पटवारी हल्का पंथपिपलई, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन । खसरा क्र. 587 को दस्तावेज क्र. MP432022022A1921864 दिनांक 07/09/2022 से पवनबाई राजपूत को विक्रय किया गया व नाम लागू । न्यायालय तहसीलदार के प्र.क्र. 0473/अ-6/2022, आदेश दि. 27/09/2022 के अनुसार भू-अभिलेख अध्यतित है का विक्रय अनुबंध पत्र के माध्यम से दिनांक 20.06.2026 को होना तय हुआ है। इस सौदे में क्रेतागण को विक्रेता को किसी भी प्रकार की देनदारी बकाया नहीं है जिसके चलते विक्रेता स्वयं विक्रय विलेख का खर्च स्वयं वहन करेगा। जिसका कि पूर्व में श्री श्याम ठक्कर जी के द्वारा श्रीमती पवन बाई पति श्री हाकम सिंह जी व श्रीमती प्रियंका पति श्री लाखन सिंह जी निवासी - ग्राम पंथपिपलई, तह. उज्जैन, जिला उज्जैन, पवन बाई का आधार न. 3044 6752 1618 व प्रियंका जी का आधार न. 4930 7860 6874 के साथ एक विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 12.06.2026 को स्टाम्प क्रमांक DR258761 से DR258810 तक से के द्वारा अपने हक में निष्पादित कराया था। जो कि पवन बाई और प्रियंकी जी के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि का टुकड़ा जो की फार्म हाउस के रूप में परिवर्तित किया हुआ है के साथ सौदा बयाना राशी अदाकर एक विक्रय अनुबंध पत्र के द्वारा अपने हक में निष्पादित कराया था। जिसके दवारा उन्हें श्री श्याम ठक्कर जी को अनुबंध पत्र निष्पादन करने का हक प्राप्त हुआ तथा उस ही के चलते श्री श्याम ठक्कर जी को यह अधिकार प्राप्त है कि इस ही के आधार पर इस कृषि भूमि के टुकड़े का सौदा किसी अन्य व्यक्ति के साथ कर सके जिसके चलते या इस भूमि के टुकड़े 0.100 हेक्टर (10 आरा) आधा बीघा का सौदा होना तय होकर इस सौदे पेटे सम्पूर्ण राशि प्राप्त कर श्री श्याम ठक्कर जी ने एक विक्रय अनुबंध पत्र मेरे पक्षकारों के हक में निष्पादित कर दिया है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर उसके विक्रय पत्र के निष्पादन या उसको अंतरित किये जाने में किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय/अधशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण को मुझसे इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधी उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 22.06.2026

**हितेंद्र सिंह चौहान, (एडवोकेट)**
**एम.आई.जी. एफ/31, ऋषि नगर, उज्जैन, म.प्र.**
**मोबा.न. 9826077284**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने डॉ. प्रवीण अधिकारी पिता श्री कृष्णदास अधिकारी निवासी-नर्मदा हास्पिटल, सनावद जिला खरगोन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 54 जिसका कुल क्षेत्रफल 92.86 वर्गमीटर अर्थात 999.00 वर्गफीट स्थित कल्पतरू एवेन्यु कॉलोनी ग्राम लालपुर, पटवारी हल्का नंबर 34, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-रास्ता कॉलोनी का, पश्चिम में-भूखण्ड क्रमांक 37, उत्तर में-भवन क्रमांक 55 एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक 53 है, को क्रय करने का सौदा किया होकर सौदा की टोकन राशि का भुगतान कर दिया है, यदि उक्त भवन को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के लिखित में आपत्ति तुरंत प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो । दिनांकः-22.06.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर- 98272-28461**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने डॉ. प्रवीण अधिकारी पिता श्री कृष्णदास अधिकारी निवासी-नर्मदा हास्पिटल, सनावद जिला खरगोन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 53 जिसका कुल क्षेत्रफल 93.14 वर्गमीटर स्थित कल्पतरू एवेन्यु कॉलोनी ग्राम लालपुर, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-सड़क कॉलोनी की, पश्चिम में-भूखण्ड क्रमांक 38, उत्तर में-भवन क्रमांक 54 एवं दक्षिण में-भवन क्रमांक 52 है, को क्रय करने का सौदा किया होकर सौदा की टोकन राशि का भुगतान कर दिया है, यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के लिखित में आपत्ति तुरंत प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । दिनांकः-22.06.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर- 98272-28461**

## कुत्ते ने बुरी तरह काटा, युवक की मौत

**जबलपुर ।** जबलपुर में रविवार रात कुत्ते ने युवक पर हमला कर दिया। उसे जगह-जगह काटा, नाखून मारे। युवक को गंभीर हालत में स्थानीय लोगों ने विक्टोरिया अस्पताल पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह करीब साढे 6 बजे उसकी मौत हो गई। घटना गोहलपुर इलाके की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। यह पता किया जा रहा है कि हमला करने वाला स्ट्रीट डॉग था या किसी का पालतू कुत्ता, जिसे खुला छोड़ दिया गया था। पहचान न होने पर पुलिस ने शव को अंतिम संस्कार के लिए चौहानी श्मशान घाट पहुंचाया। गड्ढा खोदने के बाद जब शव को दफनाया जा रहा था, उसी दौरान कुछ लोग मौके पर पहुंचे। शव की पहचान चंदन कोल के रूप में की। उसे अपना परिजन बताया। कंफर्म करने के बाद पुलिस ने शव उनको सौंप दिया। 33 वर्षीय चंदन कोल माढ़ोताल की कोल बस्ती में रहता था। वह सेंट्रिग प्लेट बांधने का काम करता था। शनिवार सुबह वह घर से काम पर निकला था। देर रात तक घर नहीं लौटा तो परिजन उसे तलाशने निकले थे। सोमवार को पुलिस स्टेशन पहुंचे तो अज्ञात शव मिलने की जानकारी मिली थी।

## गनमैन ने दी गाली, बीजेपी विधायक ने मांगी माफी

**डबरा ( ग्वालियर )।** ग्वालियर के डबरा में विधायक की गाडी जाम में फंसी तो उनके गनमैन ने किसान को गाली दे डाली। किसान ने विधायक से शिकायत की। कहा- हम आपके वोटर हैं। इस पर विधायक ने उससे माफी मांग ली। बाद में बोले- जिस व्यक्ति से विवाद हुआ, वह कांग्रेसी है। अब और क्या करते। मामला भितरवार में शनिवार का है। इसका वीडियो सोमवार को सामने आया है। दरअसल, भितरवार से बीजेपी विधायक मोहन सिंह राठौड़ शनिवार को क्षेत्र के दौरे पर थे। रास्ते में एक किसान की ट्रॉली पलट जाने से सड़क पर जाम लग गया। इसमें विधायक राठौड़ की काली फॉर्च्यूनर भी फंस गई। उनकी गाड़ी से गनमैन उतरा। रास्ता साफ कराने लगा। इसी दौरान उसकी वहां मौजूद किसान से बहस हो गई। विवाद बढ़ने पर उसने गाली दे दी। गनमैन के इस रवैये से किसान गुस्से में आ गया। उसने विधायक राठौ? की कार रुकवा ली। उनसे शिकायत करते हुए कहा- वोट हम दे रहे हैं इन्हें, इनका गनमैन गाली दे रहा है। तू-त?ाक कर रहा है। किसान ने कहा- नेताजी, हमने आपको वोट दिया है और ये हमसे गाली-गलौज कर रहा है।

## बारिश आपदाओं से निपटने को गठित हुई विशेष रेस्क्यू टीम



**शुजालपुर।** वर्षा ऋतु के दौरान बाढ़, जलभराव, डूबने की घटनाओं एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए शुजालपुर में आठ सदस्यीय विशेष आपदा प्रबंधन एवं रेस्क्यू टीम का गठन किया गया है। प्रशिक्षित जवानों से सुसज्जित यह टीम आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य करेगी। टीम को शुजालपुर सिटी थाना परिसर में तैनात किया गया है और यह 24 घंटे सक्रिय रहेगी। जिला सेनानी के निर्देशन में गठित इस टीम का नेतृत्व कमांडेंट विक्रम सिंह मालवीय कर रहे हैं। टीम में सेनिक कुमेर सिंह, तेजराज सिंह, चंद्र सिंह, शिवचरण दांगी, अजब सिंह, बाबूलाल, प्रभुलाल एवं गोपाल सिंह शामिल हैं। सभी सदस्य आपदा प्रबंधन एवं रेस्क्यू कार्यों का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

सेनिक तेजराज सिंह सिसोदिया ने बताया कि प्रशासन द्वारा मानसून सीजन को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। विशेष रूप से नदी-नालों में बढ़ते जलस्तर, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तथा डूबने की घटनाओं में यह टीम राहत एवं बचाव कार्यों की जिम्मेदारी संभालेगी। नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान मूर्ति विसर्जन जैसे आयोजनों में भी टीम सतर्क रहेगी। रेस्क्यू टीम के पास आधुनिक बचाव उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें आउटबोर्ड मोटर ओबीएम युक्त नाव, लाइफ जैकेट, लाइफबॉय रिंग, सर्चलाइट सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल है। वाहन की स्थायी व्यवस्था भी जल्द की जाएगी, ताकि किसी भी स्थान पर शीघ्र पहुंचकर बचाव कार्य किया जा सके। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में तत्काल टोल फ्री नंबर 1079 पर सूचना दें। सूचना मिलते ही टीम मौके के लिए रवाना होकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू करेगी। कमांडेंट विक्रम सिंह मालवीय ने बताया कि टीम पूरी तरह प्रशिक्षित एवं तैयार है। वर्षा ऋतु में नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में टीम तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगी। प्रशासन का उद्देश्य आपदा की स्थिति में जनहानि को न्यूनतम करना तथा समय पर राहत पहुंचाना है।

**शुजालपुर में प्री-मानसून की बारिश-** शहर में एक बार फिर प्री-मानसून की बारिश ने लोगों को राहत दी, एक दिवस छोडकर हुई इस प्री-मानसून की बारिश से मौसम सुहाना हो गया तो तापमान में भी गिरावट हुई। सोमवार को सुबह से दोपहर 2 बजे तक धूप और उमस का वातावरण रहा, जिसमें लोगों को पसीने छुडा दिए। दोपहर 2 बजे बाद आसमान में बादलों की उपस्थिति हुई और तेज हवा और बादलों की गर्जना के साथ लगभग आधे घंटे तक तेज व धीमा पानी बरसता रहा। क्षेत्र में प्री-मानसून की गतिविधि के चलते लगभग 3 इंच बारिश हो चुकी है, हालांकि मानसून ने अभी दस्तक नहीं दी है। किसानों ने भी अपने खेतों को बुआई के लिए तैयार कर लिया है, यदि एक-दो इंच पानी और बरस जाता है तो क्षेत्र में बुआई का कार्य शुरू हो जाएगा।

## 2 मिनट में 16 राउंड फायरिंग का 4 बदमाशों ने बरसाई गोलियां

**मुरैना।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में 4 बदमाशों ने एक मकान पर फायरिंग कर दी। 2 मिनट में 16 राउंड गोलियां चलाई। मकान मालिक ने छिपकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। पूरी वारदात ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों में कैद हो गई है। मामला आजाद नगर कॉलोनी का है।जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 10ञ्च55 बजे चार बदमाश दो बाइकों पर सवार होकर मुरैना शहर की आजाद नगर कॉलोनी पहुंचे। उनका निशाना आजाद नगर निवासी सूरज यादव का घर था। घर के बाहर पहुंचने के बाद बदमाशों ने पहले अपनी बाइक घर के गेट से टकराई। इसके तुरंत बाद फायरिंग शुरू कर दी। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि बदमाश घर के सामने रुकते हैं। इसके बाद लगातार गोलियां चलाना शुरू कर देते हैं। फुटेज के अनुसार आरोपियों ने घर के बाहर खड़े होकर ताबड़तोड़ फायरिंग की।

## तीन टुकड़ों में मिला बच्चे का शव

**डिंडौरी।** डिंडोरी में सोमवार को एक 5 वर्षीय बच्चे का शव तीन टुकडों में जंगल में मिला है। जानकारी के अनुसार बच्चा 17 जून से लापता था। पुलिस चार दिनों से तलाश कर रही थी। करंजिया थाना क्षेत्र के तरेरा गांव निवासी इख्तियार खान जंगल में लकड़ी लेने गए थे। उनका बेटा इमरान सुबह सोकर उठा और पिता के पीछे जंगल की ओर चला गया। परिजन को लगा कि बच्चा पिता के साथ ही है। इख्तियार लकड़ी लेकर घर लौटे और बेटे के बारे में पूछा, तब परिजन को उसके लापता होने का पता चला। उन्होंने पहले आस-पड़ोस में बच्चे की तलाश की, लेकिन जब वह नहीं मिला तो पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने एक टीम गठित कर जंगल और आसपास के गांवों में सर्चिंग अभियान चलाया। गुमशुदगी की खबर सोशल मीडिया पर भी प्रसारित की गई। सोमवार को गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर बच्चे का शव मिला।सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए ।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामीनी श्रीमती रेखा कुंवर पति श्री खुशाल सिंह, निवासी-ग्राम सिकन्दरखेडा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 120/4 रकबा 0.13 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 121/1 रकबा 0.02 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 127/1/2 रकबा 0.13 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 127/2 रकबा 0.85 हेक्टर व सर्वे क्रमांक 128/2 रकबा 0.07 हेक्टर, कुल सर्वे क्रमांक संख्या 5 कुल रकबा 1.20 हेक्टर स्थित ग्राम सिकन्दरखेड़ा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स की हैं, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित तथा मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, बैंक, शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा । इति दिनांक 22.06.2026, उज्जैन

**निखिल सोड़ानी एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्प्लेक्स, आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन**
**निवास-86, महेश नगर, अंकपात मार्ग, उज्जैन**
**मोबाईल नम्बर 9301376778**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती लक्ष्मी वाशेनवाल पति श्री सतीश वाशेनवाल, निवासी 06, हीरा मिल की चाल, आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भवन क्रमांक 90, जो कि तिरुपति ड्रीम्स ब्लॉक-सी कालोनी, ग्राम दाउदखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित हैं। भवन केवल तल व प्रथम मंजिल आर.सी.सी. का निर्मित हैं। भवन की भूमि का कुल क्षेत्रफल 74.32 वर्गमीटर हैं। भवन के पूर्व दिशा में भवन क्रमांक 74, पश्चिम दिशा में -सड़क कालोनी की, उत्तर दिशा में भवन क्रमांक 89 एवं दक्षिण दिशा में भवन क्रमांक 91 हैं। उक्त संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया जाकर सौदा चिट्ठी निष्पादित कर आंशिक राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

ईति दिनांक 22-06-2026

**सौरभ जैन, ( चौरडिया ) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. 96177-77776**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने संजय सिंग पिता श्री रघुनाथ सिंग आंजना, निवासी-ग्राम जवासिया कुमार तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 98/2/2 (स) रकबा 0.2000 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 99/2 (स) रकबा 0.0500 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 258/1/1 (स) रकबा 0.6700 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 258/1/2 (स) रकबा 0.6700 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 412/1/1 ( एस) रकबा 0.0400 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 420 (एस) रकबा 0.2500 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 425/2 ( एस) रकबा 0.1400 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 426/3 ( एस) रकबा 0.5000 हेक्टेयर कुल किता 08 कुल रकबा 2.5200 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम जवासिया कुमार तहसील व जिला उज्जैन का मेरे पक्षकार ने सौदा कर सौदा राशि अदा कर स्वयं के हित मे दस्तावेज सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया हैं तथा जाहिर सुचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सौदा चिट्ठी के पालन मे बयाना राशि अदा कर विधिवत रूप से मेरे पक्षकार के हित मे दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो। दिनांक-22.06.2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड, उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षसीलकारगण आनंदीलाल, रामप्रसाद, ओमप्रकाश, सियाराम, मगनबाई पिता बालु, अर्चना, ज्योती, लखन पिता रामेश्वर, श्यामूबाई पति रामेश्वर आदि जाति बलाई, निवासी पंवासा उज्जैन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के होकर, मेरे पक्षकारगणों की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य हक हिस्से की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 518/2 रकबा 2.4800 हेक्टर भूमि में से रकबा 0.71 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम चाक्या, समस तहसील माकडौन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर, उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर क्रेतापक्ष से. बयाना राशि प्राप्त कर, सौदा चिट्ठी/अनुबंध पत्र का संपादन करवा लिया गया होकर, अनुबंध कर शेष बकाया राशि धन प्राप्त कर उक्त भूमि का पंजीयन केतापक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित कि हो या किसी भी व्यक्ति की लेनदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात (07) दिवस की अवधि में मय लिखीत प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करें, एंव अपना दावा एंव आपत्ति रखे। अन्य दशा में बाद अविध मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विकय पत्र केता पक्षकार द्वारा संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिंनाक-22-06-2026

**अरविन्द शर्मा दस्तावेज लेखक**
**पता-दुकान नम्बर 01, न्यू बस स्टेण्ड, तहसील कार्यालय के सामने, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 94240-14405, 9826716661**

### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मुकेश जैन पिता श्री बागमलजी जैन निवासी 201, 202 श्रीपाल प्लाजा श्रीपाल मार्ग नईपेठ उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का एक फ्लेट क्रं. 201 स्थित श्रीपाल प्लाजा उज्जैन के सेकण्ड फ्लोअर पर स्थित है जिसका क्षेत्रफल 39.11 वर्गमीटर जिसकी चर्तु:सीमा निम्नानुसार है- पूर्व में तल पर गली, पश्चिम में- कामन पैसेज, उत्तर में अन्य का मकान, दक्षिण में फ्लेट क्रमांक 202 तथा फ्लेट क्रमांक 202 स्थित श्रीपाल प्लाजा उज्जैन के सेकण्ड फ्लोअर पर स्थित है जिसका क्षेत्रफल 53.88 वर्गमीटर का है जिसकी चर्तु:सीमा निम्नानुसार है- पूर्व में तल पर गली, पश्चिम में-कॉमन पैसेज विक्रेता का, उत्तर में फ्लेट क्रमांक 201, दक्षिण में- फ्लेट कमांक 203, उक्त फ्लेट को क्रय करने का अनुबंध किया है, तथा सौदा चिट्ठी का सम्पादन कराया गया है शेष राशि अदा कर अनुबंध व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित फ्लेट पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार हक व हिस्सा, हो या उपरोक्त फ्लेट कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त, प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या उपरोक्त फ्लेट के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो अथवा फ्लेट विक्रय बाबत किसी को आपत्ति हो तो, इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 22/6/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा ) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 94250-91124**

### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने प्रभुलाल पिता बदद‌ु जाति गुर्जर निवासी ग्राम गुराडिया गुर्जर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं. 93/1/1 रकबा 0.50 हैक्टर स्थित ग्राम गुराडिया गुर्जर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में है तथा पल्लव रांका पिता विपुल रांका निवासी 18, महावीर मार्ग नयापुरा उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं. 93/3/1 रकबा 0.10 हैक्टर व सर्वे क्रमांक 93/2/1 रकबा 0.07 हेक्टर व सर्वे क्रमांक 93/1/2 रकबा 0.07 हैक्टर स्थित ग्राम गुराडिया गुर्जर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में है। उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया है तथा सौदा चिठ्ठी का संपादन किया है, बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का संपादन करा कर व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार हो या उपरोक्त भूमि कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या भूमि किसी अन्य के हित में अनुबंधित हो या उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या उक्त विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से तीन दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 22-6-2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा ) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51, स्नेह दीप, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 9425091124**

### कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन
### छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन
### (Online) निविदा आमंत्रण सूचना

विज्ञप्ति
शि.वि./26/1012

दिनांक
11.6.2026

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र 'अ' (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल SOR 02/08/2021 and 2025 UADD ISSR SOR प्रभावशील है।

सीरियल क्र. 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29 व 30 की आनलाईन क्रय करने व आनलाईन E.M.D. राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 29/06/2026 समय 17.30 रहेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना आनलाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी।

| क्र | टेण्डर फार्म का मूल्य | निविदा क्रमांक रिफरेंस क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अर्नेस्ट मनी रु. | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2,000/- | 2026_UAD_498738_285/Zone6/2025 | वार्ड क्र .34 स्थित जयसिंहपुरा मुख्य मार्ग पर चेम्बर कार्य। | 3,07,230/- | 3,100/- | 30 दिन |
| 2 | 2,000/- | 2026_UAD_498739_286/Zone6/2025 | वार्ड क्र .34 स्थित कॉम्प्लेक्स वाली गली में सौंदर्यीकरण एवं सीसी कार्य। | 9,63,135/- | 9,700/- | 60 दिन |
| 3 | 1,000/- | 2025_UAD_419603_617/Zone6/2025 | वार्ड क्रमांक 35 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने का कार्य। | 1,27,013/- | 2,550/- | 30 दिन |
| 4 | 2,000/- | 2025_UAD_444060_435/Zone6/2025 | वार्ड क्रमांक 35 अंतर्गत मंधामन चौराहे पर क्रास ड्रेन एवं चेम्बर निर्माण कार्य। | 7,02,262/- | 7,100/- | 60 दिन |
| 5 | 2,000/- | 2025_UAD_452436_437/Zone6/2025 | झोन क्रमांक 6 वार्ड क्रमांक 35 अंतर्गत ग्रीन पार्क कॉलोनी हरीफाटक पर आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 4,18,396/- | 4,200/- | 60 दिन |
| 6 | 2,000/- | 2023_UAD_252549_1521/zone6/2022 | वार्ड क्र. 35 अंतर्गत सांईधाम, अंबर कॉलोनी, राजेन्द्र नगर एवं आस-पास के क्षेत्र में सीसी रोड़, कल्वर्ट एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | 9,32,003/- | 9,400/- | 90 दिन |
| 7 | 2,000/- | 2026_UAD_498740_287/Zone6/2025 | वार्ड क्र .35 सांईधाम कॉलोनी, राजेन्द्र नगर, मंधामन नगर, केशव नगर आदि स्थानों पर स्वागत द्वार लगाने का कार्य। | 6,28,382/- | 6,300/- | 30 दिन |
| 8 | 2,000/- | 2025_UAD_419604_618/Zone6/2025 | वार्ड क्रमांक 47 स्थित शुभम परिसर में डामरीकरण कार्य। | 7,65,136/- | 7,700/- | 60 दिन |
| 9 | 2,000/- | 2025_UAD_419606_619/Zone6/2025 | वार्ड क्रमांक 47 स्थित गोवर्धन धाम में डामरीकरण कार्य। | 7,65,136/- | 7,700/- | 60 दिन |
| 10 | 2,000/- | 2025_UAD_419607_620/Zone6/2025 | वार्ड क्रमांक 47 स्थित अलखधाम नगर में डामरीकरण कार्य। | 7,65,136/- | 7,700/- | 60 दिन |
| 11 | 2,000/- | 2025_UAD_419608_621/Zone6/2025 | वार्ड क्रमांक 47 स्थित सुभाष नगर में डामरीकरण कार्य। | 7,65,136/- | 7,700/- | 60 दिन |
| 12 | 2,000/- | 2025_UAD_469651_345/Zone6/2025 | वार्ड क्रमांक 47 अंतर्गत देशमुख हॉस्पिटल के समीप शौचालय का संधारण कार्य। | 2,06,703/- | 2,100/- | 30 दिन |
| 13 | 2,000/- | 2023_UAD_252895_1832/zone6/2022 | वार्ड क्र. 47 अंतर्गत स्नेह नगर, पदम की चाल एवं संत बालीनाथ नगर में आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | 2,53,566/- | 2,600/- | 60 दिन |
| 14 | 1,000/- | 2024_UAD_335826_111/zone6/2024 | वार्ड क्रमांक 48 अंतर्गत जनसहायता केन्द्र निर्माण बाबत। | 1,68,697/- | 3,400/- | 30 दिन |
| 15 | 1,000/- | 2026_UAD_498749_290/Zone6/2025 | वार्ड 48 अंतर्गत अर्चना परिसर में नवीन गेट निर्माण कार्य। | 1,71,475/- | 3,500/- | 30 दिन |
| 16 | 2,000/- | 2026_UAD_498750_291/Zone6/2025 | वार्ड 49 विभिन्न स्थानों पर चैंबर लगाने का कार्य | 2,53,960/- | 5,100/- | 30 दिन |
| 17 | 2,000/- | 2026_UAD_498751_292/Zone6/2025 | वार्ड 49 स्थित वेद नगर में गेट से शिव मंदिर तक फुटपाथ निर्माण | 4,22,972/- | 4,300/- | 30 दिन |
| 18 | 2,000/- | 2026_UAD_498920_293/Zone6/2025 | वार्ड 49 विभिन्न स्थानों पर आरसीसी नाली एवं आरसीसी क्रॉस ड्रेन निर्माण | 7,36,251/- | 7,500/- | 60 दिन |
| 19 | 2,000/- | 2026_UAD_498925_294/Zone6/2025 | वार्ड 49/51 में नानाखेड़ा मार्ग स्थित गणेश मंदिर के पीछे एवं नानाखेड़ा पार्किंग स्टेण्ड के सामने चेंबर निर्माण। | 1,76,957/- | 3,600/- | 30 दिन |
| 20 | 2,000/- | 2025_UAD_469684_348/Zone6/2025 | वार्ड क्रमांक 51 अंतर्गत प्रगति नगर उद्यान के बाहर रोड़ पर डामरीकरण कार्य। | 8,50,148/- | 8,600/- | 30 दिन |
| 21 | 2,000/- | 2026_UAD_480073_261/Zone6/2025 | वार्ड क्रमांक 51 अंतर्गत महाकाल वाणिज्य केन्द्र सेक्टर ए में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 3,53,107/- | 3,600/- | 30 दिन |
| 22 | 1,000/- | 2026_UAD_498935_295/Zone6/2025 | झोन क्रमांक 6 कार्यालय में झोनल अधिकारी महो. के कक्ष का रिनोवेशन कार्य। | 87,907/- | 1,800/- | 30 दिन |
| 23 | 1,000/- | 2026_UAD_498956_296/Zone6/2025 | झोन क्रमांक 6 कार्यालय के शिल्पज्ञ विभाग कक्ष में एल्युमिनियम सेक्शन कार्य। | 83,857/- | 1,700/- | 30 दिन |
| 24 | 1,000/- | 2024_UAD_363866_71/Zone6/ShortWork/2024 | झोन क्रमांक 6 वार्ड क्रमांक 53 अंतर्गत बसंत विहार सेक्टर-बी 29/1 में क्रास ड्रेन निर्माण कार्य। | 61,561/- | 1,250/- | 30 दिन |
| 25 | 2,000/- | 2025_UAD_469692_353/Zone6/2025 | वार्ड क्रमांक 53 अंतर्गत डी-मार्ट से त्रिवेणी विहार तक अंडरग्राउण्ड नाली निर्माण कार्य। | 4,09,334/- | 4,100/- | 60 दिन |
| 26 | 1,000/- | 2026_UAD_498969_297/Zone6/2025 | वार्ड क्र .53 अंतर्गत तारामंडल के सामने चौराहा पर क्षतिग्रस्त चैंबर रिपेयर कार्य। | 82,026/- | 1,700/- | 30 दिन |
| 27 | 2,000/- | 2026_UAD_498978_298/Zone6/2025 | वार्ड 53 अंतर्गत बसंत विहार में R.C.C. क्रॉस ड्रेन निर्माण कार्य। | 3,47,132/- | 3,500/- | 30 दिन |
| 28 | 2,000/- | 2026_UAD_498982_299/Zone6/2025 | वार्ड 53 अंतर्गत तारामंडल के सामने हरिओम विहार सी सी रोड। | 8,72,375/- | 8,800/- | 60 दिन |
| 29 | 1,000/- | 2024_UAD_371777_853/zone6/2024 | वार्ड क्रमांक 54 अंतर्गत नागझिरी स्थित संतोष यादव के घर के आस-पास सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 76,629/- | 1,600/- | 30 दिन |
| 30 | 2,000/- | 2025_UAD_469693_354/Zone6/2025 | वार्ड क्रमांक 54 अंतर्गत गणेश नगर नागझिरी में शान लोधी जी के मकान के पास क्रास ड्रेन एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 2,20,002/- | 2,200/- | 30 दिन |

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम उज्जैन**

## न्यूज-कॉलम

### मोहर्रम पर अलम-छड़ी का जुलूस निकला

**नीमच।** मोहर्रम माह के दस दिनी शहादत पर्व के अंतर्गत विभिन्न आयोजन जारी है। इसी कड़ी के अंतर्गत शहर में झंडे,अलम छड़ी का जूलुस आजम उस्ताद अखाड़ा के साथ चांद की 5 तारीख रविवार देर शाम को अखाड़ों के साथ निकाला गया। जो अपने मुकाम बड़ी मंडी से उठकर तिलक मार्ग,नया बाजार,पटेल चाल,टैगोर मार्ग,कमल चौक,फोर जीरो, पुस्तक बाजार,घंटा घर होते हुए पूनाह वहीं समाप्त हुआ। पर उक्त जानकारी देते हुए जाकिर भाई कुरैशी ने बताया की पैगम्बर मोहम्मद सा के नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में जुलूस उत्साह के साथ शाम को निकाला गया। जगह-जगह सबील लगाकर पानी-शर्बत का पिलाया गया।

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ

**नीमच।** चिम्स एविएशन एकेडमी नीमच में कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल के दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का प्रारम्भ नीमच अग्रणी साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्था कृति के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर चिम्स एविएशन के एच आर हेड सतेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि ओमप्रकाश चौधरी शिविर के चिकित्सा अधिकारी डॉ सुखलाल मईड़ा , शिविर समन्वयक प्रदीप जोशी और कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल के सभी सहयोगियों का एकेडमी में पधारने के लिए अभिनंदन किया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में एकेडमी के 50 से अधिक कर्मचारियों को चिकित्सकीय परामर्श और दवाइयां दी जाएंगी।

### पुलिस ने युवक को मय पिस्टल के पकड़ा

**मन्दसौर।** जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र कोलवा मगरा गौशाला के पास पुलिस ने एक युवक के कब्जे से एक पिस्टल मय जिंदा कारतूस के पकड़ा। जानकारी अनुसार 25-27 आर्म्स एक्ट में आरोपी मेहफूज (28) पिता मुबारिक मंसूरी निवासी झुग्गी झोपड़ी, इन्द्रा कॉलोनी, मंदसौर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार इस प्रकरण में एक अन्य आरोपी मनय पिता अजीत जैन निवासी संजीत नाका लालघाटी रोड़ मंदसौर की अभी गिरफ्तारी शेष है।

### मेघवाल समाज का परिचय सम्मेलन होगा

**मन्दसौर।** स्थानीय दशपुर कुंज में मेघवाल समाज विकास परिषद की त्रैमासिक संगठनात्मक संपन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी अगस्त माह में तृतीय मेघवाल समाज अविवाहित युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 1 जुलाई से शुरू कर दी जाएगी। बैठक में प्रदेश सचिव डॉ. रामनारायण पंवार, जिला संरक्षक बगदीराम बसेर, परामर्शदाता शोभाराम सूर्यवंशी, मांगीलाल चरेड, वरदीचंद श्रीमाल, कार्यवाहक अध्यक्ष सुंदर बड़गोत आदि उपस्थित रहे।

### डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनेगी

**रतलाम।** भाजपा 23 जून को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) मनाएगी । इस अवसर पर 80 फीट रोड, रतनपुरी, रतलाम स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान में माल्यार्पण कार्यक्रम होगा । जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि माल्यार्पण कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय,महापौर प्रहलाद पटेल , रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा की उपस्थिति में प्रातः 10 बजे होगा ।

### अजय सिंह 24 जून को नीमच आएंगे

**नीमच।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, चुरहट विधायक और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल आगामी 24 जून को नीमच आ रहे हैं। संगठन सृजन के बाद कांग्रेस पार्टी अब अपनी चुनावी और संगठनात्मक रणनीति में बड़ा बदलाव कर रही है। कांग्रेस संगठन अब बड़े आयोजनों के अतिरिक्त जमीनी स्तर पर छोटे-छोटे जनसंपर्क अभियान चलाकर सीधे कार्यकर्ताओं और जनता से जुड़ने का प्रयास कर रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने बताया कि अजय सिंह राहुल इस समय पूरे प्रदेश में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करेंगे।

# महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत महेश मेला का हुआ आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



महेश नवमी महोत्सव के पावन अवसर पर माहेश्वरी समाज, रतलाम द्वारा श्री महेश नवमी महोत्सव 2026 के द्वितीय दिवस पर महेश मेला 2026 का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन माहेश्वरी भवन परिसर में संपन्न हुआ। जिसमें समाज के सभी वर्गों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में सह भागिता कर मेले को सफल बनाया।

मेले का शुभारंभ अतिथियों श्रीमती स्मिता राजेश माहेश्वरी (पार्षद), श्रीमती सुधा राय साहबजी सोमानी (प्राचार्य, शा. हा. स्कूल, ईसरथुनी) एवं श्री रामजी अजमेरा (शाखा प्रबंधक, इंडियन ओवरसीज बैंक) की गरिमामयी वातावरण में अतिथियों द्वारा रिबिन काट कर हुआ। अतिथियों ने समाज की एकता, पारिवारिक मूल्यों एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने वाले ऐसे आयोजनों की सराहना की तथा कहा कि मेला हमारी सांस्कृतिक परंपरा का एक अंग है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में समाज अध्यक्ष डॉ. बी.एल. तापडिया, समाज संरक्षक श्री शैलेन्द्र डागा, माधव काकानी एवं श्रीमती हेमलता बिसानी द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया।मेले में विभिन्न संस्थाओं एवं सदस्यों द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों, शीतल पेयों एवं मनोरंजन के आकर्षक स्टॉल लगाए गए। पावभाजी, दहीबड़ा, आमपाक, पानशेक, कोल्ड कॉफी, स्वीट कॉर्न, ब्राउनी, चॉकलेट्स, केक, पॉपकॉर्न सहित अनेक व्यंजनों का समाजजनों ने आनंद लिया। साथ ही अतिथियों ने भी सभी स्टॉलों का जाकर व्यंजनों का स्वाद लिया एवं प्रशंसा की। बच्चों एवं युवाओं के लिए मनोरंजक गतिविधियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। साथ ही बच्चों के लिए ड्राईंग काम्पीटिशन एवं विभिन्न खेल गतिविधियों भी आयोजित की गई।

मेला समिति के सदस्य रतन धूत, आदित्य डागा एवं गुंजन बाहेती ने बताया कि महेश मेला का उद्देश्य समाज के सभी परिवारों को एक मंच पर जोडना, आपसी सौहार्द एवं पारिवारिक एकता को सुदृढ़ करना तथा महेश नवमी महोत्सव को उत्साहपूर्वक मनाना है। मेले में विभिन्न प्रकार के व्यंजन, मनोरंजन एवं पारिवारिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसका समाजजनों ने भरपूर आनंद लिया। समाज के सभी वर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने आयोजन को अत्यंत सफल एवं यादगार बना दिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी परिवारों को एक मंच पर लाकर आपसी स्नेह, सहयोग एवं पारिवारिक एकता को प्रोत्साहित करना था, जिसमें आयोजन पूर्णतः सफल रहा। मेले में उपस्थित समाजजनों ने आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं एवं आत्मीय वातावरण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। माहेश्वरी समाज, रतलाम के पदाधिकारियों एवं समस्त संगठन ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वाले सभी स्टॉल संचालकों, कार्यकताओं, स्वयंसेवकों एवं समाज जनों का आभार व्यक्त किया। अंत में समाज के सहसचिव श्री लक्ष्मीनारायण धूत ने सभी अतिथियों, स्टॉल संचालकों, कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सफलता हेतु सभी के सहयोग की सराहना की।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने मंदसौर में लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को मंदसौर में लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। इस आंदोलन के दौरान प्रदर्शन कारियों ने जिला कलेक्टर कार्यालय का करीब एक घंटे तक घेराव किया और वहीं धरने पर बैठ गए। रैली का मुख्य उद्देश्य संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षण और किसानों व आम जनता से जुड़े गंभीर मुद्दों को सरकार के समक्ष उठाना था।

इस विशाल विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने पूर्व सांसद व राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया। जिला कांग्रेस प्रभारी सदाशिव यादव और मंदसौर विधायक विपिन जैन ने इस कदम को लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत और विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का काम कर रही है, जिसके खिलाफ कांग्रेस का लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर और पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल ने आमजन और किसानों की बदहाली का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। नेताओं ने खाद की किल्लत, डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों, फसलों के उचित समर्थन मूल्य न मिलने, बढ़ती कृषि लागत, भारी-भरकम बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर की समस्याओं को लेकर सरकार की उदासीनता पर तीखा प्रहार किया।

धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम शिवलाल शाक्य को महामहिम राष्ट्रपति और प्रशासन के नाम दो ज्ञापन सौंपे, जिनका वाचन प्रदेश सचिव सोमिल नाहटा और कांग्रेस नेता राकेश पाटीदार ने किया। आंदोलन और सभा का संचालन जिला संगठन महासचिव अजय लोढ़ा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत द्वारा व्यक्त किया गया।

## प्रदेश अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह रैली एवं धरना प्रदर्शन में शामिल हुए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी



असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत जिला कांग्रेस एवं मंदसौर जिला कांग्रेस प्रभारी तथा पूर्व इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव के नेतृत्व में आयोजित विशाल लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ रैली तथा धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधि कारीयों एवं कांग्रेस कार्यकताओं के साथ गगनचुंबी नारे लगाते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित हुए। जहां पर संपूर्ण जिला कलेक्टर कार्यालय भारतीय जनता पार्टी की किसान विरोधी नीतियों,नीट पेपर लीक सुश्री मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा सांसद फार्म के निरस्तीकरण जैसे विभिन्न मुद्दों के खिलाफ लगाए गए नारों से गूंजायमान हो उठा पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कुंवर शक्तावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को किसानों को समय पर खाद मुहैया करवाना चाहिए,किसानों के ट्रैक्टर में यदि खेतों में डीजल खत्म होता है तो उन्हें प्लास्टिक की कैन इत्यादि में डीजल ले जाने की अनुमति देना चाहिए महिलाओं के सम्मान को ध्यान में रखते हुए सुश्री मीनाक्षी नटराजन के फॉर्म को जो रद्द किया गया है इसकी निष्पक्ष जांच करते हुए उन्हें न्याय दिलाना चाहिए। निट के पेपर लीक हुए हैं उसकी जवाबदेही सुनिश्चित करने के साथ ही साथ जवाबदार व्यक्ति को दंडित करना चाहिए।

### गंदे पानी की समस्या पर नपाध्यक्ष ने कंपनी का ठेका निरस्त करने के दिये निर्देश

**नीमच।** शहर में मिल रही पेयजल संबंधी शिकायतों को लेकर नगर पालिका परिषद नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने शनिवार को नगर पालिका कार्यालय स्थित नपा अध्यक्ष कक्ष में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया एवं जलकल सभापति श्रीमती छाया जायसवाल की उपस्थिति में फिल्टर मीडिया का कार्य कर रही नागपुर की कंपनी के अधिकारी श्री चकोर,पेयजल वितरण एवं शुद्धिकरण का कार्य देख रही कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री आकाश गुप्ता के साथ ही जलकल अमले की बैठक लेकर शहर में जल वितरण को लेकर आ रही शिकायतों पर दोनों कंपनी के जिम्मेदारों को काफी खरी खोटी सुनाते हुए फिल्टर मीडिया बदलने वाली कंपनी को 15 दिवस में फिल्टर मीडिया का कार्य पूर्ण करने व तीन दिवस में व्यवस्था सुधारने हेतु निर्देश दिए ।साथ ही पेयजल वितरण वाली कंपनी के श्री आकाश गुप्ता को शहर में समय अनुसार अनुसार पेयजल वितरण करने की हिदायती दी। श्रीमती चोपड़ा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया को निर्देशित किया कि अगर व्यवस्था मैं सुधार नहीं होता है और कंपनी की लापरवाही पाई जाती है तो कंपनी का ठेका निरस्त संबंधी नोटिस देकर आवश्यक कार्रवाई करे।

## मंदसौर में जल संकट की आहट- पेयजल वितरण में होगी 15 मिनट की कटौती

### नपा जलकार्य समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



मानसून में हो रही देरी और जल स्त्रोतों में पानी की लगातार कम होती उपलब्धता को देखते हुए आगामी 25जून से पेयजल प्रदाय में 15 मिनट की कटौती की जाएगी। यह निर्णय कल नगरपालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित जलकार्य समिति की बैठक में लिया गया। इस बैठक में जलकार्य समिति के सभापति निलेश जैन, समिति के सदस्यगण, कार्यपालन यंत्री पी.एस. धारवे, उपयंत्री शाहिद मिर्जा सहित नपा के कर्मचारी और लाइनमैन उपस्थित थे।

बैठक के दौरान नगरपालिका के तकनीकी अमले और कर्मचारियों ने नपाध्यक्ष व समिति सदस्यों को रामघाट, कालाभाटा बांध सहित अन्य जल स्त्रोतों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत मंदसौर नगर को 28 मिलियन लीटर्स प्रतिदिन (एमएलडी) पानी की आवश्यकता होती है। इसके मुकाबले चम्बल परियोजना की पाइपलाइन से प्रतिदिन केवल 18 एमएलडी पानी ही प्राप्त हो रहा है। शेष 10 एमएलडी पानी की पूर्ति के लिए नपा को रामघाट और कालाभाटा बांध पर निर्भर रहना पड़ रहा है। वर्तमान में कालाभाटा बांध में पानी का स्तर घटकर महज 1 इंच रह गया है। स्थिति को संभालने के लिए नगर से 8 कि.मी. दूर शिवना नदी के मोरवनी दोह से 10 दिनों की आपूर्ति के बराबर पानी कालाभाटा बांध की ओर लाया गया था। इसके साथ ही नपा के कर्मचारी शिवना नदी के अन्य हिस्सों से भी मोटरों के जरिए पानी खींचकर रामघाट की ओर ला रहे हैं ताकि वहाँ पानी का जलस्तर बनाए रखा जा सके।

व्यापक विचार-विमर्श और समिति सदस्यों के सुझावों के बाद नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर और सभापति श्री जैन ने सहमति जताते हुए 15 मिनट की कटौती का निर्णय लिया। इसके अलावा, बैठक में जल संकट से निपटने के लिए एक और कड़ा फैसला लिया गया है। पेयजल वितरण के समय नपा के लाइनमैन पूरे क्षेत्र में मुस्तैदी से भ्रमण करेंगे। इस दौरान यदि किसी भी घर या प्रतिष्ठान में पेयजल पाइपलाइन से सीधे मोटर लगाकर पानी खींचने की शिकायत मिलती है, तो मौके पर ही मोटर जब्त की।

## विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण के साथ हेलमेट भी वितरित किया जाएगा

**रतलाम** ।कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का संस्कार विकसित करने के लिए अभिनव पहल की गई है। शासन द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना में कक्षा 6 टी और कक्षा 9वी में प्रवेश करने वाले ऐसे छात्र छात्रा जिनकों स्कूल पहुचने के लिए 2 किमी से अधिक की दूरी तय करना पड़ता है, निःशुल्क साइकिल प्रदान की जाती है। जिला प्रशासन की पहल पर छात्रों को साइकिल के साथ अब निःशुल्क हेलमेट भी प्रदान किया जाएगा। जिससे बच्चों में सड़क सुरक्षा संबंधी मानकों का पालन करने के संस्कार विकसित होंगें और अन्य लोग भी इससे प्रेरित होकर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करेंगे। गैर मोटर चलित वाहन जैसे साइकिल में हेलमेट का उपयोग अंतरर्राष्ट्रीय मानको के अनुरूप है। इससे सिर की चोटे कम होने में सहायता मिलती है तथा थकान भी कम होती है।

## नीमच में आरोग्य भारती ने दिया योग से निरोग का संदेश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

आरोग्य भारती जिला नीमच के आरोग्य मित्र योग प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षिकाओं ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नीमच जिले में विभिन्न स्थानों पर समाजसेवी तथा शासकीय संस्थाओं के सान्निध्य में योगाभ्यास कराया तथा योग को अपनी जीवन शैली में अपनाने पर बल दिया जिसमें रामपुरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर (गर्ग टीना गेहलोत),नीमच इंदिरा नगर (श्री महेंद्र भटनागर), नीमच सीटीसी हाउस सरदार गेट के पास(श्री राजमल व्यास),नीमच चिल्ड्रेंस वेल एकेडमी (श्री अजय भटनागर),सावन हायर सेकेंडरी स्कूल (श्री विष्णुदेव शर्मा),नीमच श्री वीरेंद्र कुमार सकलेचा मेडिकल कॉलेज (श्री भरत पाटीदार), नीमच जिला सत्र न्यायालय (श्वेता जोशी), लेवड़ा गोपाल गौशाला (श्री नकुल जैन),जीरन हायर सेकेंडरी स्कूल (श्री कमलाशंकर भट्ट), नीमच अन्नपूर्णा सेवा न्यास (श्री सतीष बंसल), नीमच पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय (श्री पुखराज साहू),मनासा मंडी प्रांगण (श्री दिनेशचंद्र धाकड़), हांसपुर पंचायत भवन (हेमलता जी नागदा), नीमच गायत्री मंदिर परिसर (श्री रवि पोरवाल),तलाऊ ग्राम पंचायत परिसर (श्री गौरीशंकर सेन), नीमच रोटरी क्लब नीमच (श्री राजेश जैन), नीमच इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नीमच (श्रीमती उषा नवीन जैन), नीमच लायन डेन (श्री आनंद शर्मा), नीमच जवाहर नगर (श्री गुणवंत गोयल), किशनपुरा पंचायत (श्री रमेशचंद्र), नरसिंहपुरा पंचायत(श्री अनिल शर्मा, श्री राजमल कछावा) सावन राज राजेश्वरी वेद पाठशाला भादवमाता (श्री परशुराम पण्ड्या), घसुंडी बामनी ग्राम पंचायत भवन (श्री मनोहरलाल भारद्वाज एवं श्री रमेश नागदा) ने योगाभ्यास कराया। आरोग्य भारती जिला नीमच द्वारा जिलेभर में योग प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षिकाओं को मुख्य अतिथियों के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्पूर्ण क्षेत्र के नागरिकों को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया।

योग दिवस पर गायत्री परिवार और नेचुरोपैथी एसोसिएशन नीमच द्वारा एक परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। जिसमे आरोग्य भारती से जुड़े कृति संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी , बाबूलाल गौड़ और आर्ची सक्सेना आदि ने योग के इतिहास, निरोग रहने के लिए योग के महत्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की रूपरेखा सत्येंद्र सक्सेना ने प्रस्तुत की। उक्त अवसर पर आरोग्य भारती मालवा प्रांत अध्यक्ष डॉ विष्णुसेन कछावा, प्रांत सहसचिव डॉ आशीष जोशी, जिलाध्यक्ष श्री अजय भटनागर, जिला सचिव प्रो. आशीष कुमार सोनी, योग प्रमुख श्री बालकृष्ण सोलंकी तथा सभी आरोग्य मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया।

## न्यूज कालम



### वर्षा से पहले जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करें- कलेक्टर

**मन्दसौर।** सुशासन भवन स्थित सभागार में कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में वर्षा पूर्व तैयारियों, सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दौरान जिले के अंडरपासों में होने वाले जलभराव की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर स्थायी समाधान निकाला जाए। इसके साथ ही उन्होंने सेमली काकड़ औद्योगिक क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविटी पॉइंट को तत्काल सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए भी निर्देशित किया। सड़कों की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से कलेक्टर ने संबंधित निर्माण एजेंसियों को सड़क मरम्मत, गड्ढों को भरने और सड़क के शोल्डर निर्माण का कार्य समय पर पूरा करने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं हुआ, तो संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार पेनल्टी की सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों के किनारे स्थित बिना मुंडेर वाले कुओं को चिन्हित कर वहां सुरक्षा जाली लगाने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में एसपी विनोद कुमार मीना और अपर कलेक्टर एकता जायसवाल सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति से जुड़े विभिन्न विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे।

### संतुलन बिगड़ने से खाई में जा गिरा लोडिंग वाहन, एक की मौत, नौ घायल

**मन्दसौर।** जिले के गांधीसागर थाना क्षेत्र में एक लोडिंग वाहन का संतुलन बिगड़ने से वह खाई में जा गिरा। इस वाहन में 15 लोग सवार थे, जिनमें से कई घायल हो गये व एक की मृत्यु हो गई।जानकारी के अनुसार यह हादसा 20 जून का है, पुलिस के अनुसार इस घटना की रिपोर्ट गांधीसागर थाने पर उम्मेद पिता बद्रीलाल भांड निवासी लेदाखुर्द थाना भानपुरा ने की कि घटना दिनांक को आरोपी दिलीप पिता मोहनलाल निवासी भगुनिया नईआबादी थाना शामगढ़ ने लोडिंग वाहन नं. एमपी 14 जेडके 0162 को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाया जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ने से वह हिंगलाज रिसोर्ट के आगे करीब दो किलोमीटर दूर भानपुरा रोड़ गांधीसागर पर पलटी खा गया। वाहन में 15 लोग सवार थे जिसमें महिलाएं व बच्चे भी थे। इस दुर्घटना में विशाल पिता उम्मेद भांड की मृत्यु हो गई जबकि परिवार की नंदाबाई, संजूबाई, निशा, ममता, संतोषबाई, सुनीता, ज्योति, रेखाबाई, विकास, घायल हो गये। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया।


### पुरबिया जैसवार मोची समाज का पूजा अर्चना के साथ वार्षिक उत्सव संपन्न




**नीमच।** कई वर्षों से निरंतर पीढ़ी दर पीढ़ी पुरबिया जैसवार मोची समाज द्वारा मऊ रोड स्थित मरी माता मंदिर पर बड़ी धूमधाम से पूजा अर्चना, भक्ति भजन के साथ वार्षिक उत्सव मनाया गया ! इस अवसर पर पुरबिया जैसवार मोची समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश जैसवार व रमेशचंद्र जैसवार ने सामुहिक रूप से बताया कि हमारे द्वारा कई वर्षों एवं कई पीढ़ियों से पीढ़ी दर पीढ़ी इस आयोजन को संपन्न कराया जाता है जिसमें सर्वप्रथम माता महारानी की पूजा पाठ भाव भजन के साथ आयोजन की शुरूआत होती है जिसमें नीमच शहर के अलावा देश प्रदेश के कई स्थानों से समाज परिवार के लोग सम्मिलित होते हैं इस पूजा का महत्व सामाजिक समरसता, एकता, अखंडता के साथ - साथ विशेष कर देश में शांति खुशहाली सुख समृद्धि एवं आपसी भाईचारे और अच्छी वर्षा की मनोकामना के लिए आयोजित किया जाता है ! इस मौके पर उपस्थित समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश जैसवार, रमेशचंद्र जैसवार, चंद्रशेखर जायसवार,बबलू जैसवार, हरिशंकर चौधरी, लोकेश जैसवार चोधरी (महु समाज), समाज सेवी सुरेश जैसवार , भरत जैसवार व कई युवा , वरिष्ठ साथी एवं महिलाएं मातृशक्ति उपस्थिति रही !

### इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष अंजना पटेल और सचिव अल्पनासिंह मनोनीत

**मन्दसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर जिला 304 के आगामी वर्ष 2026-27 के लिए क्लब नॉमिनेशन कमेटी द्वारा सर्व सम्मति से नवीन कार्य कारिणी की घोषणा कर दी गई है।



अंजना पटेल



अल्पनासिंह

इस नई कार्यकारिणी में अंजना पटेल को अध्यक्ष और अल्पनासिंह राठौड़ को सचिव पद पर मनोनीत किया गया है। क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने बताया कि आगामी सत्र के लिए कोषाध्यक्ष शशि झलोया, आईएसओ मेजर उषा कुमावत, एडिटर डॉ. वंदना चौधरी, आईपीपी हेमा हिंगड़, उपाध्यक्ष सोनिया खिमेसरा, साक्षी जैन सहसचिव इंदिरा तोमर सहित परामर्शदाता व संचालक मंडल सदस्य मनोनीत किये गये।

### राजस्व महा अभियान के हल्कावार शिविर मे कई प्रकरण मौके पर निराकृत

**नीमच ।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार 22 जून से 22 जुलाई तक चल रहे विशेष राजस्व महा अभियान के तहत सोमवार को ग्राम धनेरियाकला में हल्कावार शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में राजस्व विभाग द्वारा कुल 18किसनो की फार्मर आईडी बनवाई गई। शिविर में खाद अनुपलब्धता, शासकीय रास्ते पर अतिक्रमण, रास्ता चोड़ीकरण, पेंशन बंद, राशन समस्या सहित 13 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में अधिकांश प्रकरणों का मौके पर सहमति, त्रक्रस्,श्वयङ्घष्ट के माध्यम से निराकरण किया गया। भूमि अतिक्रमण के प्रकरण न्यायालय/प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही हेतु चिन्हित किए गएहै। बंदोबस्त व नक्शा दुरुस्ती के प्रकरणों में सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शिविर में तहसीलदार श्री संजय मालवीय, थाना प्रभारी बघाना श्री राधेश्याम दांगी आदि उपस्थित थे।



## नीट-यूजी परीक्षा 2026 का आयोजन शांति पूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न

**ब्यावरा।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 के आयोजन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जिसको लेकर कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रविवार 21 जून 2026 को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा राजगढ़ जिले में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर पूर्ण पारदर्शिता, सुरक्षा एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुई। राजगढ़ जिले में नीट-यूजी परीक्षा के लिए चार परीक्षा केन्द्र पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय राजगढ़, पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यावरा, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज राजगढ़ एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ बनाये गए जिनमें कुल 1761 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई ताकि अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की पहचान एवं सुरक्षा जांच निर्धारित माफदंडों के अनुसार की। प्रतिबंधित सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी। सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया गया। स्ट्रांग रूम से परीक्षा केन्द्र तक पूरी प्रक्रिया सुरक्षा मानकों के अनुरूप संपादित की तथा प्रत्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखी गई। पुलिस अधिकारी एवं जवान ने पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया। परीक्षा केन्द्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात को सुचारू रखने तथा परीक्षार्थियों को निर्बाध एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने हेतु पुलिस बल तैनात रहा।

## आर्यिका 105 डॉक्टर ज्ञेयश्री का नगर के अंदर हुआ मंगल प्रवेश



**सुसनेर।** नगर में पूज्य माताजी आयिका 105 डॉक्टर ज्ञेयश्री का रविवार को ससंघ का मंगल प्रवेश नगर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगरवासियों ने भक्ति और उत्साह के साथ माताजी का पाद प्रक्षालन किया। श्रद्धालुओ ने मंगल प्रवेश के दौरान माताजी की अगवानी की। नगर में शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने माताजी के जयकारे लगाए। भक्तों ने माताजी के चरणों में बैठकर आशीर्वाद प्राप्त किया और अपनी श्रद्धा निवेदित की। इस दौरान उन्होंने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन छोटा मंदिर के दर्शन किए । प्रवेश के पश्चात आयोजित विशेष धर्मसभा में माताजी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने दिव्य आशीर्वचन प्रदान किए। उन्होंने उपस्थित भक्तों को धर्म के मार्ग पर चलने, अहिंसा के सिद्धांतों का पालन करने और आपसी प्रेम व सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। हमारी गुरु के प्रति समर्पण उनके प्रति श्रद्धा को प्रकट करता है। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। चित्र 0139

**गंगा दशमी पर संतों की पावन उपस्थिति बड़नगर में**

## श्री राम मारुति पंचदिवसीय महायज्ञ में देशभर से संत-महात्माओं का आगमन



**बड़नगर।** श्री पीपली वाले हनुमान मंदिर, सियाराम आश्रम बड़नगर में परम पूज्य महंत मंडलेश्वर श्री 1008 अमृत दास जी महाराज त्यागी के पावन सान्निध्य में प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी श्री राम मारुति पंचदिवसीय महायज्ञ का भव्य आयोजन संपन्न हो रहा है। महायज्ञ के अंतर्गत गंगा दशमी का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच मनाया जा रहा है। गंगा दशमी का यह आयोजन वर्षों से बड़नगर की पहचान बन चुका है। देशभर के साधु-संतों के मध्य यह मान्यता है कि गंगा दशमी के अवसर पर बड़नगर में विशेष धार्मिक आयोजन होते हैं, जिसके कारण विभिन्न प्रांतों से संत-महात्मा यहां पधारते हैं। इसी क्रम में अयोध्या से पूज्य बाबा नंदराम दास जी महाराज, प्रयागराज से बाबा रणछोड़ दास जी महाराज सहित सांभर (जयपुर) एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों से संतजन सियाराम आश्रम पहुंच रहे हैं। ज्येष्ठ मास की प्रचंड गर्मी और तपती दोपहरी में भी ये संत-महात्मा धूनी रमाकर तपस्या एवं साधना में लीन रहते हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का विषय है। गंगा दशमी के पावन अवसर पर संतों के आगमन से बड़नगर की पावन धरा धन्य हो रही है तथा समूचा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर है। महायज्ञ एवं धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। उक्त जानकारी विनोद मकवाना द्वारा प्रदान की गई।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान:सुसाइड नोट मिला, खुद को जिम्मेदार बताया

**देवास।** महाकाल कॉलोनी में 22 वर्षीय युवक ने रविवार देर शाम अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें युवक ने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच कर रही है। सुसाइड नोट में मृतक ने अपनी मां और भाई से अपील की कि उन्हें किसी भी प्रकार से परेशान न किया जाए। उसने स्पष्ट रूप से लिखा है कि इस कदम के लिए वह स्वयं जिम्मेदार है और उसकी मौत के लिए किसी अन्य व्यक्ति को दोषी न ठहराया जाए। नोट में युवक ने अपने दोस्तों के लिए भी एक विशेष संदेश छोड़ा है। उसने लिखा है कि उसके निधन के बाद यदि कोई सोशल मीडिया पर उसके नाम से स्टेटस लगाए तो उस पर विशेष प्रकार के गाने न लगाए जाएं। मृतक की पहचान महाकाल कॉलोनी गली नंबर-2 निवासी राजा सरोज (22) पिता राम लखन सरोज के रूप में हुई है। घटना के समय घर पर उसकी दादी मौजूद थीं, जबकि मां और बड़ा भाई सन्नी सरोज एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने इंदौर गए हुए थे। लौटने पर परिवार को घटना की जानकारी मिली।

### 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अंचल में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

# स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए नियमित योगाभ्यास जरूरी







दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिलेभर में उत्साह, उमंग एवं जनभागीदारी के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, कार्यालयों एवं संस्थानों में सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम स्टेडियम ग्राउंड राजगढ़ में आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेश शासन के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया तथा उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का श्रवण किया।

अपने उद्बोधन में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसकी परंपरा ऋषि-मुनियों के काल से चली आ रही है। आज संपूर्ण विश्व योग की महत्ता को स्वीकार कर रहा है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, संतुलित मन और सकारात्मक जीवनशैली का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज विश्व समुदाय इसे अपनाकर लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति की कार्यक्षमता, आत्मविश्वास एवं मानसिक सशक्तता को बढ़ाता है, जिससे समाज और राष्ट्र निर्माण में प्रभावी योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रशिक्षित योगाचार्यों के मार्गदर्शन में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, अर्द्धचक्रासन तथा विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रत्येक आसन के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की भी विस्तार से जानकारी दी गई।

**झारड़ा**

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झारड़ा में शासन के निदेर्शानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान एवं जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह आर्य रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। संकुल प्राचार्य नवीन कुमार गर्ग ने अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान कोलकाता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण देखा गया तथा योग को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताते हुए विभिन्न योग क्रियाओं का सामूहिक अभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक कैलाश चंद्र डिंडोड़िया, दिनेश पोरवाल एवं कंचन दुबे द्वारा उपस्थितजनों को योगाभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्या प्रभा कौशल, सांदीपनि विद्यालय की प्राचार्या श्रद्धा विश्वकर्मा सहित



विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपप्राचार्य हरिप्रसाद जायसवाल, विजयकुमार पालीवाल, संतोष कुमार सोनी, रामस्वरूप अहिरवार, चंद्रशेखर व्यास, जितेंद्र कुमावत, भूपेंद्र कुमार त्रिवेदी, अजय राठौर, आशुतोष दीक्षित, भेरूलाल चौहान, रामजीलाल कुमावत, शशि सविता, राघवेंद्र बार्शी, गोपाल मोदी, बुलबुल रघुवंशी, विक्रम प्रजापत, विष्णु कुमार पांडे, आयुष विभाग के अधिकारी सुरेंद्र कुमावत, रोजगार सहायक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन विशेष रूप से किया गया, लेकिन स्थानीय पत्रकारों में इस बात को लेकर नाराजगी भी देखने को मिली कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया, जबकि स्थानीय मीडिया को कार्यक्रम की पूर्व सूचना तक नहीं दी गई। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद प्रेस नोट भेजकर समाचार प्रकाशित करने की अपेक्षा अवश्य की गई।

स्थानीय पत्रकारों ने मांग की है कि भविष्य में शासकीय विद्यालयों एवं विभागों द्वारा मीडिया को समय पर सूचना एवं आमंत्रण दिया जाए, ताकि शासन की गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके और पत्रकार भी अपनी जिम्मेदारी का बेहतर निर्वहन कर सकें। पत्रकारों का मानना है कि सरकारी कार्यक्रमों में मीडिया की लगातार उपेक्षा स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं है।

**जगोटी**

म. प्र .शासन,आयुष विभाग के निदेर्शानुसार बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय आयुर्वेद औषधालय जगोटी द्वारा शा.कन्या मा.विद्यालय में जिला आयुष अधिकारी डॉ मनीषा पाठक मैडम के मार्गदर्शन में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही, जिसके अंतर्गत आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रिया पान्टेल ने योग को स्वस्थ, सक्रिय एवं दीघार्यु जीवन का आधार बताते हुए जनसामान्य को नियमित योगाभ्यास हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को योग प्रशिक्षक श्री सुमित शर्मा द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. टीना सेंगर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में सरपंच श्री राहुल मुकाती उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका श्रीमती भारती सक्सेना, आशा बैरागी, शंकरलाल यादव,,उपस्थित शिक्षको, श्रीमती विमला पाल,छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण जनों द्वारा योग किया गया।

**तराना**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के तराना तहसील अध्यक्ष एवं शिक्षक मांगीलाल यादव शासकीय हाई स्कूल सुमराखेडा का 39 वर्ष की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्ति पर उनके द्वारा शर्मा परिसर तराना में सेवानिवृत्ति एवं सम्मान समारोह के कार्यक्रम का आयोजन रखा गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा विशेष अतिथि के रूप में राज्य कर्मचारी संघ के मनोहर गिरी राम सिंह बनिहार चंद्रकांत फटाले मगनीराम पाटीदार सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य दिग्विजय सिंह चौहान मंच पर उपस्थित थे। साथ ही सभी कर्मचारी संगठन एवं समाज के लोगों एवं उनके पुत्रों द्वारा मांगीलाल यादव का पुष्पमाला एवं साफा बांधकर जोरदार स्वागत सम्मान किया गया एवं अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की कार्यक्रम में उपस्थित मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष अभय नागर, गिरीश शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, इंदर सिंह चौहान एवं ब्लॉक के अन्य पदाधिकारियो द्वारा भी सेवानिवृत शिक्षक मांगीलाल यादव एवं कर्मचारी कल्याण मंडल के अध्यक्ष रमेश शर्मा का शाल श्रीफल के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया कार्यक्रम का संचालन श्री सुनील देवड़ा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन भारत यादव द्वारा किया गया।

**बड़नगर**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी भक्त मंडल द्वारा शनिवार सुबह स्थानीय प्रदीप उद्यान में योग एवं प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं प्रभात फेरी भक्तगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रभात फेरी के सांवरिया शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योग, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार के माध्यम से शरीर को निरोगी एवं स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने उपस्थित जनों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम तथा विभिन्न योग आसनों का अभ्यास भी करवाया और उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वयोवृद्ध लक्ष्मीनारायण यादव का पुष्पमाला एवं दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। उपस्थितजनों ने उनका आत्मीय स्वागत करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इससे पूर्व प्रभात फेरी स्थानीय शिवाजी रोड से निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए प्रदीप उद्यान पहुंची। प्रभात फेरी के दौरान भजन-कीर्तन एवं धार्मिक वातावरण से नगर भक्तिमय बना रहा। उद्यान पहुंचने के पश्चात विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक योग एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में योग की महत्ता को स्वीकार किया।

### बिजली विभाग ने हाईटेंशन लाइन पर शुरू कराया सुरक्षा कार्य

# लाइन के पास मकान निर्माण पर विभाग ने दी सावधानी बरतने की सलाह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



नगर के मोदी रोड क्षेत्र में 33 केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन के ढीले तारों की शिकायत मिलने पर बिजली विभाग के कनिष्ठ यंत्री इमरान खान मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने शिकायतकर्ता की मौजूदगी में लाइन का जायजा लेकर सुरक्षा कार्य का निरीक्षण किया तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कनिष्ठ यंत्री इमरान खान ने बताया कि जनहित एवं नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लाइन के तारों को टाइट कर दिया गया है, जिससे फिलहाल किसी प्रकार की जनहानि की आशंका नहीं है। हालांकि, लाइन को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए दोनों ओर स्टे वायर लगाने का कार्य शेष है। इसके लिए पायल मशीन बुलाई गई थी, लेकिन मशीन खराब होने के कारण कार्य पूरा नहीं हो सका। बाद में सालरिया से दूसरी मशीन मंगाई गई, किंतु उससे भी गड्ढे नहीं बन पाए। अगले परमिट के दौरान स्टे वायर लगाकर शेष कार्य पूरा किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ यंत्री ने शिकायतकर्ता को बताया कि संबंधित मकान का निर्माण हाईटेंशन लाइन के काफी निकट किया गया है, जबकि यह लाइन पहले से स्थापित है। उन्होंने भवन निर्माण में विद्युत लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी। साथ ही भविष्य में अतिरिक्त सुरक्षा के लिए मकान के पास से गुजर रही लाइन को नियमानुसार कोटेड कवर कंडक्टर में बदलवाने हेतु एस्टीमेट तैयार कराकर कार्य कराने की भी सलाह दी।

कनिष्ठ यंत्री इमरान खान ने कहा कि विभाग जनहित से जुड़ी शिकायतों के निराकरण के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है तथा शेष सुरक्षा कार्य भी जल्द पूरा कराया जाएगा।

## बीजेपी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष का ईंधन बचाने संदेश

**देवास।** देवास भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोरमा सोलंकी सोमवार को महिला कार्यकताओं के साथ विधायक गायत्री राजे पवार के आनंद भवन पैलेस स्थित निवास पहुंचीं। इस दौरान करीब 51 ई-रिक्शाओं का काफिला उनके साथ था। महिला कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाने और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया।

विधायक गायत्री राजे पवार से मुलाकात के दौरान महिला मोर्चा की आगामी गतिविधियों, संगठन विस्तार और विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विधायक गायत्री राजे पवार ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोरमा सोलंकी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में महिला मोर्चा नई ऊंचाइयों को छुएगा और संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। ई-रिक्शा काफिले को लेकर विधायक ने कहा कि महिलाओं की यह पहल पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के प्रति जागरूकता का संदेश देती है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में महिला शक्ति समाज में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएगी।

जिलाध्यक्ष मनोरमा सोलंकी ने बताया कि उन्होंने विधायक गायत्री राजे पवार से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाने के संदेश को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सभी महिला कार्यकर्ता ई-रिक्शा से विधायक निवास पहुंचीं,



## सड़क चौड़ीकरण शीतला माता का चबूतरा और इमली का पेड़ बचाने की मांग

**इंगोरिया।** उन्हेल-इंगोरिया रोड छोटी चौपाटी पर शीतला माता का चबूतरा और विशाल इमली का 100 वर्ष पुराना पेड़ है। मेसर्स रमेश कुमार बंसल कंपनी के कर्मचारी इस प्राचीन मंदिर को तोड़ने और इमली के पेड़ को काटने की तैयारी में लगे हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि यहां ग्राम की महिलाएं शीतला माता की पूजा करती हैं। 15 दिन पहले चबूतरे के ऊपर टीन शेड का मंदिर बना हुआ था। वैसे भी यह धार्मिक चबूतरा बन रही सड़क के मध्य से 40 फीट दूर है। प्रत्येक शीतला ससमी को ग्राम की सभी महिलाएं यहां आकर शीतला माता का पूजन करती हैं। और गांव के बुजुर्ग लोग इमली के घने छायादार वृक्ष के नीचे बैठ कर अपना समय व्यतीत करते हैं। अगर निर्माण के दौरान पूजा स्थल क्षति ग्रस्त हुआ तो सड़क निर्माण कंपनी शासकीय जगह पर दूसरा शीतला माता का मंदिर बना कर देवें। इस आशय की माँग का पत्र वार्ड नंबर 2 के रहवासियों ने नायब तहसीलदार शैफाली जैन सड़क निर्माण एजेंसी और प्रशासनिक अधिकारियों से की है।

## अतिप्राचीन मां भवानी माता मंदिर में उल्लास से योगाभ्यास का आयोजन



**बिछड़ौद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर में स्थित अतिप्राचीन मां भवानी माता मंदिर परिसर में जय मां भवानी योग क्लास के माध्यम से सभी योग साधकों को योग का प्रशिक्षण योगगुरु दिलीप प्रजापति द्वारा दिया गया। निरंतर 10 वर्षों से योग क्लास निःशुल्क चलने से ग्रामीणों को योगाभ्यास का लाभ मिल रहा है। योगाभ्यास से स्वास्थ्य लाभ को देखते हुए ग्रामीणों में बड़ा उत्साह है। सैंकड़ों बच्चें और युवा बड़े उत्साह के साथ सुबह 6 बजे से योग क्लास में पहुंच रहे है। योगाभ्यास और ध्यान से आत्मिक शांति तो मिलती ही है, साथ ही शरीर को अनेक प्रकार के रोगों से भी मुक्ति मिलती है। इस दौरान बच्चों से लेकर बड़े- बुजूर्ग तक का उत्साह रविवार को योगाभ्यास में देखा गया। मां भवानी योग क्लास के माध्यम से 21 जून को एक शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें अनेक प्रकार की बीमारियों से बचने के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान प्रधानाध्यापक ईश्वर शर्मा, रामनाथसिंह चौहान, सतीश राठौर, विजय प्रजापत सहित सैंकड़ों युवा और ग्रामीणजन आदि मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल पर पौने 2 लाख का जुर्माना, मेडिकल वेस्ट को कचरे में डाला

**पहले 25 और 50 हजार का फाइन लगा फिर भी नहीं सुधरा**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास में एमजी अस्पताल पर नगर निगम ने रुपए 1.75 लाख का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई मेडिकल वेस्ट के निपटान में लापरवाही और इसे सामान्य कचरा संग्रहण वाहन में बार-बार मिलाकर डालने पर की गई है। नगर निगम ने इसे स्वच्छता नियमों का उल्लंघन और जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताया है।

नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट की लगातार निगरानी की जा रही थी। इसी जांच के दौरान एमजी अस्पताल द्वारा निगम के कचरा संग्रहण वाहन में मेडिकल वेस्ट मिलाकर डालने का मामला सामने आया। मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार ने अस्पताल के खिलाफ यह



चालानी कार्रवाई की।

**पहले भी जारी हुए थे चालान**

निगम अधिकारियों के अनुसार, अस्पताल को अलग-अलग समय पर कुल पांच चालान नोटिस जारी किए गए थे। इनमें तीन बार 25-25 हजार रुपए और दो बार 50-50 रुपए हजार के चालान शामिल थे। अस्पताल प्रबंधन ने अब तक 1.50 लाख रुपए की राशि जमा कर दी है, जबकि शेष राशि जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**जांच में फिर मिली लापरवाही**

हाल ही में निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गीले-सूखे कचरे के साथ अस्पतालों से निकलने वाले बायो-मेडिकल वेस्ट के निपटान की विशेष जांच की थी। इस जांच के दौरान भी एमजी अस्पताल का मेडिकल वेस्ट सामान्य कचरे के साथ मिला हुआ पाया गया था, जिस पर पहले 50 हजार रुपए का चालान किया गया था।

अस्पताल द्वारा बार-बार चेतावनी के बावजूद सुधार न करने और दोबारा मेडिकल वेस्ट को सामान्य कचरे में मिलाकर डालने पर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए जुमार्ने की राशि बढ़ाई। इस कार्रवाई के दौरान स्वच्छता निरीक्षक शंकर सांगते भी मौजूद थे। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मेडिकल वेस्ट के निपटान में लापरवाही करने वाले अन्य संस्थानों पर भी आगे सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

अक्सर आपने घर के बड़ों को ये कहते सुना होगा कि इलायची वाला दूध हर किसी को पीना चाहिए। इसके असल फायदे अगर आपको नहीं पता हैं तो जानिए...

# कई परेशानियों में रामबाण है इलायची वाला दूध



दूध को हमेशा से एक संपूर्ण आहार माना गया है, और जब इसमें इलायची जैसी औषधीय जड़ी-बूटी मिलाई जाती है तो इसके फायदे और भी बढ़ जाते हैं। इलायची वाला दूध न केवल स्वाद में बेहतरीन होता है, बल्कि यह शरीर को अंदर से मजबूत बनाने में भी मदद करता है। घरों में बड़े-बुजुर्ग अक्सर इसे पीने की सलाह देते हैं, खासकर रात के समय, ताकि नींद अच्छी आए और शरीर को आराम मिल सके। आयुर्वेद में भी इलायची को एक महत्वपूर्ण औषधि माना गया है, जो पाचन सुधारने, तनाव कम करने और शरीर को डिटॉक्स करने में सहायक होती है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जब लोग तनाव और थकान से जूझ रहे हैं, ऐसे में इलायची वाला दूध एक आसान और प्राकृतिक उपाय के रूप में देखा जा सकता है। इस लेख में हम इसके प्रमुख स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानेंगे।






## पाचन तंत्र को मजबूत बनाए

इलायची में मौजूद प्राकृतिक तेल और एंटीऑक्सीडेंट्स पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। यह गैस, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में सहायक हो सकता है।

## तनाव और चिंता में राहत


इलायची की खुशबू और इसके औषधीय गुण मानसिक तनाव को कम करने में मदद करते हैं। रात में इलायची वाला दूध पीने से नींद बेहतर आती है और दिमाग शांत रहता है।

## इम्यूनिटी को मजबूत करे

दूध और इलायची दोनों में मौजूद पोषक तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं, जिससे शरीर बीमारियों से बेहतर तरीके से लड़ पाता है।

## सांसों की बदबू से छुटकारा

इलायची में मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण मुंह की बदबू को कम करने में मदद कर सकते हैं, जिससे ओरल हेल्थ बेहतर रहती है।



## शरीर को डिटॉक्स करने में मददगार

इलायची वाला दूध शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद कर सकता है, जिससे स्किन हेल्थ और एनर्जी लेवल में सुधार होता है।

## हड्डियों को मजबूत बनाए



दूध में मौजूद कैल्शियम और इलायची के पोषक तत्व मिलकर हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं और जोड़ों के दर्द में भी राहत दे सकते हैं।

## त्वचा को बनाए हेल्दी

इलायची वाला दूध शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है, जिससे त्वचा साफ और ग्लोइंग बनी रहती है।

## वजन कंट्रोल में मदद

अगर बिना चीनी या कम चीनी के लिया जाए तो यह मेटाबॉलिज्म को सपोर्ट करता है और वजन नियंत्रित रखने में मदद कर सकता है।

## हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद

इलायची में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स ब्लड सकुर्लेशन को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं, जिससे दिल की सेहत को सपोर्ट मिलता है।

## अच्छी नींद में मददगार

रात को सोने से पहले इलायची वाला दूध पीने से दिमाग रिलैक्स होता है और नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है। यह अनिद्रा की समस्या में भी राहत दे सकता है।

# बिना सलाह कैल्शियम सप्लीमेंट लेना कितना सही?

अक्सर हमने घरों में देखा है कि लोग कैल्शियम सप्लीमेंट बिना किसी डॉक्टर की सलाह के खाना शुरू कर देते हैं। ये कितना सही है, आज हम इसी बारे में आपसे बात करेंगे।




आजकल हेल्थ को लेकर जागरूकता बढ़ने के साथ-साथ लोग विटामिन और मिनरल सप्लीमेंट्स का सेवन भी तेजी से करने लगे हैं। इनमें सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले सप्लीमेंट्स में कैल्शियम टैबलेट्स शामिल हैं। अक्सर लोग हड्डियों को मजबूत बनाने या कमजोरी दूर करने के लिए बिना डॉक्टर की सलाह के ही कैल्शियम की गोलियां लेना शुरू कर देते हैं। लेकिन क्या यह आदत सही है?



दरअसल, हर व्यक्ति का शरीर अलग होता है और उसकी जरूरतें भी अलग होती हैं। ऐसे में बिना जांच और सलाह के कोई भी सप्लीमेंट लेना कई बार फायदे की जगह नुकसान भी पहुंचा सकता है। ज्यादा कैल्शियम शरीर में अन्य समस्याएं पैदा कर सकता है, जैसे किडनी स्टोन या हार्मोनल असंतुलन। इसलिए जरूरी है कि कैल्शियम सप्लीमेंट लेने से पहले सही जानकारी और मेडिकल सलाह जरूर ली जाए। इस लेख में हम इसी विषय को विस्तार से समझेंगे।

कैल्शियम हमारे शरीर के लिए एक बेहद जरूरी मिनरल है, जो हड्डियों और दांतों की मजबूती के साथ-साथ मांसपेशियों के सही कामकाज और नर्व सिस्टम को सुचारू रखने में भी अहम भूमिका निभाता है। शरीर में इसकी कमी होने पर हड्डियां कमजोर हो सकती हैं, जो आगे चलकर ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं का कारण बन सकती हैं। यही वजह है कि लोग अक्सर इसे सप्लीमेंट के रूप में लेना शुरू कर देते हैं, लेकिन यह हर किसी के लिए जरूरी नहीं होता।



# हरमनप्रीत 200 टी-20 खेलने वाली पहली क्रिकेटर

## सबसे ज्यादा मैचों में कप्तानी करने वाली भारतीय भी बनीं; साउथ अफ्रीका का वर्ल्डकप में हाईएस्ट रनचेज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



साउथ अफ्रीका ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में भारत को 6 विकेट से हरा दिया। साउथ अफ्रीका ने 159 रन का टारगेट हासिल किया। यह टी-20 वर्ल्ड कप का तीसरा और साउथ अफ्रीका का सबसे बड़ा रनचेज रहा। रविवार को भारतीय कप्तान हरमप्रीत कौर का 200 टी-20 खेलने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर बनीं।

हरमनप्रीत ने 200वां टी-20 इंटरनेशनल मैच खेला। वह मेंस और विमेंस में ऐसा करने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर बन गई। न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स 184 मैचों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। मेंस में आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग (163 मैच) पहले और रोहित शर्मा (159 मैच) दूसरे स्थान पर हैं।

हरमन ने बतौर कप्तान भी 200वां इंटरनेशनल मैच खेला। वे इस मुकाम पर पहुंचने वाली भारत की पहली और दुनिया की दूसरी प्लेयर बन गई। इंग्लैंड की चार्लोट एडवड्र्स 220 मैचों के साथ पहले स्थान पर हैं। साउथ अफ्रीका ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का तीसरा सबसे बड़ा रनचेज है। यह उसका टूर्नामेंट में सबसे बड़ा रनचेज भी है। पहले स्थान पर इंग्लैंड है। टीम ने 2009 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 163 रन का टारगेट हासिल किया था।

श्री चरणी ने भारत के लिए विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने के पूनम यादव के रिकॉर्ड की बराबरी की। चरणी ने अफ्रीका के खिलाफ 3 विकेट चटकाए। वे इस टूर्नामेंट में 10 विकेट हासिल कर चुकी हैं। पूनम ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2020 में इतने ही विकेट चटकाए थे। अफ्रीकी पारी के 10वें ओवर में मारिजान कैप आउट होने से बाल-बाल बची। प्रेमा रावत ने ओवर की दूसरी गेंद फुल डिलीवरी डाली। कैप ने स्वीप शॉट खेला। गेंद, बैट का टॉप-एज लेकर डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग की तरफ हवा में गई।

## न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट इंग्लैंड से 253 रन से जीता

दूसरे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 253 रनों से हरा दिया। लंदन के ओवल मैदान पर खेले गए सीरीज के दूसरे मुकाबले के पांचवें दिन 463 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में महज 209 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल 11 विकेट चटकाए। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। हार के साथ इंग्लैंड के लिए आईसीसी की तरफ से भी बुरी खबर आई। स्लो ओवर रेट के कारण इंग्लैंड पर मैच फीस का 50% जुमार्ना लगाया गया और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में उसके 12 अंक काट लिए गए।

इंग्लैंड को जीत के लिए पांचवें दिन 281 रन की जरूरत थी, जबकि उसके पांच विकेट शेष थे। चौथे दिन का खेल 5 विकेट पर 182 रन के स्कोर पर समाप्त हुआ था। अंतिम दिन इंग्लैंड की पारी महज एक घंटे के भीतर सिमट गई। इंग्लैंड की आखिरी उम्मीद अंतरिम कप्तान जो रूट थे, जो चौथे दिन 75 रन बनाकर नाबाद लौटे थे। खेल शुरू होने के केवल आठ मिनट बाद मैट हेनरी की अंदर आती गेंद पर वे एलबीडब्ल्यू हो गए। रूट अपने स्कोर में सिर्फ दो रन और जोड़ सके और 77 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

# फीफा वर्ल्ड कप में केप वर्डे का उलटफेर

## 2 बार के चैंपियन उरुग्वे को 2-2 पर रोका; 92 साल में मिस्र की पहली जीत

एजेंसी ▸▸ मियामी



फीफा वर्ल्ड कप 2026 में सोमवार को ग्रुप जी और ग्रुप एच के मुकाबले खेले गए। ग्रुप जी में मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट के इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की। मिस्र अपना पहला वर्ल्ड कप 1934 में खेला था। वहीं, बेल्जियम और ईरान के बीच मैच 0-0 की बराबरी रहा।

ग्रुप एच के मैच में केप वर्डे ने शानदार खेल दिखाते हुए दो बार की विश्व चैंपियन उरुग्वे को 2-2 से ड्रॉ पर रोक दिया। इन नतीजों के बाद दोनों ग्रुपों में नॉकआउट दौर में पहुंचने की जंग और रोमांचक हो गई है।

केप वर्डे ने पूर्व वर्ल्ड चैंपियन उरुग्वे को 2-2 की बराबरी पर रोककर बड़ा उलटफेर किया। मियामी में खेले गए मुकाबले में केप वर्डे ने पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए एक अंक हासिल किया। इससे पहले वह स्पेन को भी 0-0 से ड्रॉ पर रोक चुका है। इस ड्रॉ के साथ ही ग्रुप ल में नॉकआउट की रेस बेहद दिलचस्प हो गई है। स्पेन 4 अंकों के साथ ग्रुप में टॉप पर है, जबकि उरुग्वे और केप वर्डे दोनों के 2-2 अंक हैं।

केविन पिना ने 34 यार्ड की शानदार फ्री-किक पर गोल कर केप वर्डे को बढ़त दिलाई, लेकिन हाफ-टाइम से पहले मैक्सी अराउजो और ऑगस्टिन कैनोबियो के गोल से उरुग्वे 2-1 से आगे हो गया। दूसरे हाफ में उरुग्वे के डिफेंस की गलती का फायदा उठाकर वरेला ने बराबरी का गोल दाग दिया। इसके बाद उरुग्वे ने जीत के लिए जोर लगाया, लेकिन पिको लोप्स और सिडनी लोप्स कैबरल की अगुआई में केप वर्डे के डिफेंस ने मजबूती से मुकाबला बचाते हुए मैच 2-2 से ड्रॉ करा दिया। मैच के बाद बेल्जियम के कोच रूडी गार्सिया ने कहा कि उनकी टीम ने रणनीति के हिसाब से अच्छा खेल दिखाया, लेकिन फिनिशिंग में कमी रही। गार्सिया ने कहा, हम ईरान के खिलाफ तीन गोल से जीत सकते थे, लेकिन हम उतने प्रभावी नहीं रहे।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**आवश्यकता है**
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
9893713817

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह ।
सीधे आनर से संपर्क करें ।
9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### सोशल मीडिया पर बढ़ रहा फर्जी प्रश्न पत्र बेचने का अपराध, हर साल सैकड़ों छात्र ठगा रहे

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच की विशेष जांच टीम यानी एसआईटी ने नीट का फर्जी प्रश्नपत्र बेचने के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले एक कानून के छात्र को हिरासत में लिया है। पकड़ा गया आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फर्जी विज्ञापन और पोस्ट डालकर अभ्यर्थियों को असली प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का झांसा देता था और बदले में उनसे मोटी रकम ऐंठता था। इंदौर में बड़ी संख्या में लोग सोशल मीडिया के उपयोग से छात्रों को फंसा रहे हैं। सिर्फ नीट ही नहीं बल्कि एमपीपीएससी, बैंक और अन्य प्रमुख परीक्षाओं के पेपर देने के बहाने छात्रों से हर साल लाखों रुपए ठग लिए जाते हैं। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि हर साल सैकड़ों छात्र इस तरह के लोगों के चंगुल में फंस जाते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग कर-के सायबर अपराधी छात्रों को फंसा लेते हैं और उन्हें फर्जी पेपर देकर लाखों रुपए ठग लेते हैं। अधिकांश छात्र डर के कारण पुलिस के पास शिकायत करने के लिए भी नहीं आते हैं।

### गेहूं की पेटी में छिपाकर रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी

**इंदौर।** ग्राम बुरानाखेड़ी में चोरों ने एक किसान के घर से गेहूं की पेटी में छिपाकर रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार घर से बाहर डबल चौकी गया था। खुडैल थाना पुलिस के मुताबिक- 35 वर्षीय अर्जुन चौधरी ने शिकायत दर्ज कराई है कि 18 जून को वह घर से बाहर डबल चौकी गए थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाश उनके घर में घुस गए और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जब अर्जुन वापस घर पहुंचे तो देखा कि गेहूं रखने वाली पेटी का ताला टूटा था। वहीं, घर का सामान भी बिखरा हुआ मिला। पेटी में रखे सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। फरियादी के मुताबिक, चोर पुराना सोने का हार, झुमके, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की चार जोड़ी पायजेब समेत अन्य आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी हुए जेवरों की कुल कीमत का आकलन किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि फरियादी द्वारा आभूषणों के बिल और मूल्य संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने के बाद नुकसान की सटीक राशि निर्धारित की जाएगी।

### जून में अब तक सिर्फ 2 इंच बारिश, अगले कुछ दिन गर्मी और उमस का रहेगा असर

**इंदौर।** इंदौर में दो दिनों से मौसम पूरी तरह साफ है और उमस बनी हुई है। इस बार 21 जून तक सीजन व माह की 2 इंच ही बारिश हुई है। आज भी धूप खिली है और फिलहाल बारिश के आसार नहीं है। ऐसे में अब बचे दिनों में मानसून के रुख पर मौसम का रुख निर्भर है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 25 जून के बाद प्रदेश में मानसून की एंट्री होगी। इस बीच इंदौर और आसपास कहीं-कहीं रिमझिम व हल्की बारिश हो सकती है। अगले चार दिनों जबलपुर, रीवा और सागर संभाग के जिलों में तक हीटवेव का अलर्ट है लेकिन इंदौर में गर्मी व उमस का दौर रहेगा। इंदौर में पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में 2 डिग्री का उछाल आया है। शनिवार को दिन का तापमान 35.2 (+1) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद रविवार को 37.1 (+3) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रात का तापमान शनिवार को 24.6 (+1) डिग्री सेल्सियस था जो रविवार को एक डिग्री बढ़कर 25.6 (+2) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### 300 नक्शों की जांच, 24 में कम फीस देकर मिली मंजूरी

**इंदौर।** छोटे भवनों के नक्शों को बिना दफ्तरों के चक्कर काटे 24 घंटे में मंजूरी देने के लिए शुरू की गई नगर निगम की डीम्ड अप्रूवल व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर निगम की भवन शाखा ने जब पिछले एक महीने में पास हुए 300 नक्शों की स्क्रूटनी की, तो एक बड़ा मामला उजागर हुआ। जांच में 24 केस ऐसे मिले, जिनमें तय फीस से 8 से 10 हजार रुपए कम जमा करके नक्शे पास करवा लिए गए। मामला पकड़ में आते ही निगम प्रशासन में हड़कंप मच गया। निगम ने तुरंत संबंधित भवन मालिकों और फर्जीवाड़ा करने वाले लाइसेंसधारी कंसल्टेंट्स को नोटिस थमा दिए। अब इस सिस्टम से पास हुए पुराने सभी नक्शों की जांच होगी। अधिकारियों के मुताबिक, डीम्ड अप्रूवल व्यवस्था के तहत इसमें आवेदक अपने अधिकृत आर्किटेक्ट या इंजीनियर के जरिए नक्शा पोर्टल पर अपलोड करता है। सॉफ्टवेयर खुद ही नियमों के आधार पर तकनीकी टेस्ट करता है और तय समय में मंजूरी दे देता है।

### लोन दिलाने के नाम पर महिला से 1.43 लाख की ठगी के बाद केस दर्ज

**इंदौर।** तेजाजीनगर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ लोन स्वीकृत कराने के नाम पर 1.43 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को लोन दिलाने में विशेषज्ञ बताते हुए पहले प्रोसेसिंग और अन्य शुल्क के नाम पर ऑनलाइन रकम जमा करवाई और बाद में संपर्क कम कर दिया। तेजाजीनगर पुलिस के अनुसार, शिवधाम कॉलोनी निवासी मीना राठौर ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह गृहिणी हैं, जबकि उनके पति गणेश राठौर लॉज और होटल का व्यवसाय करते हैं। उनके होटल पर संतोष वर्मा नामक व्यक्ति करीब डेढ़ साल पहले खाना खाने आता था। वह कई बार लॉज में भी रुका। बातचीत के दौरान उसने बताया कि वह पहले भी कई लोगों को लोन दिलवा चुका है और चोखी धानी के एक शेफ का भी लोन स्वीकृत करा चुका है। आरोपी ने मीना राठौर को भरोसा दिलाया कि वह उनके लिए भी आसानी से लोन स्वीकृत करवा सकता है। इसके लिए उसने लोन प्रक्रिया पूरी करने और फाइल आगे बढ़ाने के नाम पर ऑनलाइन राशि जमा कराने को कहा।

### ऑनलाइन खरीदारी से डिजिटल पेमेंट तक हर जगह नजर रख रहे ठग

**इंदौर।** शहर में साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और इनमें बड़ी संख्या में युवा छात्र-छात्राएं शिकार बन रहे हैं। युवाओं की जिंदगी का बड़ा हिस्सा अब मोबाइल पर सिमट गया है। पढ़ाई से लेकर खरीदारी, बैंकिंग, नौकरी की तलाश, मनोरंजन और सामाजिक संपर्क तक लगभग हर काम स्मार्ट फोन के जरिए हो रहा है। ऐसे में साइबर ठग भी अपने तौर-तरीके बदलकर युवाओं को निशाना बना रहे हैं। मोबाइल ने युवाओं की जिंदगी आसान बनाई है, लेकिन लापरवाही साइबर ठगों के लिए मौका भी बन रही है। शहर में सामने आए कई मामलों में कॉलेज छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन खरीदारी, पार्ट-टाइम जॉब, ऑनलाइन टास्क, निवेश पर ज्यादा मुनाफा और फर्जी कस्टमर केयर के नाम पर ठगा गया है। शुरूआत में छोटे फायदे का लालच देकर भरोसा जीता जाता है और बाद में बड़ी रकम ट्रांसफर करवा ली जाती है। साइबर मामलों की जांच से यह भी सामने आया है कि ठग अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, मैसेजिंग एप और फर्जी वेबसाइटों का सहारा ले रहे हैं।

### चोरी की पांच भैंसें बरामद, दो चोर गिरफ्तार, मुख्य आरोपी और साथी फरार

**इंदौर।** सागौर थाना क्षेत्र की दिग्ठान पुलिस चौकी ने मवेशी चोरी के मामले का खुलासा करते हुए पांच भैंसें बरामद की हैं। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद भैंसों की अनुमानित कीमत लगभग चार लाख रुपए है। घटना का विवरण देते हुए, फरियादी शहजाद निवासी दिग्ठान ने पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके खेत पर बने मवेशियों के कोठे से अज्ञात बदमाशों ने पांच भैंसें चोरी कर ली थीं। फरियादी की शिकायत पर दिग्ठान पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए, सागौर थाना प्रभारी प्रकाश सरोदे और दिग्ठान चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश बड़ोनिया के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की तलाश की। जांच के दौरान मिली पुख्ता सूचना पर पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने भैंस चोरी की वारदात में शामिल होना और चोरी की गई भैंसों को खरीदना स्वीकार किया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर पांचों भैंसें जब्त कर लीं। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तवरेज उर्फ भय्यू (30) निवासी मनावर, जिला धार और सलमान उर्फ छोटू निवासी मनावर, जिला धार) को गिरफ्तार कर लिया लेकिन मुख्य आरोपी और साथी फरार है।

---

इंदौर के निजी स्कूल का मामला, लंच के बाद बिगड़ी 100 से ज्यादा बच्चों की तबीयत

# परिजनों के हंगामे का वीडियो वायरल, खाद्य विभाग की टीम पहुंची

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के एक निजी स्कूल में शनिवार को लंच के बाद 100 से ज्यादा बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत हुई। इधर, स्कूल में भी हंगामा होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

बच्चों की तबीयत बिगड़ने के बाद खाद्य विभाग की टीम भी स्कूल पहुंच गई और किचन की जांच कर रही है। प्रशासन की ओर से फिलहाल किचन को सील किया जा सकता है।

इधर, स्कूल प्रबंधन का कहना है कि उनके यहां पूरी क्वालिटी मेंटेन की जाती है। हालांकि स्कूल के मेल आईडी पर 30 से 35 पेरेंट्स के मेल जरूर आए हैं। जिसमें बच्चे की तबीयत खराब होने की बात है। मामला इंदौर के झलारिया स्थित शिशुकुंज स्कूल का है। जहां शनिवार को स्कूल में लंच के बाद कुछ स्कूली बच्चों



की तबीतय बिगड़ने की बात सामने आई। पेट दर्द और उल्टी की शिकायत होना पता चला है।

दीपक चौहान एसडीएम ने बताया कि खाद्य विभाग की टीम अभी जांच कर रही है। कुछ पैक्ड आइटम एक्सपायरी मिले हैं। 100 ज्यादा बच्चों के बीमार होने की सूचना स्कूल प्रबंधन से मिली।

### स्कूल प्रबंधन ने कहा- 30 से 35 मेल आए हैं

- मालमे में जब स्कूल प्रबंधन से बात की तो रिचा तिवारी, कॉर्डिनेटर ने कहा कि स्कूल में पूरी क्वालिटी मेंटेन की जाती है। यहां कीचन भी ओपन है और आरओ का पानी ही इस्तेमाल किया जाता है। कीचन को कभी भी कोई भी पेरेंट्स चेक कर सकता है। स्कूल में सभी जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं।
- रिचा तिवारी ने कहा मेल और सुबह स्कूल आए बच्चों की शिकायत और कुछ फोन कॉल मिलाकर अनुमानित 100 से 150 बच्चे हैं, लेकिन टोटल कितनी संख्या है ये कहना मुश्किल है। हमारे लिए अभी डेटा महत्वपूर्ण नहीं है, बच्चे जरूरी हैं।
- हमने स्कूल में भी बच्चों को ओआरएस भी दिया है, जिनके फोन आए उन्हें भी कहा। उन्होंने कहा कि कोई आरोप लगाता है तो प्रुफ भी देना चाहिए। यहां तीन हजार बच्चे और सभी को मिलाकर 3800 से ज्यादा लोग है, सभी यहां खाना खाते है। अगर खाने से होता तो केस कुछ ही घंटों में आ जाते।
- क्या प्रॉब्लम है ये सामने आना बाकी है। हमने वॉटर टेस्ट आज भी कराया है। आईस्क्रीम की एक्सपाइरी डेट भी अगले साल तक की है।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

सोमवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें कुछ पेरेंट्स स्कूल में हंगामा करते नजर आ रहे हैं। कुछ पेरेंट्स कह रहे हैं कि यहां पर स्टाफ के दो से तीन लोग हैं, जबकि इतने सारे पेरेंट्स हैं आप स्थिति को तो समझिए। यहां पेरेंट्स परेशान हो रहे हैं, इतने सारे पेरेंट्स खड़े हैं। हालांकि ये वीडियो कब का है ये क्लियर नहीं हुआ है।

---

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस का मंथन शुरू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने कहा

# ज्यादा अंतर से हारे वार्डों की जिम्मेदारी बड़े नेताओं को

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अभी से मंथन शुरू कर दिया है। इंदौर के कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में इसकी तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इसमें मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इंदौर नगर निगम चुनाव में जिन वार्डों में कांग्रेस की ज्यादा अंतर से हार हुई है, उन वार्डों का प्रभारी बड़े नेताओं को बनाया जाएगा। सभी प्रमुख नेताओं को उनके निवास क्षेत्र के बूथों की कमान सौंपी जाएगी।

पटवारी सोमवार को गांधी भवन में कांग्रेस के सभी वार्ड अध्यक्षों, वार्ड प्रभारियों और महिला वार्ड प्रभारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें अपने संगठन को वार्ड और बूथ स्तर तक खड़ा करना है।



इसके साथ ही मतदाता सूची के हर पन्ने के लिए प्रभारी नियुक्त करना है। हमें हर गली, मोहल्ले और कॉलोनी में लोगों को यह बताना होगा कि क्षेत्र के अपराधी किन लोगों के साथ घूम रहे हैं और उन्हें भाजपा का कौन-सा नेता संरक्षण दे रहा है।

उन्होंने कहा कि इंदौर नगर निगम भ्रष्टाचार का गढ़ बना हुआ है। कार्यकर्ताओं को इस बात पर ध्यान देना होगा कि उनके वार्ड के लिए कौन-कौन से विकास कार्य मंजूर हुए हैं और यह भी जांचना होगा कि वे कार्य सही तरीके से हो रहे हैं या नहीं। यदि कहीं कोई गड़बड़ी हो रही है, तो इसकी जानकारी जनता तक पहुंचानी होगी और यह बताना होगा कि किस तरह भाजपा ने नगर निगम के माध्यम से विकास कार्यों को कमाई का जरिया बना लिया है।

- पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि हमें संगठन को खड़ा करने के लिए पूरी ताकत लगाना होगी। जब सभी मिलकर प्रयास करेंगे, तभी संगठन बेहतर तरीके से तैयार होगा। सत्यनारायण पटेल ने कहा कि इंदौर के एक वार्ड को कांग्रेस की मजबूती के लिए वे स्वयं गोद लेने को तैयार हैं। उस वार्ड को कांग्रेस के लिए अनुकूल बनाने का काम किया जाएगा।

- प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने कहा कि भाजपा सरकार से आम जनता निराश हो गई है। ऐसे में जनता की उम्मीद कांग्रेस से ही बनी हुई है। इस मौके पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने इंदौर शहर में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह कांग्रेस को वार्ड और बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में प्रदेश सचिव राजेश चौकसे, विनय बाकलीवाल, दीपू यादव, राजा चौकसे, पिंटू जोशी, शैलेश गर्ग और अमन बजाज ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

---

# एमसीए की छात्रा ने लगाई फांसी परीक्षा के तनाव की आशंका

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली एमसीए की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुरूआती जांच में सामने आया है कि छात्रा परीक्षा को लेकर तनाव में थी। पुलिस ने मामला जांच में लिया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है।

परदेशीपुरा थाना प्रभारी आरडी कानवा के अनुसार मृतका रेखा (22) पुत्री उत्तम गाढे मूल निवासी बुरहानपुर थी। वह पिछले एक साल से इंदौर में रहकर चमेली देवी कॉलेज से एमसीए की पढ़ाई कर रही थी। रविवार रात करीब 11 बजे रेखा की सहेलियों ने उसे कमरे में फंदे पर लटका हुआ देखा। बताया जा रहा है कि रविवार शाम सहेलियों ने उसे राजबाड़ा घूमने चलने के लिए कहा था, लेकिन उसने जाने से मना कर दिया था। बाद में जब सहेलियां वापस लौटीं तो वह कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी मिली। पुलिस ने मौके पर मौजूद सहेलियों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि रेखा एमसीए सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा दे रही थी। उसके कुछ पेपर खराब हो गए थे, जिसके कारण वह काफी तनाव में थी। पिछले कुछ दिनों से वह पढ़ाई भी ठीक से नहीं कर पा रही थी और परेशान रहने लगी थी। पुलिस को मौके से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सोमवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। वहीं, छात्रा के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

---

मंत्री विजयवर्गीय बोले- मुस्लिम हमें काफिर बोलते हैं

# हम काफिर हैं तो हमारी बनाई सड़क पर मत चलो

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में कहा- यहां सड़क बन रही है। यहां हिंदू भाई भी रहते हैं और मुस्लिम भाई भी रहते हैं। कई मुस्लिम भाई हमको काफिर बोलते हैं। अगर हम काफिर हैं, तो हमारी बनाई सड़क पर मत चलो। आपके घर में लाड़ली बहना-लाड़ली लक्ष्मी योजना का पैसा आ रहा है, तो मत लो।

उन्होंने कहा, हमने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। हमने कहा है- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास। यही हमारी नीति रही है। आप हमें वोट दो या नहीं दो, हमारा काम जनता की सेवा करना है। जनता की



सेवा करना उनका दायित्व है। राजनीतिक समर्थन मिले या न मिले, विकास कार्य जारी रहेंगे।

मंत्री विजयवर्गीय ने आगे कहा- उनकी सरकार और पार्टी ने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। उन्होंने कहा, हमने कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। आप वोट देंगे तो ज्यादा दिल लगाकर काम करेंगे, नहीं देंगे तो भी करेंगे, लेकिन काम जरूर करेंगे।

### दो दिवसीय विकास कार्यक्रम का दूसरा दिन

जानकारी के अनुसार, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय रविवार को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-1 में आयोजित दो दिवसीय विकास कार्यक्रम के दूसरे दिन शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक-1 और वार्ड क्रमांक-5 के रहवासियों को कुल 2 करोड़ 39 लाख 80 हजार रुपए की लागत से होने वाले 10 विकास कार्यों की सौगात दी। इन विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम के दौरान विजयवर्गीय ने भाजपा कार्यकर्ता होने और जनप्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा करने को अपना सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा था कि पहला सौभाग्य भाजपा का कार्यकर्ता होना है। दूसरा सौभाग्य जनप्रतिनिधि बनकर जनता की सेवा करना है।

---

महेश्वर से घर जा रहे परिवार की

# भेरूघाट पर चलती कार में लगी आग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

रविवार रात आगजनी की दो अलग-अलग घटनाएं हुई। एक ओर भेरूघाट पर चलती कार में आग लग गई, वहीं शहर के झंडा चौक क्षेत्र में दो दुकानों में भी आग भड़क उठी। दोनों घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।

भेरूघाट स्थित भगवती ढाबे के पास रविवार रात कार में अचानक आग लग गई। शुरूआती जानकारी के अनुसार कार की बैटरी से धुआं निकलने के बाद आग भड़क गई और कुछ ही देर में वाहन आग की चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर मानपुर और सिमरोल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बताया गया है कि उज्जैन निवासी एक परिवार महेश्वर घूमकर लौट रहा था। हादसे के समय कार में छह वयस्क और दो बच्चे सवार थे। सभी सुरक्षित बाहर निकल आए। घटना की सूचना मिलते ही एफआरवी के जवान और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। परिवार को सुरक्षित दूसरी गाड़ी से उज्जैन रवाना किया गया। आग लगने के कारण घाट क्षेत्र में कुछ समय के लिए जाम की स्थिति भी बन गई थी। आग बुझने और वाहन हटाने के बाद यातायात सामान्य कराया गया। वहीं, शहर के जवाहर मार्ग स्थित रानीपुरा के पास झंडा चौक क्षेत्र में रविवार रात दो दुकानों में आग लग गई। स्थानीय लोगों के अनुसार कचरा जलाने के दौरान आग फैलकर दुकानों तक पहुंच गई। आग से मोहम्मद इख्तियार की स्क्रैप दुकान और पास स्थित मोहम्मद याकूब की दुकान प्रभावित हुई।

---

एक तबादले ने उजागर की शिक्षा विभाग की बड़ी चूक

# दो साल तक पोर्टल पर चलता रहा बंद स्कूल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मप्र का स्कूल शिक्षा विभाग अक्सर अपने अजीबोगरीब कारनामों के लिए चर्चा में रहता है। अशोकनगर जिले से सामने आए एक मामले में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जो स्कूल सालों पहले डूब क्षेत्र में आकर पूरी तरह बंद हो चुका था, उसे सरकारी रिकॉर्ड और पोर्टल पर सक्रिय दिखाकर वहां बकायदा एक शिक्षक का तबादला कर दिया।

जब पीड़ित शिक्षक ने इस अस्तित्वहीन स्कूल में जाने से मना किया, तो अधिकारियों ने अपनी गलती सुधारने के बजाय उसे परेशान करना शुरू कर दिया। यह प्रशासनिक तानाशाही तब थमी जब मामला कोर्ट और कलेक्टर की चौखट पर पहुंचा। जबकि विभाग ने दिसंबर 2025 में एक साथ 11 सरकारी और 27 निजी स्कूलों के साथ ही पगरा स्कूल को पोर्टल से बंद किया जहां शिक्षक का ट्रांसफर किया गया था। यह पूरा मामला प्राथमिक शिक्षक रामगोपाल शिवहरे से जुड़ा है, जो शासकीय प्राथमिक विद्यालय मढ़ी तूमैन (विकासखंड अशोकनगर) में पदस्थ थे। 11 दिसंबर 2023 को विभाग द्वारा जारी एक मनमाने आदेश के तहत उनका तबादला शासकीय प्राथमिक विद्यालय पगरा विकासखंड चंदेरी (डाइस कोडः 23460509701) में कर दिया।

हकीकत में शासकीय प्राथमिक विद्यालय पगरा कोई चलता हुआ स्कूल नहीं था। कम नामांकन और डूब क्षेत्र में आ जाने के कारण यह स्कूल पूरी तरह से बंद हो चुका था और धरातल पर इसका कोई वजूद ही नहीं बचा था। लेकिन विभाग के एजुकेशन पोर्टल पर बैठे जिम्मेदारों ने बिना किसी भौतिक सत्यापन के इस बंद हो चुके स्कूल को जीवित दर्शा रखा था।

### पोर्टल पर चालू थे 11 सरकारी, 27 निजी स्कूल

जिले में पगरा प्राथमिक शाला अकेला ऐसा स्कूल नहीं था, जो चालू हो। जिले के विभिन्न विकासखंडों में कुल 11 सरकारी स्कूल पूरी तरह बंद हो चुके थे, लेकिन वे सभी पोर्टल पर चालू थे। इसके पीछे बीआरसीसी द्वारा बरती जा रही ढील थी, जो काम 2 साल पहले हो जाना था उसकी फाइल अफसरों तक 2 साल बाद पहुंचाई।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
जेके सीमेन्ट उज्जैन में
कम पढ़े लिखे व्यक्ति 12 हजार रुपये महीना, पीएफ/ई.एस.आई.सी./ चार छुट्टियां, 8 घंटे ड्यूटी
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर : जिसे कम्प्यूटर का ज्ञान हो (ऑफिस के लिए) सेलरी योग्यतानुसार।
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
22, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176
समय : 11:30 से 3 बजे तक

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com